रांची
मंगलवार
06.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-300 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

मनुष्य पुण्य का फल सुख चाहता है, पर पुण्य करना नहीं चाहता और पाप का फल दुःख नहीं चाहता पर पाप छोड़ना नहीं चाहता। इसीलिए सुख मिलता नहीं है और दुःख भोगना पड़ता है।

## देश में पहली बार झारखंड में वितरित किये गये फॉरेस्ट स्वायल हेल्थ कार्ड

### पर्यावरण को बचाने के लिए कई साकारात्मक कदम उठाये जा रहे : ख्यांगते

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आज हमारी पृथ्वी का भू-क्षरण एवं मृदा की उपजाऊ क्षमता का तेजी से ह्रास होता जा रहा है।

■ वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने विश्व मृदा दिवस पर आयोजित सेमिनार को किया संबोधित

साथ ही दिन-ब-दिन हरियाली कम होती जा रही है एवं उपजाऊ धरती सिकुड़ रही है। आज सम्पूर्ण विश्व धरती के इस मृदा अपरदन एवं बढ़ते मिट्टी कटाव से काफी चिंतित है। झारखंड का वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भी धरती की इस विषम परिस्थिति से चिंतित है एवं सारी दुनिया के साथ इस भू-संरक्षण एवं मृदा संरक्षण हेतु जन-जागृति पैदा करने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में पहली बार झारखंड में सभी वन प्रमंडल पदाधिकारियों को फॉरेस्ट स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया है। उक्त बातें वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल. ख्यांगते ने विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहीं। बता दें कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सोमवार को समान्य जन में जन-जागृति बढ़ाने हेतु बीएनआर चाणक्या होटल में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस मौके पर श्री ख्यांगते ने कहा कि विभाग द्वारा पर्यावरण को बचाने हेतु कई सकारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### इनकी रही उपस्थिति

**बैठक** में डॉ. संजय श्रीवास्तव, भावसे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक-एवं-वन बल प्रमुख, झारखंड, कुलवंत सिंह, भावसे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, रांची, दिक्षा प्रसाद, भावसे, मुख्य वन संरक्षक, प्रशिक्षण, रांची, शैलजा सिंह, भावसे, सदस्य सचिव, जैव विविधता पर्षद, झारखंड, रांची, डॉ. नितिन कुलकर्णी, आईएफपी निदेशक, अंजना तिर्की, भावसे, सिद्धार्थ त्रिपाठी, भावसे, मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान, रांची, विजय शंकर दुबे, भावसे, उप वन संरक्षक, प्रशिक्षण, रांची, डॉ. अंशु माली, आईआईटी (आईएसएम), धनबाद, डॉ. वीपी पावर, एफआरआई, देहरादून, अमरेश बिहारी झा, सीईओ, एसएआरडी, पटना एवं डॉ. एन. बाला, एफआरआई, देहरादून तथा अन्य मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता को झारखंड हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। दरअसल, भाजपा नेता ब्रह्मानंद नेताम पर जमशेदपुर में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और देह व्यापार में धकेलने का आरोप था। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने इस मामले को उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि जब झारखंड में रघुवर दास के नेतृत्व में सरकार थी, उसी समय ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ टेल्को थाना में 84/2019 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## न्यूज गैलरी

### एसडीपीओ को ईडी ने भेजा नोटिस

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन केस में गिरफ्तार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा से फोन पर बात करनेवाले साहिबगंज एसडीपीओ राजेंद्र दूबे को ईडी ने समन कर दिया है। ईडी ने जांच में बताया था कि पंकज मिश्रा ने 27 जुलाई से 20 अक्टूबर तक 300 से अधिक फोन कॉल्स किये थे। जांच में यह बात सामने आयी थी कि कई पुलिस अधिकारियों व नौकरशाहों को पंकज ने कॉल किया था। ईडी ने सोमवार को इसी मामले में राजेंद्र दूबे को समन कर दिया। उन्हें आठ दिसम्बर को ईडी के समक्ष हाजिर होना होगा। ईडी इसी मामले में मंगलवार को पंकज मिश्रा के करीबी सूरज पंडित से पूछताछ करेगी, वहीं चंदन यादव से सात दिसम्बर को पूछताछ की जायेगी। दोनों को ईडी ने 28 नवम्बर को समन किया था। पंकज मिश्रा के इन दोनों सहयोगियों के अलावे रिम्स में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के मोबाइल से बातचीत की पुष्टि हुई है।

### पंकज मिश्रा सीआईपी के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को रांची के कांके स्थित केंद्रीय मानसिक आरोग्यशाला यानी सीआईपी में करीब पांच घंटे तक काउंसिलिंग के बाद एडमिट किया गया है। उन्हें सीआईपी के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज डॉक्टर एसके मुंडा की देखरेख में शुरू कर दिया गया है। सीआईपी के निदेशक डॉक्टर डी. दास ने इसकी पुष्टि की है।

### गैंगस्टर गोपाल गिरोह के तीन गुर्गे गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक, लातेहार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा थाना क्षेत्र से शार्प सूटर सह गैंगस्टर गोपाल गिरोह के तीन गुर्गे गिरफ्तार किये गये हैं। इन अपराधियों के पास से एक राइफल, 17 प्रिंटेड पोस्टर व दो पर्चा बरामद किया गया है। ये लोग एसजेएमएम नक्सली संगठन में सक्रिय थे।

### दिव्यांग के साथ दुष्कर्म

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। घटना का विरोध करने पर आरोपियों ने परिजनों के साथ मारपीट भी की। दुष्कर्म की शिकार पीड़िता के पिता को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। तरहसी थाना प्रभारी कर्मपाल भगत ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है। पलामू में मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। आरोपियों ने पीड़िता के पिता और भाई के साथ मारपीट की है। पिता को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। पूरी घटना पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र की है। पूरे मामले में पीड़िता के पिता के आवेदन के आधार पर आधा दर्जन के करीब आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है।

## गुजरात में रिकॉर्ड तोड़ेगी बीजेपी सत्ता में बहुमत से वापसी के संकेत

### एक्जिट पोल : हिमाचल प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान सोमवार को सम्पन्न हो गया। अब आठ दिसम्बर को गुजरात के साथ ही हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों का इंतजार है। अगले 72 घंटे में यह तय हो जायेगा कि इस बार दोनों राज्यों में भाजपा वापसी करेगी या फिर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) बाजी मार ले जायेगी। हालांकि, इससे पहले सोमवार को आये एग्जिट पोल में गुजरात में 27 साल से सत्ता पर काबिज भाजपा रिकॉर्ड 7वीं बार सरकार बनाती दिख रही है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबले का अनुमान है। आप दांवों के मुताबिक कमाल करती नहीं दिखी।

एग्जिट पोल के मुताबिक गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड 7वीं बार बहुमत की सरकार बनने का अनुमान है। भाजपा को 117 से 151 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा है। वहीं, 2017 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा को तब 99 सीटें मिली थीं। यानी भाजपा अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर करती नजर आ रही है। इधर, कांग्रेस को एक बार फिर झटका लगने का अनुमान है। कांग्रेस को सर्वे में 30 से 51 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। पिछली बार कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं। वहीं, आम आदमी पार्टी अपने दांवों के विपरीत प्रदर्शन करती नजर नहीं आ रही है। यहां पार्टी तीन से 13 सीट के साथ खाता खोलती जरूर नजर आ रही है।

### हिमाचल में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला

**हिमाचल** प्रदेश के एग्जिट पोल में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों के लिए 12 नवम्बर को चुनाव हुआ था। अंतिम नतीजे आठ दिसम्बर को ही गुजरात के साथ सामने आयेंगे। एग्जिट पोल के मुताबिक, हिमाचल में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में सर्वे में भाजपा 32 से 40 के बीच यानी बहुमत के करीब दिख रही है, लेकिन कांग्रेस का भी आंकड़ा बहुमत को छूता नजर आ रहा है। कांग्रेस को भी 27 से 40 के बीच सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। यानी भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला लगभग बराबरी का है। वहीं, आम आदमी पार्टी सिर्फ एक सर्वे में एक सीट लाती दिख रही है।

**गुजरात विधानसभा चुनाव-2022**

**सीट : 182, बहुमत : 92**

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| टीवी-9 ऑन द स्पॉट | 128 | 45 | 04 | 05 |
| इंडिया न्यूज जन की बात | 117-140 | 51-34 | 13-06 | 01-02 |
| रिपब्लिक पी-मारक्यू | 128-148 | 30-42 | 02-10 | 00-03 |
| आजतक एक्सिस माय इंडिया | 129-151 | 16-30 | 09-21 | 02-06 |
| एबीपी सी-वोटर | 128-140 | 31-43 | 03-11 | 02-06 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 139 | 30 | 11 | 02 |
| जी न्यूज-बार्क | 110-125 | 45-60 | 01-05 | 00-04 |
| न्यूज 24 टुडेज चाणक्या | 150 | 19 | 11 | 02 |
| इंडिया टीवी | 112-121 | 51-61 | 04-07 | 01-03 |

**हिमाचल विधानसभा चुनाव-2022**

**सीट : 68, बहुमत : 35**

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| टीवी-9 नेटवर्क | 33 | 31 | 00 | 04 |
| न्यूज एक्स जन की बात | 32-40 | 27-34 | 00-00 | 00-00 |
| रिपब्लिक पी-मारक्यू | 34-39 | 28-33 | 00-01 | 00-00 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 38 | 20 | 00 | 00 |
| आजतक एक्सिस माय इंडिया | 24-34 | 30-40 | 00-00 | 04-08 |
| इंडिया टीवी | 35-40 | 26-31 | 00 | 00 |
| जी न्यूज-बार्क | 34-40 | 20-25 | 00-03 | 01-05 |
| न्यूज 24 टुडेज चाणक्या | 33 | 33 | 00 | 02 |

### ईडी को दिये बयान में विजय हांसदा का सनसनीखेज आरोप

## पंकज मिश्रा के खिलाफ केस करने पर हथियार प्लांट कर पुलिस ने फंसाया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी के गवाह विजय हांसदा को आर्म्स एक्ट के केस में जेल भेजने के मामले में साहिबगंज पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गयी है। विजय हांसदा ने ईडी को दिये बयान में बताया है कि पंकज मिश्रा के खिलाफ थाने व फिर कोर्ट में शिकायत करने के बाद लगातार उसे धमकी मिल रही थी। वहीं, विजय हांसदा का आरोप है कि 11 नवम्बर को साहिबगंज की जिरवाबाड़ी थाने की पुलिस ने उसे व उसके बेटे मनोज हांसदा को घर से उठाया। इसके बाद उसे जिरवाबाड़ी थाना ले जाया गया। विजय ने बताया है कि वहीं पुलिसवाले हथियार लेकर आये, इसके बाद हथियार के साथ उसकी गिरफ्तारी दिखाते हुए जेल भेज दिया गया।

■ ईडी के गवाह विजय हांसदा के आरोपों से साहिबगंज पुलिस की बढ़ सकती है मुसीबत
■ जांच में जुटी ईडी, एसपी ऑफिस से कौन धमकाता था

### क्या कहा था साहिबगंज पुलिस ने विजय की गिरफ्तारी के बाद



विजय हांसदा को गिरफ्तार किये जाने के बाद साहिबगंज पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी। इसमें बताया गया था कि जिरवाबाड़ी के एसआई अनुपम प्रकाश को सूचना मिली थी कि ग्राम भवानी चौकी के पास विजय हांसदा व मनोज हांसदा के द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है। जिसके बाद टीम गठित कर एसआई प्रकाश रंजन, एएसआई ब्रजनंदन चौधरी ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की। इस दौरान हथियार के साथ विजय व मनोज को गिरफ्तार करने की बात पुलिस ने कही थी। पुलिस ने दो देशी राइफल बरामदगी की जानकारी भी मीडिया को दी थी।

### केस करने के बाद मिलती थी धमकी

**विजय** ने ईडी को बताया है कि नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन के मामले में पंकज मिश्रा के खिलाफ उसने थाने में शिकायत की थी। लेकिन थाना ने उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की। बाद में मजबूरन वह कोर्ट गया, जहां कोर्ट कंप्लेन के बाद केस करने का आदेश कोर्ट ने दिया, लेकिन इसके बाद से पुलिस लगातार केस वापसी का दबाव डालने लगी। केस वापस लेने के लिए जबरन सादे कागज पर हस्ताक्षर लिया गया। इस दौरान पुलिस के पास गये लोगों के पास एसपी ऑफिस से लगातार कॉल आ रहा था। जेल भेजकर पुलिस ने उस मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की, जिसमें पंकज मिश्रा को उसने आरोपी बनाया था।

## लालू प्रसाद की किडनी ट्रांसप्लांट सफल, बेटी रोहिणी बनी डोनर



**सिंगापुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट सफल हो गया है। ऑपरेशन के लिए बेटी रोहिणी ने किडनी दान की। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सिंगापुर में इलाज करा रहे हैं। पिता के सफल ऑपरेशन की जानकारी बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दी है। पूरा परिवार सिंगापुर के अस्पताल में मौजूद है। तेजस्वी ने ट्वीट किया कि पापा का किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने के बाद उन्हें ऑपरेशन थियेटर से आईसीयू में शिफ्ट किया गया। डोनर बड़ी बहन रोहिणी आचार्य और राष्ट्रीय अध्यक्ष दोनों स्वस्थ हैं। आपकी प्रार्थनाओं और दुआओं के लिए साधुवाद। राजद प्रमुख के ऑपरेशन से पहले ही तेजस्वी और उनके राजनीतिक सलाहकार संजय यादव, लालू के करीबी भोला यादव भी सिंगापुर पहुंच गये थे। खबर है कि लालू की पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती भी अस्पताल में मौजूद हैं। वरिष्ठ नेता और बेटी रोहिणी आचार्य को रविवार को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर, बिहार के मंत्रियों और विधायकों ने दानापुर पूजा की। इसके अलावा स्थानीय लोगों ने हवन भी किया। दानापुर के काली मंदिर में विधायकों और मंत्रियों ने जलाभिषेक और हवन किया।

## बिना जांच-पड़ताल के पुलिस ने एक दिन में दी थी क्लीनचिट, एसपी को नोटिस भेजेगी ईडी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम को एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही साहिबगंज पुलिस ने क्लीनचिट दे दी थी। ईडी ने सोमवार को बरहरवा टॉल प्लाजा के टेंडर को लेकर हुए विवाद से जुड़े केस में अनुसंधानकर्ता सरफुद्दीन खान को पूछताछ के लिए बुलाया था।

अनुसंधानकर्ता से केस से जुड़े सारे कागजात की मांग ईडी ने की थी। अनुसंधानकर्ता ने बताया कि वरीय अधिकारियों के कहने पर केस में पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम को अगले ही दिन क्लीनचिट दे दी गयी थी।

■ न ऑडियो की जांच हुई और न वादी की गवाही
■ साहिबगंज के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा व डीएसपी प्रमोद मिश्रा को नोटिस भेजेगी ईडी

**22 जून को केस हुआ, 23 जून को सुपरविजन में क्लीनचिट :** ईडी ने बरहरवा टॉल प्लाजा केस की पड़ताल में पाया है कि 22 जून 2020 को ठेकेदार शंभूनंदन भगत ने पंकज मिश्रा, आलमगीर आलम समेत 11 लोगों पर नामजद केस कराया था, लेकिन केस में 23 जून 2020 को बरहरवा के डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने दोनों हाईप्रोफाइल आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। इस मामले में डीएसपी ने न तो वादी का बयान लिया, न ही वायरल ऑडियो की ही जांच करायी। इस केस में वादी शंभूनंदन भगत के द्वारा दिये गये तथ्यों की जांच भी पुलिस ने नहीं की। इससे पहले मामले में शंभू भगत को धमकाने का वी

**साहिबगंज एसपी व डीएसपी को ईडी का समन जल्द :** ईडी ने केस की समीक्षा के बाद आये तथ्यों व केस के अनुसंधानकर्ता के बयानों के बाद साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा और केस के सुपरविजन करनेवाले डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को समन भेजने का फैसला लिया है। जल्द ही ईडी दोनों पुलिस पदाधिकारियों को समन भेज मामले में पक्ष लेगी।

## भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना सभी के लिए गौरव की बात : पीएम

### भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक का पीएम ने किया उद्घाटन, विभिन्न मुद्दों पर की जायेगी चर्चा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना सभी नागरिकों के लिए गौरव की बात है और यह भारत, भारतीयता और भारतीय संस्कृति को विश्व में स्थापित करने का अवसर है। मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। प्रधानमंत्री के संबोधन की प्रमुख बातें मीडिया से साझा करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में काशी-तमिल सम्मेलन के आयोजन का उल्लेख किया और इसे "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" का शानदार उदाहरण बताया। मोदी ने कहा कि उन्होंने हैदराबाद में हुई भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में "स्नेह मिलन" का विचार प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने भाजपा नेताओं का आह्वान किया कि सीमा से लगे गांवों का दौरा करते रहें और वहां रहनेवाले लोगों से मिलते रहें, ताकि उनमें देश से कटनेवाली भावना विकसित न हो। सिंह के अनुसार, मोदी ने कहा कि ऐसे गांवों को ऐसे स्थानों के रूप में विकसित किया जाये, जिनके प्रति पर्यटक आकर्षित हों।




### आगामी विधानसभा चुनावों पर भी किया जायेगा विचार-विमर्श

**दो** दिवसीय बैठक के दौरान विभिन्न सामयिक मुद्दों पर चर्चा की जायेगी और आगामी विधानसभा चुनावों पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा। इससे पहले, भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। नड्डा की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाना है, राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर के अलावा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया जाना तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की भी समीक्षा की जानी है। बैठक में सभी राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी, विभिन्न मोर्चा के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेशों के संगठन महामंत्री भी हिस्सा ले रहे हैं।

# न्यूज गैलरी

## संजीवनी क्रांति महिला ग्राम संगठन चकला ने चलाया गया जागरूकता अभियान

**ओरमांझी।** संजीवनी क्रांति महिला ग्राम संगठन चकला के द्वारा सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान मे महिलाओं ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा व्यक्ति के मूल्य और आत्मसम्मान की भावना को कमजोर करती है। इसीलिए सखी मंडल के समूह खुद आत्मनिर्भर बन रही है। अधिक से अधिक महिलाएं संगठन से जुड़कर स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है। आगे महिलाओं ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेगी तभी महिलाएं सशक्त बनेगी और आगे बढ़ेगी।

## कैंसर पीड़ित मृतिका के परिवार से मिलीं विधायक



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत टांगर पंचायत के ग्राम बेजांग की एक महिला बेरोनिका लकड़ा, उम्र-48 , विगत दो महीने से कैंसर बीमारी से ग्रासित थी इलाज के लिए रांची से दिल्ली ले जाया गया था, दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया। इसकी जानकारी कुछ दिन बाद कार्यकर्ता व ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मृतक के आवास पहुंचकर परिवार वालों से मिल उन्हें ढांढस बंधाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद लाल, कार्यकर्ता सुधीर एवं अन्य उपस्थित थे।

## अमर ज्योति स्कूल में अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कार्यक्रम में पहुंचीं विधायक



**चान्हो।** सोमवार को आयोजनकर्ताओ ने पारम्परिक तरीके से स्वागत करते हुए, अतिथियों को मंच तक लाया। जहां दिब्यांग बच्चों ने पुष्प गुच्छा देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम को बहुत मेहनत के साथ सराहनीय रुप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे दक्षता प्राप्त बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया। साथ ही विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधन भी किया। मौके पर विभिन्न पंचायत के मुखिया, अंचलाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

## बीएयू में आज 67 वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी का 67 वाँ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जायेगा। विश्वविद्यालय के आरएसी ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राए भी शामिल होंगे। यह जानकारी निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद ने दी।

## राज्यपाल को स्वरचित पुस्तक भेंट की

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेश बैस से सोमवार को झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय, राँची के कुलसचिव कर्नल (रि.) डॉ. राजेश कुमार ने राज भवन में स्वरचित पुस्तक रेड कॉरीडोर और साइबर सेकुरिटी की कापी भेंट की।

## प्रखंड के नये शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संभाला पदभार

**इटकी।** प्रखंड के नए शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। वहीं सेवानिवृत्त बीईओ अनुराधा रानी को उपहार देकर विदाई दी गई। नए बीईओ ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारी निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचकर ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वाहन करें, ताकि सभी प्रशासनिक कार्य सहज हो सके।

### उपायुक्त ने जिला अस्पताल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# कई एजेंडा पर समिति ने प्रदान की स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को जिला अस्पताल प्रबंधन समिति (गवर्निंग बॉडी) की बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी-सह- अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में माननीय विधायक रांची श्री सीपी सिंह, सिविल सर्जन रांची, निदेशक रिम्स, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी-1 रांची, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला अस्पताल प्रबंधक, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समिति द्वारा पिछली गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिये गये निर्णयों की समीक्षा करते हुए विभिन्न एजेंडा पर विचार-विर्मश कर स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सदर अस्पताल में सिंगल-डबल रुम, पैथोलॉजिकल और अन्य दरों पर संशोधन हेतु विचार विमर्श करते हुए समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में 247 मेडिकल शॉप को लेकर भी चर्चा की गयी। जिसकी व्यवस्था किये जाने को लेकर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। डॉक्टर्स, पारा मेडिकल और टेक्निल स्टॉफ की नियुक्ति, सदर अस्पताल परिसर के सौदर्यीकरण, ओपीडी, आईपीडी और ओटी के लिए चिकित्सकीय यंत्रों की खरीद के लिए भी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। समिति द्वारा आवश्यक मैन पावर आउटसोर्स करने की बात कही गयी।

## नामकुम लैम्पस का रोशनदान तोड़कर तीन लाख 11 हजार रुपये की चोरी

**नामकुम।** प्रखंड परिसर स्थित लैम्पस में चोरों ने रोशनदान तोड़कर लगभग तीन लाख 11 हजार रुपये नगद चुरा लिया। लैम्पस प्रबंधक नीरज कुमार ने नामकुम थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि सोमवार की सुबह नौ बजे जब वे कर्मचारियों के साथ लैम्पस पहुंचे तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला लगा हुआ था। लेकिन खाद-बीज भंडार के शटर का लॉक टूटा था, अंदर जाने पर जमा वृद्धि शाखा में फिक्स कर रखे गए लाकर भी टूटे थे और उसमें रखे तीन लाख 11 हजार रुपये गायब थे। लैम्पस प्रबंधक ने बताया कि शनिवार की शाम घटना को अंजाम दिया गया होगा। नामकुम थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है, इसे लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।

### रातू बड़काटोली में झामुमो पंचायत समिति का गठन

# कुर्बान अंसारी अध्यक्ष व सुजीत तिर्की बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** रातू प्रखंड के बड़काटोली पंचायत में सोमवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कुर्बान अंसारी को अध्यक्ष व सुमित तिर्की को सचिव चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष बबलू ऊरॉव, कोषाध्यक्ष बसंत उरांव, संगठन सचिव ऐनुल अंसारी को बनाया गया।वही आनंद कुमार गुप्ता, अनिल उरांव ,अमन अंसारी, सोनू अंसारी, आसिफ रजा, सोलोक नागाची, विपिन खलखो, अनूप नायक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, ग्राम प्रधान देबिया उरांव, अनिल उरांव, रिंकू अंसारी, जाबिर अंसारी, सुनील उरांव, फगुआ उरांव, शमशाद अंसारी, अनूप नायक, भादवा ऊरॉव एवं दर्जनो पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रांची, हटिया, मुरी, लोहरदगा व झालिदा स्टेशन पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत रांची रेल मंडल पर निरंतर एटीवीएम , अनारक्षित टिकट प्रणाली तथा मासिक सीजन टिकट से संबन्धित जागरुकता अभियान चलाये जाते हैइसी के अंतर्गत मण्डल के वाणिज्य विभाग द्वारा रांची, हटिया, मुरी, लोहरदगा एवं झालिदा स्टेशन पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया` अभियान में यात्रियों को एटीवीएम तथा मोबाइल पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की सुविधाओं, इस्तेमाल तथा इनके द्वारा टिकट प्राप्त करने की जानकारी दी गयी साथ ही यात्रियों को मासिक सीजन टिकट बनवाने की प्रक्रिया एवं उसके लाभ से भी अवगत कराया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को अनारक्षित टिकट प्रणाली के द्वारा टिकट बुक करने से होने वाले लाभ जैसे अनारक्षित टिकट के लिए कतार में इंतजार करने की जरूरत नहीं, कागज रहित और पर्यावरण अनुकूल, एक बार टिकट बुक हो जाने पर टिकट को इंटरनेट कनेक्शन के बिना ही ऑफलाइन मोड में टीटीई को दिखाया जा सकता है, चलते चलते बुकिंग :- यात्री जो जल्दी में रहते हैं या अंतिम समय पर यात्रा का फैसला करते हैं वे स्टेशन पर विभिन्न स्थानों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर टिकट बुक कर सकते है, पूरी तरह नकदी रहित :- ग्राहक रेल वालेट , डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई और ईवालेट जैसे डिजिटल भुगतान के सभी प्रकार के विकल्पों को उपयोग कर सकते हैं, सस्ता :- रेल-वालेट की सुविधा का उपयोग करने वाले ग्राहक को रिचार्ज पर 3 प्रतिशत बोनस की सुविधा मिलती है, आदि जानकारी दी गयी।

## गरीबों की लाइफ लाइन आज बन गई है मुसीबत : भाजपा

**रांची।** रिम्स की बदहाल व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला के नेतृत्व में रिम्स प्रशासनिक भवन के बाहर एकदिवसीय धरना दिया गया। इसमें भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। नेताओं ने अस्पताल की ध्वस्त हो रही व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि तीन साल में सभी विभागों का बंटाधार तो हुआ ही, साथ ही गरीबों की लाइफ लाइन कही जाने वाली रिम्स उनके लिए ही मुसीबत बन गई है। लिफ्ट में मरीज की मौत हो जा रही है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि राज्य के सबसे प्रमुख अस्पताल, रिम्स की व्यवस्था आज पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी कमीशन खोरी में डूब चुके हैं।

### आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के शिक्षकों को पासवा ने किया सम्मानित

# शिक्षक के बिना भविष्य की कल्पना कर पाना मुश्किल : डॉ.रामेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षकों को रांची यूनिवर्सिटी स्थित दीक्षांत मंडप में पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामल अहमद रिनपास निदेशक डॉक्टर जयंती सिमलय एलआर सैनी ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षक के बिना उज्ज्वल भविष्य की कल्पना कर पाना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कुम्हार गीली मिट्टी से सुंदर आकार की चीजें बनाते हैं जो देखने लायक होती है उसी प्रकार शिक्षक भी बच्चों को पढ़ा कर उसके भविष्य को गढ़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा देश एवं समाज को शिक्षित करने में निजी विद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। निजी विद्यालय आज शहरों से लेकरके गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रही है इसलिए हम लोगों का भी फर्ज बनता है कि हमें निजी विद्यालय एवं उनके शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सम्मानित करें। इस अवसर पर आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी को ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए डॉ रामेश्वर उरांव ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ स्कूल के सभी सहायक शिक्षकों को भी उन्होंने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अमीन अंसारी ने कहा कि हमें गर्व है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए हमारे विद्यालय का चान्हो से चयन हुआ और हमें सम्मान मिला। इससे हम लोगों को एक नई ऊर्जा मिली है और हम लोग अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक मेहनत करेंगे और क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में निदेशक अमीन अंसारी, उप प्रधानाध्यापक बुद्धदेव उरांव, सहायक शिक्षक कलीमुल्लाह अंसारी, सद्दाम हुसैन, मेराज अंसारी, दिलीप महतो, अतिउर रहमान खान, संजय भगत, इझारुल अंसारी, अजमेरी खातून ,शमा रानी, सोनाली उरांव, पुनीता कुमारी एवंअनिता कुमारी शामिल थीं।

### रुक्का के पीएचईडी प्लांट के कर्मी मानदेय भुकतान को लेकर धरना पर बैठे

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद काम पर लौटे कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** पीएचईडी रूक्का के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने सोमवार को आउट सोर्सिंग कर्मचारी संघ के बैनर तले प्लांट के मुख्य द्वार पर अपनी मानदेय भुगतान व अन्य कई मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे। इस दौरान कर्मियों ने मानदेय मासिक भुगतान व अन्य मांगे पूरी नहीं होने पर कंपनी के विरुद्ध नारे भी लगाए। कर्मियों का कहना था कि काम के बदले समय पर मासिक भुगतान नहीं किया जाता है, साथ ही कर्मियों ने कहा कि पीएफ और सुरक्षा किट देने की बात कंपनी द्वारा की गई थी लेकिन कर्मियों को सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है। मासिक भुगतान हमेशा दो या तीन बाद होता है जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है।कम्पनी से नाराज कर्मियों ने 5 दिन पहले ही काला बिल्ला लगाकर कंपनी को चेताया था कि अगर हम लोगों से वार्ता करके मांगे पूरी नहीं की जाती है तो रांची वासियों के लिए पूरी तरह से जलापूर्ति ठप कर दिया जाएगा। अपनी घोषणा के अनुसार पीएच ईडी रूक्का के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सोमवार को काम छोड़ने कर पानी सप्लाई बंद करने की कोशिश कर ही रहे थे कि ओरमांझी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को पानी सप्लाई बंद करने से मना कर दिया, लेकिन दिन भर प्रदर्शन चलता रहा। संध्या 4 बजे पीएचईडी के सीईओ निरंजन दास एवं अंचल पदाधिकारी विजय केरकेट्टा मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों के साथ बैठक किया। वार्ता के बाद सभी कर्मचारी अपने अपने काम पर वापस लौट गए। वार्ता करने पहुँचे अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 2 दिन के अंदर एमडी यहां आकर वार्ता करेंगे और आपलोगों की जो मांग है उसे पूरा किया जाएगा। मौके पर अधिकारियों ने कहा जितना जल्द हो सके आप सबों का मांग 15 दिसंबर 2022 के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

## वार्ता विफल, आज बोर्ड मुख्यालय के सामने प्रदर्शन तथा कल से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

रांची। अपने मांगों के समर्थन में झारखण्ड पावर वर्कर्स यूनियन के घोषित आंदोलन के आलोक में सोमवार को प्रबंधन के द्वारा वार्ता बुलाया गया। वार्ता में प्रबंधन के द्वारा पुनः एक बार कर्मचारियों को झुठा आश्वासन देने का कार्य कर रही थी जिसका यूनियन ने पुरजोर विरोध किया। उन्होने कहा कि आश्वासन से काम नहीं चलेगा हमें इंप्लीमेंटेशन चाहिए परंतु प्रबंधन टालमटोल करती रही।अतः झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन वार्ता विफल करते हुए पूर्व घोषित कार्यक्रम दिनांक 6 दिसंबर को बोर्ड मुख्यालय के सामने प्रदर्शन तथा 7 दिसंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का कार्यक्रम किया जाएगा। संघ झारखण्ड सरकार से मांग करती है इस बिंदु पर जल्द हस्तक्षेप करें । सोमवार की वार्ता महाप्रबंधक (कार्मिक सामान्यप्रशासन) झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की अध्यक्षता में हुई।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**नाम–नेहा कुमारी शर्मा, उम्र–20 वर्ष, रंग–साँवली, उँचाई–5 फीट 2 ईंच, पहनावा– काला टोप और जीन्स पैंट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला नेहा कुमारी शर्मा, पिता–स्व0 मनोज कुमार, पता–आनंन्द विहार टंगरा टोली, थाना–सदर, जिला–राँची, जो दिनांक 09.11.2022 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना सनहा संख्या –12/22 दिनांक–12.11.2022, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। –9431102090

थाना प्रभारी सदर, राँची। –9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR.NO.284204 Police(22-23):D


### कांके स्थित रांची कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर के सहयोग से बीएयू में कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का हुआ आयोजन

# चिकित्सकों ने कैंसर के लक्षण, बचाव व इलाज सबंधी दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** बीएयू के विश्वविद्यालय अस्पताल में सोमवार को कांके स्थित रांची कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के सहयोग से कैंसर स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। बीएयू के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। उमा शंकर वर्मा के सहयोग एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए शिविर लगाकर निः शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग अभियान चलाया। शिविर में केंद्र की चिकित्सक डॉ आशा वर्मा एवं डॉ जानकी ने 50 से अधिक विश्वविद्यालय कर्मियों की मुंह की कैंसर, स्तन की कैंसर, स्तम्भ का कैंसर, बच्चेदानी के मुँह का कैंसर, हेपाटाइटिस बी, मधुमेह एवं उच्च रक्त चाप की चिकित्सा जांच की। साथ ही कैंसर के लक्षण, बचाव एवं ईलाज सबंधी जानकारियां दी। इस अभियान को केंद्र के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निलेश कुमार एवं व्यवसाय विकास प्रबंधक मुकुल कुमार घोष के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ संजुला बक्स्ता, आशा अनीता तिग्गा, श्रेया मिंज, अभिषेक कुमार, रंधीर कुमार एवं दया पराशर द्वारा संचालित किया गया। मौके पर कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने चिकित्सकों से कैंसर रोग में अग्रिम सावधानी, रोग के विभिन्न लक्षण, चिकित्सा की विधि एवं चिकित्सा पर व्यय सबंधी जानकारी प्राप्त की। रांची कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर को कैंसर सबंधी जागरूकता अभियान में पूरा सहयोग देने की बात कही। इस अभियान को विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों में चलाने पर बल दिया। चिकित्सकों ने बताया कि मल या मूत्र त्याग की आदत में बदलाव, कोई घाव जो भरे नहीं, असामान्य रक्तस्राव या स्राव, स्तन पर या कही ओर सघनता या गाँठ, खाने का हजम न होना या निगलने में कठिनाई, किसी मस्से या तिल में स्पष्ट बदलाव और लगातार खासी या आवाज का भारी होना कैंसर के प्रमुख लक्षण है। इनमें से कोई लक्षण दिखने पर कांके स्थित रांची कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर से चिकित्सा लाभ प्राप्त की जा सकती है।

## बीएयू में आज निः शुल्क दंत चिकित्सा शिविर

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय चिकित्सालय एवं ओम डेंटल एवं मेक्सिलो फेसीयल अस्पताल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय निः शुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। बीएयू के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमा शंकर वर्मा ने बताया कि इस शिविर में दांत दर्द, दांत से सबंधित अन्य रोग, मुख, मसुडा, पायरिया आदि रोगों की निः शुल्क जांच की जायेगी। यह शिविर बीएयू परिसर स्थित विश्वविद्यालय चिकित्सालय में प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा। शिविर में सभी विश्वविद्यालय कर्मी एवं सभी छात्र- छात्राएं निः शुल्क जाँच एवं परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में ओम डेंटल एवं मेक्सिलो फेसीयल अस्पताल के सर्जन डॉ सौरव मल्लिक, डॉ ओम प्रकाश एवं डॉ पूजा द्वारा दंत रोगों की जांच एवं परामर्श दी जायेगी।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**राज्य श्रम संस्थान, डोरण्डा, राँची**
(E-mail Id-statelabourinstitute2022@gmail.com)

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

प्रशिक्षुओं एवं Faculty Members के लिए तीनों समय के भोजनादि की आपूर्त्ति करने हेतु निविदा आमंत्रण

निविदा संख्या :–02/2022 | दिनांक :– 02.12.2022

संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2021 के माध्यम से झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा झारखण्ड नियोजन सेवा संवर्ग के नवनियुक्त 9 जिला नियोजन पदाधिकारी/नियोजन पदाधिकारी को झारखण्ड राज्य श्रम संस्थान, डोरण्डा, राँची में 30 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना है। इस प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं एवं Faculty Members को **कुल दर 350 रूपये + GST** की अधिसीमा में तीनों समय का भोजनादि की आपूर्त्ति करने हेतु विभिन्न प्रतिशठानों/व्यक्ति/एजेंसियों से मुहरबंद कोटेशन प्राप्त करने के लिए **दिनांक–14.12.2022 के अपराह्न 5.00 बजे तक** निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित कागजात की हार्ड कॉपी निदेशक, झारखण्ड राज्य श्रम संस्थान, डोरण्डा, राँची कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

ह०/–, निदेशक
झारखण्ड राज्य श्रम संस्थान, डोरण्डा, राँची

PR 284185 Labour Employment and Traning(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### भाजपा महानगर इकाई का रिम्स परिसर में धरना

**रांची** । राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति के विरोध मे भाजपा महानगर इकाई की ओर से राजधानी रांची के रिम्स परिसर में सोमवार को धरना दिया गया। धरना पर बैठे भाजपा नेताओं – कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए और प्रदेश मे बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की बहाली की मांग की। रांची विधायक सी पी सिंह भी धरना में शामिल हुए और रिम्स प्रबंधन को पूरी तरह फेल बताया । इस दौरान राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने भी अपने विचार रखे । मौके पर मौजूद अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य मे स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह लचर हो गई है।

### बारेन्दा क्लस्टर में महिला समूह ने की बैठक

**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जेएसएलपीएस के महिला समूह के सदस्यों ने सोमवार को बारेन्दा क्लस्टर के सीएलएफ कार्यालय में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक की। बैठक में सभी महिला समूह के सदस्यों को अपने-अपने गांव में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान रैली निकालने का निर्देश दिया गया। मौके पर ललित कुमार, धनीराम मुंडा, शंपा देवी, कुंती देवी और किरण देवी आदि मौजूद थे।

### उषा मार्टिन विवि में विश्व मृदा दिवस मनाया गया

**रांची।** उषा मार्टिन विवि में सोमवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का थीम मृदा जहां भोजन शुरू होता है इसका उद्देश्य मृदा प्रबंधन में बढ़ती चुनौतियों का समाधान कर, मिट्टी की जागरुकता बढ़ाना और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र और मानव कल्याण के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना था। विवि के कृषि संकाय ने उन्नत भारत अभियान और एनएसएस विंग के सहयोग से चिलदाग गांव में किसानों के साथ संवाद किया। विवि बीएससी (ऑनर्स) कृषि के अंतिम वर्ष के छात्रों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ और पंजीकरण प्रक्रिया, झारखंड की अम्लीय मिट्टी के सुधार के बारे में किसानों को जागरूक किया। छात्रों ने किसानों के बीच विभिन्न सब्जियों के बीज का वितरण किया। मौके पर छात्रों के लिए मॉडल मेकिंग प्रदर्शनी, रंगोली, भाषण और क्विज आयोजित की गई। मौके पर मुखिया दुर्गा पाहन, प्रधान श्रीनाथ मुंडा, कुलसचिव डॉ अनिल मिश्र, वित्त अधिकारी रेणुलाल, तनिजार मुंडा और मनीषा कुमारी आदि मौजूद थे।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सीलबंद निजी गोदाम की जांच में रखे अनाज गायब पाया

रांची। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने सोमवार को रातू के झखराटांड़ स्थित एक सीलबंद निजी गोदाम की जांच की। जांच के क्रम में गोदाम में रखे अनाज गायब पाया। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुये कहा कि माफियाओं का एक बड़ा गिरोह सक्रिय है। मामले को लेकर थाने में अविलंब प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा।

### पैरा सेटिंग थ्रोबॉल के खिलाड़ी रांची लौटे

रांची । पैरा सेटिंग थ्रोबॉल में महिला वर्ग और पुरुष वर्ग में जीत कर आने वाले सभी खिलाड़ी सोमवार की सुबह 9:00 बजे रांची रेलवे जंक्शन पर पहुंचे परंतु इन खिलाड़ियों को रिसीव करने के लिए स्वागत करने के लिए कोई भी अधिकारी या राजनेता उपस्थित नहीं हुए और न मंत्री, खेल विभाग के कोई पदाधिकारी और ना ही कोई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। इससे निराश हो कर सभी खिलाड़ी अपने से ऑटो रिक्शा रिजर्व कर राजभवन के समीप पिछले 10 दिनों से दिव्यांग जनों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है वहां पर पहुंच गए क्यों की धरना में होने के कारण रेलवे स्टेशन नहीं जा पाए , जब सभी खिलाड़ी धरना का समर्थन करने पहुंचे तो वहां पर मौजूद संस्था के सचिव मुकेश कंचन, झारखंड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सरिता सिन्हा, झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के संयोजक कोरियो कुमार ने धरना स्थल पर सम्मानित किया एवं अन्य दिव्यांग जन भी वहां जाने के बाद सभी दिव्यांग खिलाड़ियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किए जहां पर धरना चल रहे। उसके बाद सभी खिलाड़ी धरना के समर्थन में बैठ गए ।

---

बच्चों का संरक्षण व परिवार आधारित देखभाल के विषय पर राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित

# बाल विवाह पर रोक लगाना हम सभी का दायित्व : राजेश्वरी बी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था एवं चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के तत्वाधान में सोमवार को बच्चों के परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करने एवं बाल विवाह की रोकथाम विषय पर एक राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला के दौरान राज्य में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बच्चों के परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित कर जमीनी स्तर पर ऐसी व्यवस्थाओं को स्थापित करने पर चर्चा हुई, जिससे बच्चों के परिवार से अनावश्यक अलगाव को रोका जा सके जो बच्चे किसी कारण से बाल देखरेख संस्थानों में रह रहे हैं, उन्हें भी यथाशीघ्र अपने परिवार अथवा वैकल्पिक परिवार में पुनर्स्थापित किया जा सके किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम) 2015 में बाल देखरेख संस्थान को अंतिम विकल्प के रूप में स्पष्ट उल्लेख किया गया है। कार्यशाला के दौरान आयोजित पैनल परिचर्चा में गैर-संस्थागत परिवार आधारित देखभाल के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई तथा इसे सुनिश्चित करने में विभिन्न हितधारकों के परस्पर समन्वय एवं समेकित प्रयास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गयो कार्यशाला के दौरान राज्य सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत परिवार आधारित गैर संस्थागत देखभाल के क्रियान्वयन में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए एक राज्यव्यापी रणनीति के निर्माण की पहल की गई, जिसके लिए राज्य स्तर पर के कार्यकारी समूह बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यशाला के दूसरे चरण में राज्य में बच्चों के अधिकारों के हनन से जुड़े एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे बाल विवाह पर चर्चा की गई । मनरेगा एक श्रीमती राजेश्वरी बी द्वारा राज्य में बाल विवाह को एक गंभीर समस्या बताते हुए विभागीय स्तर पर विभिन्न हितधारकों के समन्वय से इसकी रोकथाम हेतु कार्ययोजना को मूर्त रूप देने की बात कही गई।

**कठिन परिस्थिति में रहने वाले बच्चों का मैपिंग तैयार किया जा रहा है**

उन्होंने कहा कि जिले के जितने भी कठिन परिस्थिति में रहने वाले बच्चे हैं उनकी मैपिंग करने में जिला प्रशासन अपने स्तर से सहयोग प्रदान कर रहा है, ताकि हम एक नए जिले की ओर बढ़ सके और बाल सुरक्षा का मजबूत कवच तैयार कर सके। उक्त कार्यशाला में श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, तन्वी झा, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, सिनी, झारखण्ड के साथ-साथ झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था के पदाधिकारीगण,विभिन्न जिलों के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य गण के साथ-साथ केन्द्रीय मन:चिकित्सा संस्थान, सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स, जेवियर समाज सेवा संस्थान एवं अन्य स्वयं -सेवी संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### स्वदेशी बैंक के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया राष्ट्र सेवा में तत्पर : महाप्रबंधक

**रांची** । रांची में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक वाई अनिल कुमार ने बताया कि स्वदेशी बैंक के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया राष्ट्र सेवा में तत्पर है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बैंक की 4594 शाखाओं का नेटवर्क और 5 करोड़ से अधिक भारतीय खाताधारकों का बड़ा ग्राहक आधार है। झारखंड में सरकार की तमाम विकास योजना और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजना जैसे अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना आदि के कार्यान्वयन मे सेंट्रल बैंक ने सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम के दौरान 211 ग्राहकों को 100.46करोड़ के ऋण का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## 24 घंटे में पंकज मिश्रा को बचाने के लिए सुपरविजन करने वाले अफसर पर हो कार्रवाई : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने पंकज मिश्रा व आलमगीर आलम पर दर्ज केस में 24 घंटे में क्लीनचिट देने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि जिस राज्य में हजारों केस डीएसपी के सुपरवीजन की प्रतीक्षा में थानों में महीनों/सालों पड़े हैं, वहां साहिबगंज का एक डीएसपी हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि व साहिबगंज के सुपर मुख्यमंत्री पंकज मिश्रा को केस से बचाने के लिये 24 घंटे के भीतर सुपरवीजन कर लेता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब भी ऐसे अफसरों पर कार्रवाई नहीं करेंगे? गृह मंत्री की हैसियत से पुलिस की ऐसी अराजकता को रोकने की ज़िम्मेदारी से आप कैसे बच सकते हैं? बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को नसीहत दी है कि अब भी चेतिये, खुद को बचाने के लिये ही सही, कुछ कीजिये वरना ऐसे सारे काले कारनामों की सजा आपको भी मिलेगी। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम पर 22 जून 2020 को केस हुआ, अगले दिन दोनों को पुलिस ने क्लीनचिट दे दी। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में दस दस साल से अनुसंधान लटकाए रखने वाले काबिल पुलिस अफसर काश इतनी ही तेजी से आम लोगों से जुड़े केस में भी अनुसंधान करते? बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कुछ बेईमान-लूटेरे पुलिसवालों को हंसेड़ी बनाकर गंध मचाने वाले अपने गुर्गे को बचाने और विरोध में आवाज उठाने वालों लोगों को फंसाने की ऐसी ही जल्दबाजी एक दिन आपके गले की फाँस बनेगी हेमंत सोरेन जी। मेरी इस बात को डायरी में नोट कर रख लीजियेगा ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां सबक लेगी।

### मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, रांची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का बाह्य निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया। आपको बतायें कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल की बैठक संपन्न

## लालू प्रसाद यादव के नीति व सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता : संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नव मनोनित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश पासवान झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, एवं महिला अध्यक्ष रानी कुमारी का ऐतिहासिक स्वागत फूल, माला, बुके और अंग वस्त्र देकर किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पूरे झारखंड में संगठन को पंचायत, प्रखंड, जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक धारदर और मजबूत करना है एक एक नेता कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि संगठन को मजबूत करने में नेता लालू प्रसाद यादव के नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाना है। गरीबों के दुख सुख में घर-घर जाकर उनकी समस्याओं को जानना है तथा अपने स्तर से उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करना है। संजय सिंह यादव ने कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सिंगापुर से लौटने के बाद झारखंड में जिला वार कार्यक्रम तय होगा, जिसमें तेजस्वी यादव रहेंगे। आदत लालू प्रसाद यादव जी ने हम सभी को निर्देश दिया है कि संगठन से ऊपर भी मॉनिटरिंग कमेटी रहेगी, जब भी संगठन का घोषणा होगा हम लोग सब मिल बैठकर घोषणा करेंगे कि केंद्र सरकार के गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड स्तर पर आंदोलन करने का काम करेगी, जिस तरह से देश में महंगाई बढ़ी है लोग खाने को बेहाल है। केंद्र सरकार लोक लुभावने वादे करके जनता को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। केंद्र सरकार हॉस्पिटल, बिजली, रेल, एलआईसी सभी को प्राइवेट करने का काम कर रही है।

### विधायक ने प्रदर्शन कर रहे एचईसी अधिकारियों से मुख्यालय गेट पर की मुलाकात



**रांची** । एचईसी अधिकारियों द्वारा अपनी माँगो को लेकर जारी प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों से मुख्यालय गेट पर मुलाकात किया एवं उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि एचईसी बचाने के लिए वो विधानसभा के सत्र में चर्चा करेंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी एचईसी को कैसे बचाया जाये इस पर चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 8 दिसंबर को उनका दिल्ली जाने का कार्यक्रम है जहां वो भारी उद्योग मंत्रालय से एचईसी बचाने को लेकर चर्चा करेंगे।

### पद्मश्री गिरिधारी राम गौंझू की 73वीं जयंती मनाई

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में सोमवार को नागपुरी साहित्यकार व शिक्षाविद पद्मश्री डॉ गिरिधारी राम गौंझू की 73वीं जयंती मनाई गई। विभागाध्यक्ष करमी मांझी ने कहा कि डॉ गौंझू बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। विद्यार्थियों के लिए हमेशा समर्पित रहते थे। उनका जीवन भाषा-संस्कृति पर काम करते हुए बीता। डॉ पूनम सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की शिक्षक नियुक्ति के लिए डॉ गौंझू हमेशा आवाज उठाते रहे, जिसके कारण आज इन भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति हो पा रही है। डॉ शैलजा बाला, डॉ मंजुलता कुमारी ने भी अपनी यादें साझा कीं। मौके पर अलबीना जोजो, डॉ लक्ष्मी पिंगवा, डॉ इंदिरा बिरूआ, जयंती कुमारी, रीता कुमारी, डॉ कंचन वर्णवाल, जयमुनी सहित शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल होकर मधुमक्खी पालन की ली जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 05.12.2022 दिन सोमवार को इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दसवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया, जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दसवें दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः रानी, पुरुष व कर्मठ मधुमक्खी का जीवन चक्र तथा उनके मुख्य भोज्य पदार्थ एवं विभिन्न विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन की भांति आज प्रशिक्षण के दसवें दिन भी इनडोर गेम का आयोजन किया गया जिसमें आज के विजेता हेमलता मुर्मू और समरा कोल रहे जिन्हें उचित सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया ।

बीएयू में 9वां विश्व मृदा दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया

## छात्रों को अपने गांवों में किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूक करने की आवश्यकता : कुलपति

- विशिष्ट अतिथि निदेशक अनुसंधान एवं डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाल ने कहा कि प्रदेश में अत्यधिक जल बहाव, भूमि अपरदन, अम्लीय भूमि एवं बंजर भूमि एक बड़ी समस्या है। इनका निराकरण के लिए भूमि संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता देने की जरूरत है।



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन कार्यरत मृदा विज्ञान विभाग के प्रायोगिक प्रक्षेत्र में सोमवार को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में विवि के कृषि एवं वानिकी संकाय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि मिट्टी के बिना जीवन एक कोरी कल्पना हो। खाद्यान सुरक्षा के लिए मिट्टी का स्वास्थ्य प्रबंधन जरुरी है। कृषि एवं अन्य कार्यो में मिट्टी के दोहन एवं प्राकृतिक आपदाओं की वजह से मृदा का स्वास्थ्य एक विकराल रूप धारण करती जा रही है। इस वैश्विक समस्या की पूरे विश्व में काफी चर्चा एवं बचाव के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। कृषि विश्वविद्यालय के बहुतायत छात्र-छात्राएं सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण परिवेश से जुड़े हुए है। छात्रों को अपने गाँवों में भ्रमण के दौरान सभी किसानों को व्यक्तिगत तौर पर मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूक करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के मामले में झारखण्ड प्रदेश काफी धनी राज्य है। प्रदेश की जलवायु एवं मिट्टी लगभग सभी कृषि कार्यों के लिए बेहद उपयुक्त है। प्रदेश में मृदा स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता एवं उचित प्रबंधन से देश के अग्रणी कृषि प्रधान राज्य के रूप में स्थापित किये जाने की व्यापक संभावनाएं हैं। विशिष्ट अतिथि निदेशक अनुसंधान एवं डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाल ने कहा कि प्रदेश में अत्यधिक जल बहाव, भूमि अपरदन, अम्लीय भूमि एवं बंजर भूमि एक बड़ी समस्या है। इनका निराकरण के लिए भूमि संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता तथा किसानों को जागरूक करने की जरूरत है। डीन वानिकी डॉ. एमएस मल्लिक ने पर्यावरणीय संतुलन के लिए वन भूमि के स्वास्थ्य प्रबंधन पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता जताया।

### झारखंड में बंगाल-ओडिशा से हो रहा अवैध शराब का आगमन, प्रशासन करे कार्रवाई

**रांची।** झारखंड से सटे राज्यों बंगाल और ओडिशा में शराब अपेक्षाकृत सस्ती है। प्रचलित ब्रांड की कीमत दोनों राज्यों में झारखंड के मुकाबले कम है। दोनों राज्यों से यहां अवैध शराब आ रही है। इसके अलावा राज्य में पसंदीदा ब्रांड नहीं मिलती। दुकानों में पूरी तरह से डिस्प्ले भी नहीं हो पाता। राज्य में शराब वितरण और संचालन में लगी कंपनियों ने अपनी पीड़ा से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर अवगत कराया है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में सुमित फैसिलिटिज, प्राइम वन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड, इगल हंटर सोल्यूशंस और ए-टू-जेड इंफ्रा सर्विस ने सिलसिलेवार उन परिस्थितियों का जिक्र किया है, जिसकी वजह से राजस्व का लक्ष्य हासिल करने में परेशानी आ रही है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में बैठक कर राजस्व वसूली कम होने को लेकर सख्ती दिखाई थी।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा महान गुरमत समागम का आयोजन

## भाई महिपाल सिंह ने गुरु का हुक्मनामा पढ़ा व मनीष मिढ़ा ने वाहेगुरु से अरदास की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए सोमवार को महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में सजाए गए विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 7:30 बजे हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई तत्पश्चात वाहो वाहो करह सेई जन सोहंड़े तिन कउ परजा पूजंड़ आइङ्ङ्ङ...एवं गोविंद गुणी निधान है अंत ना पाइया जाई.... शबद गायन किया. गुरमत समागम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ की महान शख्शियत भाई सतपाल सिंह जी, दिल्ली वाले ने ऐसे गुर को बल जाइए आप मुकत मोहे तारेङ्ङ्ङ्ङ.... एवं साजनड़ा मेरा साजनड़ा निकट खालोया मेरा साजनड़ाङ्ङ्ङ.... तथा गुर बिन घोर अंधार गुर बिन समझ ना आवै, गुर बिन सूरत ना सिध गुर बिन मुकत ना पावै...जैसे अनेक शबद गायन कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10:30 बजे हुई। भाई महिपाल सिंह ने गुरु का हुक्मनामा पढ़ा एवं मनीष मिढ़ा ने वाहेगुरु से अरदास की। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई सतपाल सिंह जी एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा देकर नवाजा। दीवान की समाप्ति के बाद सत्संग सभा द्वारा चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया।

## न्यूज गैलरी

### पुत्र ने पिता के लापता होने को लेकर थाना में दर्ज कराया मामला

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के रांकी मोहल्ला निवासी मनोज कुमार उर्फ दरोगा ने गढ़वा थाना में आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है। दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरे पिता लक्ष्मण साव जिनका उम्र लगभग 95 वर्ष है वह 20 नवंबर को घर से गायब हो गये है। अपने सभी रिश्तेदार में पता किया लेकिन कही भी उनका पता नहीं चला। उनका पता नहीं चलने से हमलोगों को काफी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। मनोज कुमार ने बताया कि अपने साथ वह कपड़ा भी नहीं लेकर गये है। ठंड का दिन काफी उनको दिक्क्त हो रही होगी। उनको खोजने के लिए झारखंड के साथ – साथ बिहार राज्य के डेहरी व सासाराम में खोजने का काम किया लेकिन कही पता नहीं चल पाया है।

### दिव्यांगता शिविर आज

**श्री बंशीधर नगर।** जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक के निदेर्शानुसार अनुमण्डल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में 6 दिसम्बर (मंगलवार) को अनुमण्डल स्तरीय विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में विशेष श्रेणी की दिव्यांगता थैलेसीमिया, हीमोफीलिया,स्किल सेल एनीमिया, लेप्रोसी आदि दिव्यांग व्यक्तियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड बनाया जायेगा तथा दिव्यांग पेंशन दिलाने के लिये अग्रेतर कार्रवाई किया जायेगा। इस सम्बंध में अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार ने सम्बंधित विभाग से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया है,ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग लोग इसका लाभ ले सके। प्रचार प्रसार का कार्य ग्राम पंचायत व नगर पंचायत स्तर पर किया जायेगा।

### सर्पदंश से बालिका घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी गांव निवासी विनोद मेहता की पुत्री गुडन कुमारी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गुडन कुमारी सोमवार को घर से कुछ दूरी पर खेत में बकरी बांधने के लिए गई थी। इस दौरान झाड़ी से निकलकर एक सांप ने उसके दायां पैर में डस लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत गुडन कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### थाना प्रभारी ने गवाहों की सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**चिनियां।** थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने सोमवार को गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चिनीया के विभिन्न चौक चौराहे पर गवाहों की सुरक्षा करना ही हमारी प्राथमिकता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया है । इस मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि गवाह सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है तथा दोषी को सजा दिलाना हमारा अधिकार है, जिसके आलोक में सोमवार को चिनिया बस स्टैंड पर पुलिस बल की उपस्थिति में जागरूकता अभियान चलाया गया है, साथ ही उन्होंने बताया कि गवाह किसी भी कांड में हो बेखौफ गवाही करें पुलिस गवाहों की सुरक्षा के लिए हर समय खड़ी रहेगी आपकी गवाही से बड़े से बड़ी दोषियों को भी सजा मिल सकती है इसलिए गोवा बेखौफ होकर रहे, खुद भी जागरूक रहें और दूसरे को भी जागरूक कर इस अभियान को सफल बनाएं मौके पर श्याम देव सिंह कमरुद्दीन मंसूरी विश्वास प्रसाद सुरेंद्र गुप्ता रामबली सिंह कृष्णा राम तेजू सिंह घनश्याम प्रसाद बीरबल सिंह बैजनाथ सिंह दीपेंद्र सिंह बुलू पासवान सहित सीनियर पुलिस के जवान मौके पर उपस्थित थी ।

### बाजार में चला जागरूकता अभियान

**भंडरिया।** थाना प्रभारी दीपक राणा के नेतृत्व में सोमवार को कंजिया सप्ताहिक बाजार में जागरूकता अभियान चलाकर गवाहों की सुरक्षा के लिए प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी दीपक राणा ने कहा कि दोषी को सजा दिलाना कानूनी अधिकार है। इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गवाह लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं, उन्हें अब डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। पुलिस उन्हें पूरी तरह सुरक्षा देगी और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। कंजिया बाजार प्रांगण में पुलिस द्वारा बैनर लगाकर गवाहों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक बने और समाज को अपराध मुक्त बनाएं। इस मौके पर एसआई रंजीत कुमार ,चौकीदार डब्लू कुमार, जितेंद्र कुमार, फिदा हुसैन सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### 8 से 10 फीट मुख्य सड़क को छोड़कर चहारदीवारी निर्माण की मांग

**जमशेदपुर ।** मानगो नगर निगम द्वारा संकोसाई रोड नंबर 5 में पार्किंग बनाया जाना है। जिसको लेकर खाली पड़ी जमीन की घेराबंदी शुरू हो गई है। उधर रोड नंबर 5 के समीप के रहने वाले लोग नगर निगम से काफी नाराज हैं ।लोगों ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से मांग की है कि चारदीवारी की जो निर्माण हो रही है, वह निर्माण कराया जाए, लेकिन 8 से 10 फीट मुख्य सड़क को छोड़कर। ताकि बस्ती में रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। बस्ती वासियों ने साफ तौर पर प्रशासन को आवेदन देकर आग्रह की है कि अगर 8 से 10 फिट मुख्य सड़क को छोड़कर निर्माण कार्य नहीं हुआ, तो बस्ती के लोग निर्माण कार्य का विरोध करेंगे ।

जगन्नाथपुर अंचल कार्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, बोले-

# त्रुटियों को आगामी 15 दिनों में सुधार करें



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा सोमवार को अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा की मौजूदगी में जगन्नाथपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा स्थानिक प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद एवं अंचलाधिकारी ललित भगत सहित अन्य कर्मियों की मौजूदगी में अंचल कार्यालय द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों से संबंधित पंजी व कार्यालय आदि का जायजा लिया गया। अवलोकन के उपरांत उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि निरीक्षण में कार्यालय के कैश बुक सहित अन्य सभी पंजियों का संधारण सही पाया गया है तथा ज्ञात में आए त्रुटियों को आगामी 15 दिनों में सुधार करते हुए सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि पंजी अवलोकन के उपरांत कार्यालय के विभिन्न कक्ष का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को निरंतर सुविधाजनक बनाए रखने तथा सभी रजिस्टर को नियमित रखने का भी निर्देश दिया गया है।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत विशेष कैंप आयोजित

**चाईबासा ।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 के तहत वैसे मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है। वेसे मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु सोमवार को बंदगांव प्रखंड के पंचायत टोबो के ग्राम बिरहोर टोला में अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट चक्रधरपुर और प्रखंड विकास पदाधिकारी बंदगांव की उपस्थिति में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर बीएलओ, संबंधित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मौके पर स्थानीय लोगों ने बिजली, पानी स्वास्थ्य से संबंधित समस्या अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष रखा। जिसका उचित समाधान करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा आश्वासन दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को स्थानीय भाषा में सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत में जानकारी भी उपलब्ध कराई गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जुड़े और अपने जीवन स्तर में सुधार लाए ।

# दुमका से दिल्ली के लिए जल्द ही चलेगी एक्सप्रेस ट्रेन

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** दुमका रेलवे स्टेशन का रविवार को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अरुण अरोड़ा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे प्रबंधन की नजर में दुमका काफी महत्वपूर्ण स्टेशन है। आने वाले दिनों में यहां से दिल्ली के अलावा अन्य महत्वपूर्ण शहरों के लिए ट्रेन की सुविधा बहाल होगी। यात्री सुविधाओं में वृद्धि की जाएगी। आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। सुंदरीकरण तेजी से होगा।

महाप्रबंधक ने कहा कि झारखंड में सबसे अधिक खनन होता है। राज्य की अर्थव्यवस्था इसी पर टिकी हुई है। संताल परगना के लिए गोड्डा से पीरपैंती रेल खंड क्षेत्र के लिए लाइफलाइन होगा। दुमका रेलवे स्टेशन का निरीक्षण के बाद एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोयला रैक की वजह से होने वाले प्रदूषण को हर स्तर पर कम किया जाएगा। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के तमाम मानकों का पालन होगा। यहां उड़ने वाले धूलकण के प्रभाव को स्प्रिंकलर से कम किया जाएगा। इसके लिए तीन से पांच करोड़ रुपये तक खर्च होंगे। अगर यहां के रेलवे साइडिंग को बंद कर दिया गया तो विकास बाधित हो जाएगा। साइडिंग की वजह से यहां रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

**गोड्डा से पीरपैंती रेल लाइन को बनाया जाएगा लाइफलाइन:** रेल लाइन क्षेत्र के लिए लाइफलाइन होगा। इस परियोजना पर 1,386 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पूरी राशि का वहन केंद्र सरकार करेगी। पूर्व इस योजना पर केंद्र व राज्य को 50-50 प्रतिशत राशि खर्च करना था, लेकिन राज्य सरकार ने हाथ खींच लिया इसलिए अब नए सिरे से इस परियोजना पर केंद्र सरकार ने पूरी राशि की स्वीकृति दे दी है।

# हेलमेट पहनने को लेकर शहरी क्षेत्र में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग एवं जिला पुलिस बल के द्वारा संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र के कई चौक चौराहों पर दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट एवं बिना कागजात के वाहन चलाते पकड़े जाने वालों पर जुमार्ना किया गया। शहरी क्षेत्र के एचटीयू थाना के समीप,कंट्रोल रूम के समीप एवं प्रिंस चौक के समीप सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान 60 से 70 वाहनों की जांच की गई जिनसे 60,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार ने बताया कि जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर यह चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही कहा



कि यह चेकिंग अभियान विशेषकर हेलमेट पहनने को लेकर चलाया जा रहा है ताकि लोग जागरूक होकर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। कहा कि आए दिन देखा जाता है कि सड़क दुर्घटना होने पर हेलमेट ना पहने होने के कारण सर पर गहरी चोट लगने की वजह से व्यक्ति की मौत हो जाती है उन्होंने आम लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की है। मौके पर सिद्धार्थ राज, चन्दन कुमार, सदर थाना के एसआई सरवजीत कुमार एवं जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# स्कूली बच्चियों को जागरूक नागरिक बनने के लिए किया गया प्रोत्साहित

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** सोशल पुलिसिंग की मूल भावना के साथ स्कूली बच्चियों को जोड़ने के उद्देश्य से आज बसिया के उसुर्लाईन कॉन्वेंट में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिला पुलिस बल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली बच्चियों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किए जाने की सूचना है।

जानकारी देते हुए बसिया थाना प्रभारी छोटू उराँव ने बताया कि सामाजिक अपराधों के नियंत्रण में महिलाएं और बच्चियां नेतृत्व देने की क्षमता रखती हैं। इस क्षमता के आलोक में बचपन से ही बच्चियों की इस क्षमता को परिमार्जित करने और उन्हें इस भूमिका के प्रति जागरूक की आवश्यकता है। वस्तुतः इस दिशा में समाज के सभी



वर्गों को गंभीरता का प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि समाज अपनी पुलिस से सशक्त अपराध नियंत्रण की अपेक्षा रखती है परन्तु सामाजिक ताना बाना को दुरुस्त किए बगैर इसे शून्य लक्ष्य तक नहीं लाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुलिस बल के द्वारा जोहार कोप के नाम से से एक कार्य योजना बनाई गई है और इस योजना के तहत आज बसिया के कोनबीर नवाटोली स्थित उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय में जोहार कैप के तहत डायन बिसाही, नशा पान, पलायन, साईबर ठगी आदि अपराध व अपराधजनक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इतना ही नहीं बल्कि इस अवसर पर छोटी छोटी बच्चियों को तत्संबंधी समसामयिक जानकारी देने व इनके कुप्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करने के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए पुलिस बल के द्वारा एक बड़ा संदेश देने का काम किया गया।

### मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**मयूरहंड(चतरा)।** सोमवार को मयूरहंड प्रखंड के करमा पंचायत सचिवालय में मुखिया रामनाथ यादव ने कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया। ठंढ से बचाव को लेकर कल्याण विभाग द्वारा 75 कंबल पंचायत में उपलब्ध करवाया गया था। मुखिया ने पंचायत के सभी वार्डो से वार्ड सदस्यों द्वारा चयनित 75 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया। इस कडकडाति ठंढ में जरुरत मंद लोगों को कंबल मिलने से राहत मिला है। इसके अलावा 50 कंबल का वितरण करमा में निवास करने वाले बिरहोर परिवारों के बीच बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व मुखिया ने संयुक्त रुप से किया। इस मौके पर पंचायत सचिव पारमेश्वर राम, बिसम्भर यादव, प्रयाग रविदास के अलावा वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### धनगड्डा घाटी में मिला अधेड़ का शव

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ किनारे स्थित धनगड्डा घाटी में एक अधेड़ का शव देखे जाने से इलाके मे सनसनी फैल गई। शव धनगड़ा घाटी स्थित मंदिर के पीछे मिली। वहीं सूचना मिलते हीं पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत अधेड़ की पहचान चतरा शहर के बिंड मुहल्ला निवासी 50 वर्षीय प्रमोद भगत के रूप मे की गई है। परिजनों की मानें तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसके कारण वह रविवार दोपहर को हीं अपने घर से निकला था। मृतक के पास से एक पर्ची, बस का टिकट तथा कुछ रुपए भी मिले हैं। दूसरी ओर पुलिस हत्या होने के विभिन्न संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

ओड़गा स्कूल में आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक में शामिल हुए विधायक

# समस्या को समाधान करने का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के ओड़गा स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी उपस्थित रहे।सर्वप्रथम विधायक ने स्कूल का निरिक्षण किया जिसमें पता चला कि स्कूल में लगभग 600 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते है और कुल मिलाकर 12 शिक्षक कार्यरत हैं किन्तु स्कूल में बहुत सारी समस्याएं हैं। जिसका व्याख्यान वहां के छात्र छात्राओं ने विधायक को बताया उन्होंने बताया कि स्कूल में कमरा की कमी, डेस्क बेंच की कमी,पेयजल की समस्या, शौचालय में पानी कमी, स्कूल में कम्प्यूटर का नहीं होना आदी समस्या है। वही विधायक ने अपने सम्बोधन में संबंधित परेशानियों को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही वहीं पर



उपस्थित शिक्षक एव अभिभावक से कहा आपके बच्चे जो है वे शिक्षक पर निर्भर करते है कि वे इन गतिविधियों का नेतृत्व करें । और उनके उज्जवल भविष्य पर आने में मदद करते हैं आप अपने बच्चे को उनकी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करें और उनकी पसंद की गतिविधियों की तलाश करें बहुत ज्यादा आलोचनात्मक होने से बचें ताकि आप अपने बच्चे के मनचाहे व्यवहार को आकार दे सकें।मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम, लकड़ा, जमीर अहमद, सुशील जाडिया,पंकज कुमार साहू, अर्जुन होरा, आवाद साहू, जिला विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेलन कांडुलना, रहीम खान, सुनील सुरीन, आदि मौजूद थे।

# जमशेदपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में 20 दिसंबर से गोल्फ का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर ।** सोमवार को जमशेदपुर प्रेस क्लब की वार्षिक बैठक बिस्टुपुर क्लब हाउस हुई जिसमें 1 साल की गतिविधियों पर चर्चा की गई । इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक बृजभूषण सिंह ने कहा कि प्रेस क्लब में पिछले 1 वर्षों में काफी कार्यक्रम हुए हैं। जिसमें बैडमिंटन टूनार्मेंट ,क्रिकेट मीडिया कप, इसके अलावा और अन्य कई सारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। सबसे अच्छी बात यह है कि यह एकमात्र ऐसा क्लब है, जिसमें सभी ग्रामीण पत्रकारों को जोड़ा गया है और हमारी कोशिश है कि इस क्लब को और मजबूत बनाया जाए। पत्रकारों के एक्रीडिटेशन कार्ड, ईएसआई कार्ड, इंश्योरेंस संबंधित बातों की भी इस दौरान उन्होने चर्चा की । वही प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने कहा कि इस बार 20 तारीख से जमशेदपुर प्रेस क्लब द्वारा गोल्फ का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद जनवरी में बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा और फिर 10 फरवरी से 20 फरवरी तक जमशेदपुर के गोपाल मैदान में मीडिया क्रिकेट कप का आयोजन किया जाएगा । इसके साथ ही साथ इस वार्षिक बैठक में कई सुझाव आए हैं, जिसमें क्लब द्वारा पत्रकारों को वर्कशॉप के माध्यम से पत्रकारिता के बारे में बहुत कुछ बताया जाएगा। इसके विशेषज्ञ इन्हें विभिन्न पहलुओं से पत्रकारिता के विषय में अवगत कराएंगे, साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों को बुलाकर इंटरेक्शन भी पत्रकारों के साथ कराया जाएगा । कार्यक्रम में सभी पत्रकारों ने अपने सुझाव और समस्याएं रखी ,जिसे सभी पदाधिकारियों ने गंभीरता पूर्वक सुना।

### कुब्बा बांध जंगल में महुआ पेड़ से युवक का लटका मिला शव

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को पत्थलगडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के कुब्बा बांध जंगल से एक महुआ के पेड़ से लटकते कुबा गांव निवासी संतोष दांगी के पुत्र पिंटू कुमार 18 वर्ष का संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद किया गया है। सूचना पर घटना स्थल पर थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई अंकित कुमार झा, चौकिदार मुकेश रजक, कमलेश कुमार दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय पिंटू एक दिन पूर्व सुबह से गायब था, काफी खेजने पर नही मिला तो इसकी सूचना सुबह पुलिस को भी दी थी। वहीं युवक शव को पेड से लटकता चरवाहों ने देखा और आसपास के लोगों को सूचना दी। युवक की मौत से परिजनों का रो रो के हाल बुरा है।

डेविड तिर्की बने सिमडेगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष, अभिवादन समारोह आयोजित, बोले

# पूर्व के कार्यो को आगे बढ़ाते हुए नई मुकाम हासिल करेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कांग्रेस पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष के रूप में डेविड तिर्की को जिम्मेदारी मिली है जिसको लेकर सोमवार को सिमडेगा परिसदन में कांग्रेस पार्टी की ओर से अभिवादन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमूचू विधायक भूषण बाड कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अभिवादन समारोह को डॉ प्रदीप कुमार बालमुचु, सिमडेगा भूषण बाडा , पूर्व जिला अध्यक्ष अनूप केशरी, नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने संबोधित किया। अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी विगत इन 8 वर्षो के कार्यकाल में कई मुकाम हासिल किया है लगभग हर चुनाव में पार्टी



ने अपनी जीत हासिल करते हुए पार्टी का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। इसके लिए पूर्व जिला कमिटी के अध्यक्ष के साथ सभी पूर्व पधाधिकारी बूथ लेबल के सभी कार्यकर्ता , सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवम उनके कार्यकताओं ने काफी निष्ठा से अपना कार्य किया है । इसलिए सभी काँग्रेसी जनो का आभार ब्यक्त किया गया। वहीं जिला के वर्तमान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने पूर्व के कार्यो को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यकाल में एक नई ऊंचाई छूने का आश्वासन दिया। मौके पर डीडी सिंह, जॉनसन मिंज, बिससूत्री जिला उपाध्यक्ष अनोज जयसवाल,जीप सदस्य जोसीमा खाखा, समरोम पॉल टोपनो, शांतिबाला केरकेट्टा, नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, रंधीर रंजन प्रदीप केशरी, नॉमिता बा, कौशल किशोर , बिपिन पंकज मिंज , विशाल तिर्की, वीरेंद्र तिर्की,संतोष सिंह, खुशीराम कुमार,मुन्स खेश, बर्थलोमि तिर्की, जेफ्रेंन केरकेट्टा, तुलशी पारंगत खलखो, अख्तर खान,, पतरस एक्का, अजित एक्का, देवनिष खलखो, लीला नाग, सोनल लकड़ा,प्रतिमा कुजूर, वरदान लकड़ा,मनोज प्रसाद, पतरस एक्का, लुइस कुजूर, अनिता कुजूर,शीला देवी, शिशिर मिंज, शोभेन्न तिग्गा, रणधीर रंजन , सुषमा कुजूर, रोषा , सोशन , विजय,अशोक, बिनोद दास , मंजू ,अरमान खान, उपस्थित थे।

यू डाइस प्रपत्र को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# विद्यालय संबंधी डेटा भरने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार मे यू डाइस प्रपत्र को लेकर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम मांझी की अगुवाई मे यूडायस प्रपत्र का कार्यशाला का कार्यशाला का आयोजन किया गया। अंचल अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रधानो को विद्यालय संबंधी डेटा भरने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि की सही डेटा भरकर जमा करें, जिससे किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नही हो। वही उन्होंने जाति प्रमाणपत्र से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने जिन विद्यालय के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है उसे जल्द बनवाने हेतु आवेदन जमा करने का निर्देश दिया है उपस्थित मुखिया सुरजन बडाईक ने कहा कि सभी विद्यालयो मे मध्याह्न भोजन योजना के तहत




मीनू के अनुसार भोजन दिया जाए ताकि गरीब बच्चे लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि सोमवार से शनिवार तक का मैन्यू चार्ट फ्लैक्स अथवा दीवाल पर लिखकर टांगे जिससे पारदर्शिता हो। किसी भी तरह का कोई कोताही नहीं करना है पकड़े जाने पर करवाई किया जायेगा । वही मालसाडा मुखिया बिनोद बडाईक ने कहा कि मध्याह्न भोजन से बच्चों का ठहराव विद्यालय में होता है और बच्चों को पौष्टिक भोजन से कुपोषित नहीं होते हैं । इसलिए योजना के तहत मीनू का अनुपालन किया जाए।यूडायस प्रपत्र का प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम दिया गयी। प्रशिक्षण मे विद्यालय संबंधी जानकारी बिस्तृत ढंग से दी गयी ।प्रशिक्षण मे प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने यू डायस पर जानकारी दिया । वही बीआर पी/सी आर पी के दवारा भी जानकारी उपलब्ध करायी गयी। मौके पर रामानंद कुमार, सोनी देवी, बिश्वा सिंह, तपेश्वर प्रसाद, कालो खलखो एवम अन्य विद्यालय प्रधान उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। मौके पर लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बतीस लाख छत्तीस हजार चार सौ रुपये की लागत से बनने वाले चेक डैम का शिलान्यास



**बरही।** राज्य संपोषित योजना अंतर्गत सोमवार को विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा खोड़ाहर पंचायत छोटकी केवाल नदी पर चेक डैम का शिलान्यास किया गया। यह चेक डैम जल संसाधन विभाग के द्वारा बतीस लाख छत्तीस हजार चार सौ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेकडैम का साइज 20 मीटर चौड़ा और 6 फीट गहरा होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छुटु गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, राजेंद्र राणा, बासुदेव यादव, पप्पू ठाकुर,राजू राणा, सुधीर राना, संवेदक परमेश्वर सिंह आदि कई लोग उपस्थित थे।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आज लगेंगे विशेष शिविर



**बरही।** निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी बरही 21 सह अनुमंडल अधिकारी पूनम कुजुर के निर्देशानुसार आज मतदाता पुनरीक्षण कार्य हेतु बूथ स्तरीय क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर घर जाकर मतदाताओं से सभी प्रकार के दावा आपत्ती संबंधित प्रपत्र प्राप्त करेंगे। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदीवर ने बताया कि इस दौरान कोई भी मतदाता मतदाता सूची में पाए जाने वाले त्रुटि,1 अक्तूबर 2005 के पूर्व जन्म लिए सभी का मतदाता पहचान पत्र बनाने का काम, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने का काम हेतु संबंधित प्रपत्र भरेंगे।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही।** झारखंड सरकार के खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय के सहयोग से राज्य में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता कब 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत प्रखंड मैदान बरही में भी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीओ सी आर इंदीवर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया सुनीता देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया। जिसे संपन्न करवाने में बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बुजुर्ग महिला का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**कटकमसांडी।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव में सोमवार को एक बुजुर्ग महिला का शव मिला। जिसकी पहचान उदयपुर के पार्वती देवी (70 वर्ष) पति स्व सोमारी भुइयां के रूप में की गयी। इस बाबत कटकमदाग थाना प्रभारी धनंजय कुमार प्रजापति ने बताया कि महिला बाजार जाने कहकर घर से निकली थी लेकिन वह घर नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान रास्ते में उसका शव मिला है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन आने के बाद मामला दर्ज किया जायेगा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने टाटीझरिया के झरपो में किया सड़क का शिलान्यास

**दारू।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टाटीझरिया के झरपो बुध बाजार से सिवाने पेटो नदी तक 6.25 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सोमवार को किया। कार्यक्रम को सांसद एवंब विधायक ने संबोधित किया। कोड़रमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। मेरु बीएसएफ कैंप में हाल ही में बेरोजगारों को नौकरी दी गई। कोविड के दौरान प्रधानमंत्री ने कम समय में वैक्सीन का न केवल ईजाद करवाया, बल्कि विदेशों को भी वैक्सीन की खेप भेज कर मदद किया। जल-नल योजना के माध्यम से घरों तक जल पहुंचाया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है।

### सास-बहू-पति सम्मेलन का हुआ आयोजन, परिवार कल्याण योजना की दी गई जानकारी

**बरही।** परिवार कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न राजस्व गांव में सास बहू पति सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसका मुख्य उद्देश्य नियत समय पर ही लड़के और लड़कियों की शादी करने के लिए लोगो को जागरूक करना, दो बच्चो के बीच न्यूनतम तीन वर्ष का अंतर रखना, दो बच्चो के बीच अंतर रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक उपाय करना आदि विभिन्न जानकारी देना है। इसी क्रम में सोमवार को मुखिया मीनू देवी की उपस्थिति में पूर्वी पंचायत भवन स्थित बाराटांड स्थितआंगनवाडी में सास बहू पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मुहल्लो से कई महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में बीटीटी दीप माला सिन्हा ने परिवार कल्याण संबंधित विभिन्न जानकारियां देते हुए उपस्थित महिलाओं को समय पर ही अपने बच्चों की शादी करने की बात बताया। इसके साथ ही समय के पूर्व बालिकाओं के मां बनने से होने वाले समस्याओं की भी जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में सहिया साथी निशी देवी, सहिया प्रीति देवी, आरती देवी इत्यादि सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

---

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति को लेकर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

# 18-19 आयु वर्ग के 75463 नये मतदाताओं का नाम शामिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हजारीबाग, नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सभी राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हजारीबाग जिले के लिए 18-19 आयु वर्ग के 75463 नए मतदाताओं




का नाम शामिल करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 28216 पात्र मतदाताओं का प्रपत्र -6 भरा गया हैकआयोग द्वारा दावा एवं आपत्ति से संबधित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि दिनांक 08-12-2022 निर्धारित है जिसमे मात्र तीन दिन शेष है। उन्होने सभी प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वें अपने स्तर से मतदान केंद्र लेवल पर सक्रीय कार्यकर्त्ता/बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से शेष छूटे हुए मतदाताओं का प्रपत्र-6 भरवाकर सम्बंधित बी०एल०ओ० को उपलब्ध कराने हेतु निदेश दें कउपायुक्त ने बल देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमे सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता अनिवार्य है क प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

बैठक में अपर समाहर्ता, हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग, गणेश कुमार सिटू, सीपीआई (एम), शीला देवी, बीएसपी, सरफराज अहमद, जेएमएम, महेंद्र राम, सीपीआई, नन्दलाल प्रसाद मेहता, बीजेपी, निसार खान, इंडियन नेशनल कांग्रेस, विकास राणा,आजसू, रामेश्वर राम कुशवाहा, टीएमसी, संजर मल्लिक, आरजेडी, प्रदीप कुमार पाण्डेय, एनसीपी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### सड़क के बीच बने गढ़े से अनियंत्रित होकर एनएच 33 पर गिरे बाईक सवार दो युवक, रेफर

**बरही।** सोमवार की अहले सुबह बाईक दुर्घटना में अवर निबंधन कार्यालय बरही के कंप्यूटर ऑपरेटर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पेट्रोलिंग पुलिस ने अपने ही वाहन से घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया। जिसका चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अवर निबंधन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर ईचाक निवासी नवीन कुमार, पिता महादेव यादव और रामनंदन यादव पिता किशोरी यादव के रूप में हुई है ।जो बाईक जेएच 02 बीजे 5208 से बरही आ रहे थे। इसी क्रम में उनकी बाईक एनएच 33 स्थित बरही नदी के करीब सड़क के बीच किए गए ऊबड़ खाबड़ गढ़े से अनियंत्रित होकर गिरने से घायल होकर गिर गए। घटना की सूचना मिलते ही विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों संग घायलों को अस्पताल भेजने में पुलिस को मदद किया।

---

### मुखिया ने विद्यार्थियों के बीच किया पोशाक का वितरण

## अभिभावक स्वच्छ कपड़े पहना कर ही बच्चों को विद्यालय भेजें : मुन्नी देवी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेरमगड्डा में मुखिया मुन्नी देवी की उपस्थित में स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। मौके पर 47 बच्चों को स्वेटर,स्कूल ड्रेस,जूता और मौजा का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि क्षेत्र में दिनों दिन ठंड बढ़ती जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए बच्चे स्वेटर का उपयोग करें और पोशाक में ही नियमित स्कूल पहुंचें। उन्होंने अभिभावक से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के प्रति साफ सफाई पर ध्यान देते हुए स्वच्छ कपड़े पहनाकर ही विद्यालय भेजें इससे बच्चों को पढ़ाई में मन लगेगा। वितरण समारोह में प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद,मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार शर्मा,शिक्षक गुलाबचंद पंडित, बासुदेव ठाकुर,शंकर प्रसाद गुप्ता, रंजना मेहता समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूल के बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय से लेकर प्लस टू स्कूलों तक में शिक्षकों का पद रिक्त है। जिले के 682 सरकारी स्कूल ऐसे है जहां पद ही स्वीकृत नही है। ऐसे में इन स्कूलों में पढ़ाई का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

जिले के प्रारंभिक स्कूलों में शिक्षकों के 2772 पद स्वीकृत है। इसमें शिक्षकों के 1330 पद रिक्त है। इन पदों पर नियुक्ति का मामला वर्षो से लटका पड़ा है। इस पद को कब भरा जाएगा इसे लेकर कोई भी शिक्षा पदाधिकारी कुछ कहने की



स्थिति में नही है। जिले के 662 नव प्राथमिक विद्यालय एवं उत्क्रमित प्राथमिक स्कूलों में तो शिक्षकों का पद ही स्वीकृत नही है। ये स्कूल किसी तरह पारा शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। प्रारंभिक स्कूलों की तरह ही कमोवेश हाई स्कूलों की भी स्थिति है। जिले के 119 सरकारी हाई एवं प्लस टू स्कूल है। इनमें एक राजकीय संस्कृत विद्यालय बंद है। छह साल पहले जिले के जिन 20 हाई स्कूलों को उत्क्रमित किया गया था उनमें शिक्षकों का एक भी पद स्वीकृत नही है। जबकि इन स्कूलों में छात्र-छात्राएं पढ़ रहे है। जिले के 98 हाई एवं प्लस टू स्कूलों में शिक्षकों के 1086 पद स्वीकृत है। इसमें 482 शिक्षकों के पद रिक्त है। जब भी किसी स्कूल में शिक्षकों की कमी का मामला जोर शोर से उठता है तो अन्य स्कूलों के शिक्षकों को प्रतिनियुक्त कर मामला को शांत कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में नियुक्ति को लेकर सरकार संवेदनशील नही दिखती है। शिक्षक पद पर नियुक्ति को लेकर सरकार की ओर से बयान जरूर आता है।

## तिलैया बस्ती में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सोमवार की शाम झुमरीतिलैया में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पिंटू कुमार यादव (उम्र 31 साल पिता परमेश्वर यादव, तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2) ने शराब के नशे में अपने घर में फांसी लगा लिया। मृतक पिंटू कुमार यादव के पिता के अनुसार मृतक अत्यधिक शराब का सेवन करता था और परिवार को मारपीट करता था । 2018 में इसकी शादी हुई थी पर अभी तक बच्चे नहीं है। पत्नी अंशु देवी के अनुसार घर में बराबर शराब पीकर झगड़ा करता था। दो-तीन दिनों से शराब नहीं पी रहे थे, आज घर में कोई बात नहीं हुई, पर शाम को शराब पीकर आए और अपने भतीजी को रूम से निकलने के लिए कहा और अंदर रूम बंद करके फांसी लगा लिया।

## विद्यालय उत्क्रमण को लेकर सांसद को सौंपा गया ज्ञापन, प्रधानाध्यापक ने लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी को प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमण को लेकर समाजसेवी पवन कुमार व ग्रामीणों ने अन्नपूर्णा देवी ,कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार व विधायक अमित कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा है |इस निमित्त प्रधानाध्यापक मो0 अनवर हुसैन ने पत्र में वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए लिखा है कि यह विद्यालय पहले मध्य विद्यालय था जिसका उत्क्रमण वर्ष 2010-11 में कर हाईस्कूल किया गया। उत्क्रमण के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है तथा पोषक क्षेत्र के शैक्षणिक स्तर में काफी सुधार हुआ है। वहीं विद्यालय ने लगातार मैट्रिक की परीक्षा परिणाम में बेहतर किया है। किंतु मैट्रिक के बाद बच्चे प्लस टू की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं क्योंकि अन्य विद्यालय/ कॉलेज की दूरी अधिक रहने के कारण उन्हें आवागमन में परेशानी होती है साथ ही आर्थिक समस्या उनकी बाधक बनती है। ग्रामीणों ने इस निमित्त प्रधानाध्यापक को सहयोग करते हुए ससद अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में पवन कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, बिट्टू यादव ,मजीद आलम, मोहन प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल थे।

---

## अन्नदा कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय के सड़क सुरक्षा टीम द्वारा स्थानीय अन्नदा कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी को सभी लोगों के लिए आवश्यक बताया गया। सड़क सुरक्षा के आईटी सहायक अरविंद कुमार ने बताया कि वर्ष 2020 में पुरे भारत में कुल 3,66,138 सड़क दुर्घटनाओं में 1,31,714 लोग मारे गए। जबकि इस वर्ष कोरोना के कारन बहुत ही कम मोटर वाहन चले एवं बाद में वर्षो में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को बताते हुए उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा करना अपने वाहनों को तय सीमा से अधिक गति से चलाना है। इसके अलावा शराब या नशीली वस्तु का सेवन, तय सीमा से अधिक भार लेकर वाहन चालन, मुख्य पथों में जानवरों का विचरण, वाहन चालन के समय तनाव या ध्यान भटकना, वाहन चालन के दौरान मोबाईल का प्रयोग आदि भी सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों की कड़ाई से पालन से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। दुर्घटना पश्चात घायल लोगों को गोल्डन आवर में मदद पहुंचाने पर किसी घायल का कीमती जीवन बचाया जा सकता है एवं सरकार के द्वारा ऐसे गुड सेमेरिटन को 5000 तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को हिट एंड रन मामले में दो लाख रुपया तथा अन्य सड़क दुर्घटना के मामलो में आपदा मोचन निधि अंतर्गत एक लाख रूपए का मुआवजा सरकार के द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। मौके पर सड़क सुरक्षा के रोड इंजीनियर एनालिस्ट सरिक इकबाल ने बताया गया कि सड़क जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यशाला चलाया जाता रहेगा एवं इस सप्ताह विभिन्न विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम के लिए रोस्टर तैयार कर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अन्नदा कॉलेज के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम को काफी सफल बताया है।

## बीते कई महीनों से ग्रीन कार्डधारियों को नहीं मिल रहे हैं राशन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बीते करीब तीन महीनो से ग्रीन कार्ड धारियों को राशन नहीं मिल रहे है। मिली जानकारी के अनुसार इसका मुख्य कारण बीते अगस्त माह से विभाग के द्वारा ग्रीन कार्ड धारियों के लिए राशन का आवंटन नही होना बताया जा रहा है। जिससे ग्रीन कार्ड धारी खुद को ठगे महसूस कर रहे है। इसे लेकर पीडीएस दुकानदार और उपभोक्ता से लेकर भंडार पाल तक परेशान है। जबकि पीएच और अंत्योदय उपभोक्ताओं को नियमित राशन की आपूर्ति हो रही है । पूछताछ के क्रम में मजे की बात सामने आई कि बिना राशन वितरण किए ही उपभोक्ताओं के नाम से पर्ची निर्गत हो जा रहे है । इससे उपभोक्ताओं में ऊहा पोह की स्थिति बनी हुई है। कई उपभोक्ताओं का यह भी मानना है कि कागजों पर राशन की आपूर्ति हो गई है। जो एक बड़े घोटाले की ओर संकेत दे रहा है। जो की जांच का विषय है। पूछे जाने पर एफसीआई के पुरुषोत्तम सिंह ने भी बताया कि ग्रीन कार्ड धारियों के लिए अगस्त माह से ही राशन का आवंटन नहीं हुआ है।

### जहर खाकर दो महिलाओं ने की आत्महत्या की कोशिश, सदर अस्पताल से रिम्स रेफर

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में दो अलग-अलग क्षेत्रों में जहर खाकर दो महिला ने आत्महत्या की कोशिश की। पहली घटना जयनगर थाना अंतर्गत नंदुडीह में घटी जहाँ एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसकी पहचान जमनी देवी (उम्र 43 वर्ष पति सबसुद्दीन पंडित) के रूप मे हुई है। जानकारी घरेलू विवाद को लेकर बाजार से जहर लाकर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगे जिसके बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी घटनामें सतगावां मे महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की जिसकी पहचान इंदु देवी (उम्र 25 वर्ष पति मुकेश यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी में झगड़ा के बाद जहर खाने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद सदर अस्पताल लाया गया। दोनों महिलाओं को रिम्स रेफर कर दिया गया है।

---

### भाकपा माले का राज्यस्तरीय कन्वेंशन आयोजित

# मोदी सरकार महंगाई का मुकाबला नफरत से करना चाहती है : दीपांकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** 2024 में सरकर वापस आई तो देश में बचा खुचा लोकतंत्र संविधान और न्याय खत्म हो जाएगा। शांति का मतलब विरोध की हर आवाज को दबा देना है। गुजरात के चुनावी सभाओं में जिस तरह गृहमंत्री धमकी दे रहे हैं, यह देश के लोकतंत्र और न्याय पसंद जनता को खुली चेतावनी है। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने सोमवार को झुमरीतिलैया के श्रमिक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात चुनाव में जनता के सवालों पर बात करने के बजाय धर्मिक ध्रुवीकरण किया जा रहा है। गृह मंत्री जी द्वारा यह क हना कि गुजराती महंगाई झेल लेंगे लेकिन रोहंगिया और बंगला देशी बर्दाश्त नहीं करेगें। यह पूरी तरह देश की जानता




के साथ भद्दा मजाक है। मोदी सरकार महंगाई का मुकाबला नफरत से करना चाहती है। यह देश की विविधता और साझी विरासत पर हमला है।

2024 का चुनाव इस बार महंगाई, बेरोजगारी, भूखमरी जैसे सवालों की बजाय फिर से फासीवादी तरीके से मंदिर मस्जिद के नाम पर कराने की तैयारी शुरू हो गया है। अब तो चुनाव आयोग, आईएएस, आईपीएस, न्यायपालिका सब सरकार के दबाव में काम करेंगे। 2024 में मोदी से छुटकारा पाना है तो सभी पार्टियो को मिलाकर एक बड़ी गोलबंदी होनी चाहिए। बिना जन दबाव और आन्दोलनके कुछ भी संभव नहीं है।

माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि समूह के साथ साथ सामुहिक पहल कदमी की जरुरत है। तानाशाही सरकार की जन विरोधी नीतियों से लड़ने के लिए पंचायत स्तर पर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं से जुडे मानदेय कर्मियों को संगठित करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने किया।

पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने पार्टी महाधिवेशन पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी जिला सचिवों ने अपने जिले की रिपोर्ट पेश की। मौके पर केंद्रीय कमिटी के शुभेदु सेन, गीता मंडल, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, राज्य स्थाई कमेटी के सदस्य बीएन सिंह, सीता राम सिंह, मोहन दत्ता, भुवनेश्वर केवट, रविंदर भुइंया, देवकीनंदन बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, राजेश यादव, उस्मान अंसारी, पूरन महतो, देवदीप सिंह, दिवाकर, राजेन्द्र मेहता, विजय पासवान आदि ने अपने विचार रखे।

### रोटरी के नवनिर्वाचित जिलापाल का किया गया भव्य स्वागत

## एसपी बगड़िया चुने गये रोटरी सत्र 23-24 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में रोटरी के नवनिर्वाचित जिलापाल एसपी बगड़िया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। रोटरी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मुकेश बौंदिया के नेतृत्व में रोटरी के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ ,अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर किया उनका स्वागत किया। मौके पर एसपी बगड़िया ने कहा कि आने वाले सत्र में रोटरी समाज सेवा की दिशा में एक नया मुकाम हासिल करेगा और डिस्ट्रिक्ट 3250 के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ मिलकर एक नई दिशा और दशा तय करेंगे। समाज सेवा की दिशा में एक अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल ,अमित साहू, गौतम जलान, डॉक्टर आलोक रत्न चौधरी, विकास बंसल, पवन गोयल ,हरीश चौधरी ,रूपेश गुप्ता, दीपक अग्रवाल, रवि अग्रवाल सहित रोटरी के कई सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

■ नवनिर्वाचित एडिशनल गवर्नर विवेक अजमेरा के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

## न्यूज गैलरी

### प्रतिबंधित पान मसाला के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान, छह बोरा बस से बरामद



सिमडेगा। प्रतिबंधित पान मसाला की बिक्री के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। प्रशासन की पूरी नजर प्रतिबंधित पान मसाला की बिक्री पर है। प्रशासन तीसरी आंख के जरिए भी इस पर नजर रख रही है। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड में राउरकेला से भागलपुर तक चलने वाली श्याम बस में पान मसाला लदा 6 बोरी प्रशासन ने जब्त किया। इसके बाद जांच के क्रम में पान मसाला प्रतिबंधित सूची में नहीं पाया गया। जिसके बाद आवश्यक दस्तावेज की जांच की और श्याम बस को जाने दिया। एसडीओ महेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी कीमत पर प्रतिबंधित पान मसाला की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महिला आत्महत्या मामले में पति गया जेल



सेन्हा-लोहरदगा। बदला पंचायत के बदला बोधा टोली में एक महिला ने शनिवार को दिन में अपने ही घर में छान की बलि में दुप्पटा बांधकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मृतक महिला पम्मी कुमारी के मायके वाले को दिया गया। वहीं महिला के मायके वाले परिजनों ने अपने दामाद के विरुद्ध पुलिस को बयान देते हुए बताया कि मेरी पुत्री के साथ आए दिन मेरा दामाद प्रेमवीर मुंडा शराब पीकर लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट करता रहता था। जिससे तंग हो कर मेरी पुत्री गलत कदम उठाते हुए आत्महत्या कर ली और घटना के पूर्व मृत महिला ने लड़ाई झगड़ा होने की बात परिजनों को बताई थी। घटना का अनुसंधान करते सेन्हा थाना के पु0आ0नि0 संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि मृतक महिला पम्मी कुमारी के परिजनों के बयान पर आरोपी प्रेमवीर मुंडा के विरुद्ध थाना कांड संख्या 123/22 दर्ज कर धारा 306 आईपीसी के तहत बदला बोधा टोली निवासी रामकिशोर मुंडा के 29 वर्षीय पुत्र प्रेमवीर मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि मृतक लड़की के माता देवमुनी देवी पति झरी मुंडा कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्रामगढ़ निवासी के बयान पर सेन्हा पुलिस संज्ञान लेते हुए कानूनी कारवाई कर आरोपी को बदला बोधा टोली से गिरफ्तार कर जांचोपरांत जेल भेज दिया।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन वेटर्न्स इंडिया की हुई बैठक, 19 को मनाएंगे शहादत दिवस



सिमडेगा। सिमडेगा कचहरी के समीप भूतपूर्व सैनिक संगठन वेटर्न्स इंडिया जिला कार्यालय में भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजनों के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया गया जहां पर संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं पर बताया गया कि कई ऐसे सैनिक के परिजन है जिन्हें आज तक शहादत के पश्चात उनके परिवार वालों को नौकरी नहीं मिली है ऐसे लोगों को नौकरी दिलाने के लिए संगठन कार्य करेगी उनके सभी प्रकार के दस्तावेजों को विभागीय कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। वही बताया गया कि आगामी 19 दिसंबर को सिमडेगा में शहादत दिवस मनाई जाएगी जहां पर जिले के जितने भी शहीद भूतपूर्व सैनिक के परिजनों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी इसके लिए उन्होंने सभी संगठन के सदस्यों को उनकी सूची जल्द से जल्द जिला कार्यालय में जमा करने की बात कही वहीं इसके अलावा भूतपूर्व सैनिक संगठन में कई अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। मौके पर वीर चक्र से सम्मानित जॉन ब्रिटो कीड़ों के पिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा द्वारा सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को प्रखंड सिमडेगा के केलाघाघ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सभी प्रखंड के स्वंयसेवक ने भाग लिया। स्वच्छता अभियान के पश्चात सभी ने स्वंय सेवा का शपथ लिया। जिले में इस अवसर पर स्वयंसेवकों के बीच प्रश्नोंतरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला में रेश्मा कुमारी ने प्रथम, रोशन सुरीन ने द्वितीय और सरिता लुगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी में संजय पान ने प्रथम, मैक्सीमाला होरो ने द्वितीय और चंद्रकांता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को इनाम राशि एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया।

### झामुमो ने टैसेरा में पंचायत समिति का किया गया गठन

सिमडेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संजोयक मंडली सदस्य सफीक खान ने सिमडेगा प्रखंड के टैसेरा पंचायत का दौरा किया एवं झामुमो टैसेरा पंचायत समिति का विस्तार की। प्रखंड अध्यक्ष सुमन मिंज के अध्यक्षता पंचायत समिति का गठन हुआ मौके पर सफीक खान ने कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा जल जंगल जमीन से जुड़ा संगठन है गुरु जी शिबू सोरेन जल जंगल जमीन के लिए काफी संघर्ष किए जिस के कारण आज झारखंड अलग राज्य मिला। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन आज झारखंड के मुख्यमंत्री है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा विगत 2019 को जो भी वादा किये थे सभी वादा को पूरा कर रहे है चाहे 1932 खतियान के आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, ओल्ड पेंशन सभी लागू हो रही है। वही टैसेरा पंचायत के लोगों ने झामुमो का नीति सिद्धांत से खुश होकर कांग्रेस और भाजपा को छोड़ कर झामुमो का दामन थामा। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है की झारखण्ड मे झारखडिओं अगर कोई भला करेगा तो वह झामुमो ही कर सकता है। पंचायत समिति गठन में सेलेष्टिन कुजूर अध्यक्ष, सचिव सुनील एक्का उपाध्यक्ष फिल्मोंन केरकेट्टा वही सिल्वेस्टर खेस को कोषाध्यक्ष बनाया मौके पर से नुवास केरकेट्टा, सचिव सुकेश तिग्गा एवं काफी संख्या में पंचायत के लोग उपस्थित थे।

---

#### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित लोहरदगा भ्रमण को ले समीक्षा बैठक आयोजित

# डीसी ने की अधिकारियों के साथ बैठक, दिया दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित लोहरदगा भ्रमण व समीक्षा बैठक को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणलय सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, सूखा राहत, मुख्यमंत्री ऋण माफी योजना, प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पर्यटन एवं खेलकूद में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आये आवेदन व उक्त योजनाओं में जिला को प्राप्त लक्ष्य व उसकी उपलब्धि की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में जिला को लक्ष्य और उसके आलोक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के माध्यम से सभी आवेदनों को प्राप्त कर व उनका सत्यापन कर जिला को उपलब्ध कराएं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को उनका निष्पादन कराने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बिंदु पर जिला कल्याण पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग कर जल्द उसका निष्पादन पूर्ण कर लिया जाय। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में प्राप्त लक्ष्य व उसके आलोक में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि ग्रामसभा करा कर बुधवार तक लाभुकों की सूची उपलब्ध कराएं। केसीसी की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कुल 12305 आवेदन केसीसी हेतु बैंकों में भेजे गये हैं। उपायुक्त द्वारा एलडीएम, लोहरदगा को निदेश दिया गया सभी आवेदनों का बैंकवार विवरणी उपलब्ध कराएं तकि उसका निष्पादन त्वरित कराया जा सकें। सूखा राहत की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कुल 12312 आवेदन सृजित किये गये हैं। इस बिंदु पर निदेश दिया गया कि तीन दिनों के अंदर इसका सत्यापन कर भेजा जाय। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया जिन किसानों केवाईसी के कारण योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, वैसे छूटे हुए किसानों का तीन दिनों के अंदर डोर-टू-डोर जाकर केवाईसी पूर्ण कराने का कार्य सभी अंचल अधिकारी कराएं। प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना में उपायुक्त द्वारा प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई और सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि आवेदनों पत्रों की इंट्री सौ फीसदी सुनिश्चित की जाय। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उरांव, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, सहायक जिला कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, आत्मा परियोजना पदाधिकारी तृप्ति तिर्की, जिला उद्योग परियोजना प्रबंधक कुमार रविशंकर आदि उपस्थित थे।

### द्वितीय जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता 11 दिसंबर को

**लोहरदगा।** जिला साइकिल संघ की बैठक सोमवार को लोहरदगा अध्यक्ष श्रीकांत कुमार की अध्यक्षता में ललित नारायण स्टेडियम के सामने स्थित डिफेंस एकेडमी के कार्यालय में की गई। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा में आयोजित होने वाली द्वितीय जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के विषय में की गई। डिफेंस एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव ने मुख्य रूप से यह बताया कि दिनांक 11 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे से साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता 4 वर्गों में बांटा गया है। 12 से 14 वर्ष के बालक/बालिका, 15 से 16 वर्ष के बालक/ बालिका, 17 से 18 वर्ष के बालक/बालिका तथा 19 वर्ष के ऊपर के बालक /बालिका इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में सभी वर्गों के आधार पर क्रमानुसार 6, 8,12 और 15 किलोमीटर की रेस होगी। प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ी को मेडल और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से ग्रेपलिंग कुश्ती और साइकिलिंग के जिला सचिव दीपक हेंब्रम, डिफेंस एकेडमी के सचिव निलेश कुमार तमेड़ा, शुभम सहदेव, आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत तुमडेगी में मरीजों के बीच बांटा पोषण कीट

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को समुदाय मदद कार्यक्रम के तहत जिला में चिन्हित यक्ष्मा मरीजों को पोषण आहार वितरण की जा रही है। इसी के साथ सोमवार को तुमडेगी में सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पीपी शाह द्वारा तीन मरीजों के बीच पहली मासिक पोषण कीट की वितरण किया बताया गया उक्त कीट के अंदर आटा चावल 3 किलो दाल 2 किलो खाद्य तेल 250 ग्राम दूध पाउडर 1 किलो शामिल है। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने कहा किया क्षमा मरीजों को स्वास्थ्य करने के लिए लगातार यह कदम उठाया जा रहा है ताकि उन्हें पोषण की कमी ना हो और वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो उनका कि हमारा उद्देश्य है कि जिला को टीबी मुक्त बनाया जाए और इसी उद्देश्य के साथ कार्य किया जा रहा है। यक्ष्मा पदाधिकारी ने भी मरीजों को जागरुक करते हुए कहा कोई मरीज से भेदभाव ना हो उन्हें समय पर दवा खिलाया जाए ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके उनका स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि सभी मरीजों का पहचान कर उन्हें ठीक करें।

## देश व समाज को शिक्षित करने में निजी विद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान : मंत्री रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**




**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के शाइन पब्लिक स्कूल नगजुवा के शिक्षकों को रांची यूनिवर्सिटी स्थित दीक्षांत मंडप में पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सभी शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षक के बिना भविष्य का कल्पना कर पाना बहुत मुश्किल है। कहा कि जिस तरह से कुम्हार गीली मिट्टी से सुंदर आकार की चीजें बनाती है जो देखने लायक होती है उसी प्रकार शिक्षक भी बच्चों को पढ़ा कर उसके भविष्य को गढ़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा देश एवं समाज को शिक्षित करने में निजी विद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। निजी विद्यालय आज शहरों से लेकर के गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रही है इसलिए हम लोगों का भी फर्ज बनता है कि हमें निजी विद्यालय एवं उनके शिक्षकों को प्रोत्साहन करने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर शाइन पब्लिक स्कूल नगजुवा के निदेशक माजिद आलम प्रधानाध्यापक फूल जैन सारस को ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए डॉ रामेश्वर उरांव ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। स्कूल के सभी सहायक शिक्षकों को भी उन्होंने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक माजिद आलम ने कहा कि हमें गर्व है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए हमारे विद्यालय का कैरो लोहरदगा से चयन हुआ और सम्मान मिला। इससे हम लोगों को एक नई ऊर्जा मिली है और हम लोग अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक मेहनत करेंगे और क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में निदेशक माजिद आलम, प्रधानाध्यापक फुलजैन सारस, सहायक शिक्षक परवेज अंसारी, स्नेहलता, सीमा कुजूर, जयंती मिंज, किरण कुमारी, सुदिप्ती दुंगडूंग, जगमनी टोपनो, मुनुरें कुर्ती आदि शामिल है।

#### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा की बैठक कल

## झारखंड आंदोलनकारियों की चिन्हितीकरण सहित आगामी कार्यक्रमों पर होगी चर्चा : अमर किन्डो

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति लोहरदगा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू, भोला भगत, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, जहांआरा बेगम, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, भरत गोप ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी किया है। जिसमें कहा है कि आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति लोहरदगा की बैठक 07 दिसंबर बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लीप्टस मैदान में होगी। बैठक में मुख्य रूप से साथियों की चिन्हितीकरण सहित आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। नेताओं ने कहा है कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, केन्द्रीय महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत आदि मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा है कि एलाउटमेंट मिल जाने के बावजूद पेंशनधारी झारखंड आंदोलनकारियों को पिछले सात महीने का पेंशन भुगतान नहीं किया जाना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पेंशन का भुगतान नहीं करने के कारण आंदोलनकारियों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई का फीस, एडमिशन सहित इलाजरत आंदोलनकारी दवा नहीं खरीद पा रहे हैं। श्री किन्डो ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से जल्द से जल्द जनवरी और फरवरी 2022 तथा जुलाई, से नवंबर महीने के पेंशन भुगतान कराने की मांग की है।

#### यू डाइस प्लस 2022-23 की ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण आयोजित

## एसडीएमआईएस के आधार पर ही युडाइस प्लस का नामांकन और छात्रों का अन्य डेटा भरे



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के आदेशानुसार, प्रखंड संसाधन केंद्र, लोहरदगा के तत्वाधान में प्रखंडाधीन प्रथम बैच अनुसार संकुल हिन्दी और मध्य विद्यालय, संकुल के सभी विद्यालयों सरकारी एवं निजी सहित यू डाइस प्लस 2022-23 की ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण मध्य विद्यालय, लोहरदगा सभागार में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में की गई। उक्त प्रशिक्षण सत्र में एमआईएस, पवन कुमार साहू और जीतेन्द्र मित्तल, सीआरपी द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि की जानकारी स्टेप दर स्टेप दी गई। जिसमें सभी सरकारी, गैर सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त 1 से 12 तक संचालित विद्यालयों की सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जानी है। इससे पूर्व उक्त सभी कोटि के विद्यालयों को एसडीएमाइएस सत्र 2021-22 को अद्यतन कर फ्रीज किया जाना है। ज्ञात हो कि एसडीएमआईएस के आधार पर ही युडाइस प्लस का नामांकन और छात्रों का अन्य डेटा भरा जाना है। अतः प्राथमिकता के आधार पर सभी विद्यालय को एसडीएमाइएस अपडेट कर फ्रीज करने का निदेश दिया गया। यू डाइस प्लस अंतर्गत विद्यालय की आधारभूत जानकारी, उपलब्ध संसाधन, भवन, शौचालय, पेयजल आदि की जानकारी ऑनलाइन ही भरी जानी है। प्रशिक्षण में मंजू कुमारी, बीपीओ, नीलू गोयल, पूर्णकाम, विनोद कुमार सिंह, मुमताज अहमद, अरुण राम, सुजीत रजक, मंजुला सेनगुप्ता, कमल बारला, विशेषण भगत, नीलोफर खुर्शीद, बबिता साहू, रेखा सोनी, सुरभि लकड़ा, शाहीना प्रवीण, सुबोध साहू, विजय कुमार, सहित सभी शिक्षक, प्रभारी और झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मी, प्रखण्ड लोहरदगा उपस्थित थे।

### खेल सभी वर्गों के लोगों को एक साथ जोड़ने का काम करती है : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड में सोमवार को आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी उपस्थित रहे।साथ ही फाइनल में पहुंचने वाले दोनों टीम लचरागढ़ और अघरमा को जीत की शुभकामना देते हुए जिला स्तरीय टूर्नामेंट में बेहतर खेलने की आशीर्वाद दिया। विधायक ने सभी खिलाड़ियों और जनता को आगामी कांग्रेस पार्टी की ओर से होने वाले फुटबॉल तथा हॉकी प्रतियोगिता के लिए भी जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और मैं हमेशा खेल को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हूं और आगे भी सहयोग करते रहूंगा जनवरी महीने से खेल प्रखंड स्तरीय तथा विधानसभा स्तरीय हमारे कांग्रेस पार्टी की ओर से कराया जाएगा तथा उन्हें सभी खेलों के लिए जरूरत के सामान जैसे फुटबॉल हॉकी स्टिक जूते तथा जर्सी भी दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, रावेल लकड़ा, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग श्यामलाल प्रसाद, लूथर सुरीन, कोलेबिरा मुखिया आंजना लकड़ा लालधन नायक, दीपक महतो, मनोज कैथा नईम अंसारी जमीर हसन तथा खेल प्रबंधन समिति आदि उपस्थित थे।

#### ग्राम सभा के दौरान जिप सदस्य ने कहा

## विद्यालय में चहारदीवारी से बच्चों की शिक्षा में नहीं होगा बाधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित संचालित मध्य विद्यालय का चहारदिवारी निर्माण एव नंदलाल प्लस 2 विद्यालय में डिपबोरिंग के लिये ग्राम प्रधान करमा पाहन की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की क्षेत्र का विकास शिक्षा है। जिसपर खरा उतरने का प्रयासरत रहूंगी। उन्होंने कहा मुझे जनता ने विश्वास के साथ चुना है। तो जनता का कार्य करने का प्रयास करूंगी। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में चारदीवारी हैंडपंप, शौचालय की कमी है। जिसको बारी बारी से ग्राम सभा से योजना लेकर विकास करने की बात कही गई। इसके अलावे कहा कि बहुत दिनों से मध्य विद्यालय अरु की चारदीवारी की मांग अभिभावक एवं शिक्षकों द्वारा किया जा रहा था। जिसको जिला स्तर पर बात रखते हुए निर्माण कराने का मांग किया गया था। जिसपर शीघ्र अमल कर विकास कार्य को गति दिया गया है। और नंदलाल प्लस 2 विद्यालय अरु में डीप बोरिंग का कार्य भी किया जाएगा। जिसको लेकर ग्राम सभा आयोजित किया गया। चार दिवारी निर्माण एवं विद्यालय प्रांगण में डिपबोरिंग से विद्यालय के छात्र छात्राओं को राहत एवं सुरक्षा प्रदान होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नाली,सड़क,पीसीसी पर लोग अधिकतर ध्यान देते हैं लेकिन विद्यालय की बुनियादी सुविधा पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसलिए मैं शिक्षा के क्षेत्र में अधिक विकास की कार्य करने का प्रयास करूंगा। मौके पर मुखिया राजश्री उरांव, ग्राम प्रधान करमा पहान, पंचायत समिती पूनम उरांव, सबिता उरांव, विकेश कुमार सिन्हा, सीमा नैंसी लकड़ा सहित ग्रामीण अविभावक मौजूद थे।

#### जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित सांख्यिकी विभाग ने नगर भवन में हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण बोले डीडीसी

## जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन के पश्चात समय पर लोगों को कराएं उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सांख्यिकी विभाग सिमडेगा द्वारा नगर भवन में सोमवार को जन्म मृत्यु से संबंधित निबंधन को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसडीओ महेंद्र कुमार उपस्थित रहे यहां पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मुकेश कुमार के द्वारा किया गया जहां पर उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी स्वास्थ्य विभाग के संबंधित पदाधिकारी, पंचायत सचिव प्रखंड कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर हमें जहां पर उन्हें कार्यों को सुगमता पूर्व निष्पादन को लेकर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन्म और मृत्यु का निबंधन अधिनियम 1969 के तहत आवश्यक है और सरकार द्वारा आम जनता के सरलता के लिए इसे लोक सेवा के अधिकार अधिनियम से जोड़ दिया गया है. वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद सभी कर्मियों को प्रशिक्षक द्वारा अधिनियम 1969 और संशोधित अधिनियम 2000 की विभिन्न धाराओं के विषय में साथ ही ऑनलाइन आवेदन करने के तरीके को लेकर विस्तार से बताया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डीडीसी अरुण वालटर सांगा ने कहा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन आने के पश्चात समय पर आवेदन कर्ताओं को मिले यह चीज का सुनिश्चित सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी करें ताकि लोगों को परेशानी ना उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में सभी चिकित्सा पदाधिकारी के नाम पर लॉग इन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव एवं शहरी क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी को वेबसाइट की लॉगिन दी गई है जिसकी पासवर्ड की गोपनीयता लगातार बनी रहे इसका विशेष ध्यान दें। वेबसाइट में किसी प्रकार की परेशानी हो तो इसके लिए कार्यालय में संपर्क को दूर कराने का कार्य कराएं। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर सभी पंचायत सचिव एवं प्रशिक्षण में आए हुए पदाधिकारियों कर्मी शामिल हुए।

## इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफार्म विषय पर बहुद्देश्यीय कार्यकर्ता का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफार्म कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सर्विलांस पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाई के सभागार में सभी प्रखंड में कार्यरत 4-4 बहुद्देश्यीय कार्यकर्ता पुरुष को रोग निगरानी कार्य हेतु प्रक्षिक्षण साथ ही रिपोर्टिंग कार्य हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिससे जिला को रोगों पर नियंत्रण एवं पूर्व सूचना से अवगत किया जा सके कि कहां पर कौन से रोग के मरीज मिल रहे हैं ताकि सही समय पर उनका इलाज किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्षेत्र से मरीज एवं उसकी बीमारी ऑनलाइन होने से प्राप्त डाटा को कभी भी कही से भी देखकर समुचित उपचार एवं भविष्य में वाले परेशानियों से विभाग रूपरेखा तैयार कर आसानी से कार्य कर सकती है। प्रशिक्षण को राकेश भूषण, बिमलेश कुमार, नजिस फहीम अख्तर, आलोक कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में रोशन जोसेफ टोप्पो, मनीष कुमार, आलोक कुमार, अनुज कुमार सिन्हा, मंसूर अंसारी, देवेंद्र कुमार गिरी, तनवीर जकी असरफ, रामकुमार महतो, राजेश्वर तिरकी, ताजे उरांव, नितिन कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार की शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सदर अस्पताल में उन्होंने आईसीयू, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस, जाँच केंद्र, दवा स्टॉक समेत अन्य कई वार्डो का निरीक्षण कर अस्पताल कर्मियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। इसके अलाव सदर अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान भारत के तहत किस प्रकार से मरीजों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके विषय में भी उन्होंने जानकारी ली। चिकित्सकों को समय पर अस्पताल में उपस्थित होने के साथ कार्य करते हुए बेहतर सेवाएं जनता को उपलब्ध कराने की भी बात कही। मौके पर सीएस विजय सिंह, डॉक्टर आरके रंजन, डीपीएम दीपक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### केंद्रीय विद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू में नौकरी के इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षक की नौकरी के अवसर मिला है। शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत आने वाले देश भर के केंद्रीय विद्यालयों में टीचिंग और नॉन टीचिंग पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार संगठन की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जाने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से 26 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। केवीएस द्वारा 2 दिसंबर को जारी दो भर्ती विज्ञापनों 15/2022 और 16/2022) के अनुसार कुल 13,404 प्राइमरी टीचर, पोस्ट ग्रेजुएट टीचर, ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर और कई अन्य पदों पर भर्ती की जानी है। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन एप्लीकेशन पेज पर उन्हें अपने व्यक्तिगत विवरण (ईमेल, मोबाइल नंबर ) आदि के माध्यम से पहले पंजीकरण साइन अप करना होगा और फिर इसके बाद पंजीकृत विवरणों के माध्यम से लॉगिन करके उम्मीदवार संबंधित पद के लिए उम्मीदवार अपना अप्लीकेशन सबमिट कर पायेंगे। आवेदन के दौरान टीचिंग पीआरटी, टीजीटी, पीजीटी पदों के लिए 1500 शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। वहीं कई नॉन टीचिंग पदों के लिए शुल्क 1200 या 1500 या 2300 भी है।

### आज होगी गौ-सेवा गतिविधि की बैठक

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं गो सेवा गतिविधि के मार्गदर्शक शंकर लाल के सानिध्य में आज स्थानीय संघ कार्यालय में पलामू विभाग की कार्यशाला रखी गई है। बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखी गई है। इसकी जानकारी विभाग कार्यवाहक राजीव कुमार सिंह ने दी। बैठक में गाय के विभिन्न वैज्ञानिक, आर्थिक, कृषि एवं आरोग्य सम्बन्धित पक्षों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी। इस कार्यशाला में सभी गतिविधि विभाग, जिला, खंड के प्रमुख समस्त गौ प्रेमी, समाज सेवी , अपने क्षेत्र के बैद्य, गौ पालक, कृषक, मातृ शक्ति एवं खंड ,नगरों के संयोजक, सभी गतिविधियों के खंड, नगर, जिला एवं विभाग टोली को आमंत्रित किया गया है।

### असंगठित कामगार ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा




**मेदिनीनगर।** सोमवार को असंगठित कामगार संघ के द्वारा सेमरा के चैनपुर प्रखण्ड गांव में भारत जोड़े यात्रा निकाली गई । यह यात्रा दमनकारी सरकार के खिलाफ है। संघ के कोडिनेटर अनिल सिंह ने कहा कि देश में बिगड़ती व्यवस्था व बढ़ती नफरत के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़े यात्रा निकाला जा रहा है। यात्रा में प्रखण्ड अध्यक्ष गुडू भुइया, शिवनाथ, लदीफ ,रामकेवल, देवकी यादव, करण हुनकु, बन्द लाल चीता देवी, इंदु देवी, मुंजीता देवी, शकेल दुबे, कालेहा दुबे ,मुनी देवी, गुलाम अंसारी, इस्लाम अंसारी, जीतन सिंह, संतु राम ,चन्दवाली शामिल रहे।बिट्टू पाठक

### दूसरी बार बने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के दोबारा अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को बनाये जाने पर जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष एवं उत्साह देखा गया। दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने पर सुबह से ही कांग्रेसियों ने उनके आवास पर पहुंचकर फूल माला दिये व पटाखे फोड़ कर अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर कांग्रेसजन ने कहा कि बिट्टू पाठक में पार्टी के प्रति काम करने की इच्छा शक्ति है। यही कारण है कि एनएसयूआई यूथ कांग्रेस एवं जिला अध्यक्ष के कार्यकाल में आक्रामक राजनीति करते हुए पलामू जिला में कांग्रेस को मजबूती प्रदान किए हैं। आज बूथ स्तर एवं पंचायत एवं प्रखंड स्तर तक जिले में कांग्रेस सशक्त और मजबूत बनी है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के चुनाव में पलामू में कांग्रेस परचम लहरायेगा। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का आभार प्रकट करता हूं। साथ ही साथ झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गण, तथा प्रदेश के सम्मानित नेतागण एवम जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जानो का और सभी सहयोगियों का मुझ पर फिर से विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार प्रकट करता हूं। मौके पर प्रमुख रूप से पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह, दिनानाथ तिवारी, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी, कामेश्वर तिवारी, अरविन्द पासवान, तालकेश्वर पासवान, रुद्र शुक्ला, भिखारी राम, सत्यानंद दुबे, इंदु भगत, राजेंद्र अग्रवाल, सहित काफी लोग उपस्थित थे।

---

वेक्टर जनित रोग को लेकर उच्च विद्यालयों के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

# वेक्टर जनित रोग को लेकर विद्यार्थियों को करें जागरुक : सीएस डॉ. अनिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सोमवार को वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बतौर प्रशिक्षक सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, जिला यक्ष्मा सह मलेरिया पदाधिकारी डा.कमलेश कुमार व वीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। प्रशिक्षकों ने वेक्टर जनित रोग मलेरिया, फाइलेरिया, चिकुनगुनियां, डेंगू व जापानीज इंसेफेलाइटिस के कारण, बचाव व




रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इसे लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरुक करने का आह्वान किया। मौके पर सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए, जिसमें वेक्टर जनित रोगों से संबंधित प्रश्न पूछे जाएं। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थानों पर आने वाले विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग पुरस्कृत करेगा। सिविल सर्जन ने कहा कि सबसे पहले क्वीज प्रतियोगिता आयोजित करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को भी पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर डा. कमलेश कुमार ने कहा कि किसी भी बुखार को हल्के में नहीं लें। बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में तुरंत जाएं। वहां जांच व इलाज की निश्शुल्क व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों के आसपास जलजमाव को रोकने को लेकर भी जागरुक करें। प्रशिक्षण में शिक्षक शिल्पी कुमारी, चंदन सिंह, शशि शंकर सिंह, अमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शमी अहमद, सुबानी कुजूर, सुरेश चंद्र महतो, राकेश पटेल आदि उपस्थित थे।

## तीन पंचायत सचिव और दो रोजगार सेवकों का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** वीडियो सोमा उरांव ने सोमवार को प्रखंड के 3 पंचायत सचिव व दो रोजगार सेवकों को इधर से उधर कर दिया है । उनमें पूर्व से पदस्थापित पंचायत के अलावा अतिरिक्त प्रभार में रहे सोने हरा व रारो पंचायत के पंचायत सचिव सुदर्शन राम को सुनहरा से हटाकर डंडाई पंचायत का पंचायत सचिव बनाया गया है । जबकि डंडाई पंचायत के अतिरिक्त प्रभार में रहे पंचौर पंचायत के पंचायत सचिव सुनील कुमार को अब सिर्फ पदस्थापित पंचायत पचोर में ही छोड़ा गया है । इसी प्रकार करके पंचायत के पंचायत सचिव राजकुमार राम को करके पंचायत के अलावा सोने हरा पंचायत का भी जिम्मेवारी दिया गया है । वही डंडई पंचायत के रोजगार सेवक दिनेश कुमार रवि को बदलकर झोंतर पंचायत और झोंतर पंचायत के रोजगार सेवक अनिल केरकेट्टा को डंडाई पंचायत के लिए पदस्थापित किया गया है । वीडियो की ओर से बदले गए कर्मियों को तत्काल प्रभार का आदान प्रदान करने की चेतावनी दी गई है । साथ ही सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की भी बात जारी पत्र में कही गई है । वीडियो ने मामले की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त गढ़वा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी गढ़वा के साथ-साथ प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों को भी देने का काम किया है । बताते चलें कि डंडई पंचायत के कर्मियों का तबादला होने से पंचायत की रुकी हुई विकास योजना को अब गति मिलना शुरू हो जाएगा । पिछले कई महीनों से पंचायत की मुखिया धनवंती देवी व उक्त कर्मियों के बीच तालमेल नहीं बैठने से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी । जिसका सीधा असर विकास योजनाओं के अलावा स्थानीय मनरेगा मजदूरों पर भी पड़ रहा था।

## ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने व थाना चौक को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मो.आमिर हयात ने लातेहार एसपीओ शेखर कुमार और बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद एवं अंचलाधिकारी आफताब आलम को अपने लेटर हेड पर प्रखंड में ट्रैफिक कंट्रोल व विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में निवेदन पूर्वक लिखा गया है कि बालूमाथ में पिछले कुछ माह से ट्रैफिक व्यवस्था अव्यवस्थित हो गया है। उसका मुख्य कारण है नालियों का सड़क से ऊंचा होना। आए दिन वाहन चालक गाड़ियों के ओवरटेक के दौरान ऊंची नाली के डिवाइडर से टकराकर चोटिल हो रहे हैं। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा है कि बालूमाथ मुरपा चौक थाना चौक और लातेहार जाने वाली सड़कें प्रतिदिन पूरी तरह जाम रहता है।जिससे अस्पताल में इमरजेंसी मरीजों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्कूल, कोचिंग छुट्टी होने के बाद इन सड़कों पर आवागमन काफी ज्यादा होती है । कई बार गलत ड्राइविंग और ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होने के कारण पैदल चलने वाले हो या वाहन चालक हो दोनों ही जाम के कारण लाचार और बेबस नजर आते हैं। मो हयात ने आग्रह करते हुए कहा है कि उपरोक्त मामला को देखते हुए बालूमाथ मुरपा मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस, गति सीमा निर्देश बोर्ड लगाने, थाना चौक अतिक्रमण मुक्त करने, बालूमाथ पाकी मुख्य मार्ग पर स्थित प्लस टू हाई स्कूल के पास, पाकीजा ट्रेलर दुकान के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है ।

आदिम जनजातियों की समस्याओं से अवगत हुए बीडीओ, बोले-

## सभी समस्याओं का जल्द होगा निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दीपाली भगत ने सोमवार को फुलसु पंचायत के मुक्की में रह रहे आदिम जनजाति परिवार के लोगों को मूलभूत सुविधा बहाल करने को लेकर पंचायत सचिवालय परिसर में कैंप का आयोजन कर समस्या सुनी। कैंप का अध्यक्षता मुखिया तेतरि देवी व पंसस सह प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहदेव ने किया। कैंप में सर्वप्रथम बीडिओ सह सीओ भगत ने आदिम जनजाति परिवारों के बारे विशेष जानकारी ली वहीं चंदरू बिरहोर ने बताया कि हमलोग यहां चालिस



परिवार निवास करते हैं। जिसमें से मात्र चार परिवार का राशन कार्ड, आधार कार्ड, व पहचान पत्र है बाकी के, 36 परिवार का न आधार, न पहचान पत्र, न राशन कार्ड और न ही रहने को अपना आवास है, हम परिवारों में से कई महिला विधवा व कई महिला पुरूष वृद्ध है। जिका सरकार द्वारा कोई लाभ नहीं मिलता है।

समस्या सुन बीडीओ सह सीओ भगत ने तुरंत सांख्यिकीक पदाधिकारी प्रकाश कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार के माध्यम से सभी परिवारों का आधार बनाने हेतु आवेदन भरा गया। जो परिवार 18 वर्ष हो गया है वैसे परिवारों का मतदाता सुची में नाम अंकित करने को लेकर प्रपत्र भरा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ भगत ने बताई कि आदिम जनजाति परिवारों का कोई प्रमाण न रहने के कारण आधार कार्ड, पहचान पत्र,राशन कार्ड,आवास, विध्वा, वृद्धा व अन्य लाभों से वंचित है। इस विषय में उपायुक्त से बात कर इन परिवारों का बहुत ही जल्द सभी समस्या दूर कर दिया जाएगा।

## परीक्षा की आवेदन तिथि फिर हुई विस्तारित

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी की ओर से आयोजित होनेवाले झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन की तिथि अपरिहार्य कारणों से फिर विस्तारित की गयी है। पहले से घोषित अंतिम तिथि दो दिसंबर को बढ़ा कर अब 19 दिसंबर की मध्य रात्रि तक कर दी गयी है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक के अनुसार इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी 19 दिसंबर की मध्य रात्रि तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। परीक्षा शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 21 दिसंबर की मध्य रात्रि है। फोटो व हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर की मध्य रात्रि तय की गयी है। 24 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर की मध्य रात्रि तक आवेदन पत्र की अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए लिंक पुनः खोली जायेगी।

## तुलसीमानस मंदिर सूदना में कलश यात्रा 28 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के गायत्री मंदिर रोड सूदना स्थित प्राचीन देवी मंडप में बैठक हुई। जिसमें श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अभिमन्यु ओझा ने की। बैठक में बताया गया कि सूदना स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के आठवें अधिवेशन का आयोजन किया जायेगा। इसमें अंतराष्ट्रीय कथावाचक वृंदावन से हितेंद्र कृष्ण जी महाराज भाग लेंगे। भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत किया जायेगा। इस महायज्ञ को लेकर 28 जनवरी 2023 को बाजे गाजे के साथ आकर्षक कलश यात्रा निकाली जायेगी और पूजा अनुष्ठान के साथ भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ शुरू होगा। पांच फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। बैठक में शामिल लोगों ने महायज्ञ की



सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया और इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल लोगों ने महायज्ञ की तैयारी तेज करने का निर्णय लिया.महायज्ञ के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सामाजिक कार्यकर्ता परशुराम ओझा को महायज्ञ समिति का अध्यक्ष तथा अभिमन्यु ओझा एवं संतोष पांडेय को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह राजा पाठक, परशुराम गुप्ता, नंदकुमार सिंह उपाध्यक्ष, अजय दुबे, सुवंश पाल महामंत्री, अनिल पांडेय, संजीव मिश्रा कोषाध्यक्ष, रवि रंजन, नवल किशोर तिवारी,सुधीर सोनी मंत्री बनाए गए। जबकि मनीष उपाध्याय, राकेश पाठक को मीडिया प्रभारी बनाया गया। रामाकांत पांडेय को प्रवचन पंडाल की व्यवस्था तथा पंडित मिथलेश मिश्रा, विवेक पाठक को पूजा व्यवस्था की जिम्मेवारी दिया गया। इसके अलावा विष्णु भगवान तिवारी, मनु पाल, अशोक गुप्ता, माणिक चंद्र सिंह, अखिलेश्वर सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, दिलीप राय, विनोद पांडेय, शिव शंकर पाल, लव कुमार पांडेय सहित कई लोगों को समिति के कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## आचार्य करुणानंद अवधूत के निधन पर शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ सन्यासी आचार्य करुणानंद अवधूत का 29 नवंबर को निधन हो गया। वे लगभग 78 वर्ष के थे। बिहार के अररिया में उन्हें अचानक ब्रेन हेमरेज किया जिससे उनकी आकस्मिक मौत हो गई। 30 नवंबर को आनंद मार्ग के केंद्रीय कार्यालय आनंद नगर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इनके निधन से पूरे आनंदमार्गियों में शोक की लहर है। रविवार को नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति में मेदिनीनगर के आनंदमार्गी एकत्रित होकर बाबा नाम केवलम कीर्तन भजन किया। कीर्तन के बाद दो मिनट का मौन रखकर आचार्य करुणानंद अवधूत के निधन पर शोक व्यक्त किया। मौके पर वरिष्ठ आनंद मार्गी श्री जगन्नाथ ने उन्हें एक कर्मठ, विद्वान व समर्पित सन्यासी बताया। उन्होंने कहा इनके द्वारा आनंद मार्ग में किये गये प्रचार-प्रसार व सेवा मुलक कार्य को आनंद मार्ग के इतिहास में याद किया जायेगा। वरिष्ठ आनंदमार्गी श्री बैजनाथ ने कहां की आचार्य करुणानंद अवधूत सेवा धर्म मिशन के ग्लोबल सचिव के पद पर भी रहे चुके है। उन्होंने यूरोप के वर्लीन सेक्टर में 10 वर्ष रहकर आनंद मार्ग का प्रचार प्रसार किया था इसके अलावा उन्होंने हांगकांग सहित कई देशों में आनंद मार्ग का प्रचार प्रसार पूरे तत्परता के साथ किया। सीनियर आनंदमार्गी एडवोकेट लक्ष्मण सिंह ने कहा कि उनके निधन से आनंद मार्ग संगठन कि जो अपूरणीय क्षति हुई है उसकी भरपाई मुश्किल है और यह कहा जा सकता है कि उनके जैसा वरिष्ठ, कर्मठ, विद्वान और समर्पित सन्यासी के जाने से संगठन का एक युग समाप्त हो गया है। वरिष्ठ मार्गी विश्वनाथ ने कहा कि आनंद मार्ग प्रचारक संघ शुरू से ही विश्वस्तरीय योजना बनाकर धर्म का प्रचार प्रसार कर रहा है। मार्ग गुरुदेव श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने पूरी दुनिया को 9 सेक्टर में बांटा है। करुणानंद ने लगभग 90 देशों में घूम- घूम कर वहां के हजारों लोगों को साधना सिखाया। करुणानंद गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति की काफी प्रिय थे। इनके निधन पर आचार्य सिद्धार्थआनंद अवधूत, भुक्ती प्रधान मधेस्वेर, देवनाथ, सरोज, मणिकांत, प्रदीप, जगदीश, अमरेश, दीपक, प्रयाग, करुणा करण, रेनू, पूनम, मुन्नी, उर्मिला, चांदनी आदि सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## समाजसेवी ने अपने निजी खर्च किया कंबल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

पलामू। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया कला के पंचायत भवन में बढ़ती ठंड एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल समाजसेवी जगन्नाथ प्रसाद सिंह ने अपने निचि खर्च के से पंचायत बसरिया कला में 160 कंबल का वितरण किया और गरीब से आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने कहा कि किसी भी लड़की का शादी विवाह हो उस गरीब का मदद करने का कार्य करते है और हर गरीब का हक दिलवाने हम हमेशा खड़े हैं। कंबल वितरित में कई दिव्यांग व्यक्ति भी मौजूद रहे। मौके पर पंचायत बसरिया कला के उपमुखिया योगेन्द्र कुमार चौधरी,कंचन प्रजापति, धमेंद्र उपाध्या, (गबर),दीपनारायण यादव एवं अन्य गणमान्य, ग्रामीण जनता कंबल वितरित में उपस्थित थे।



# जो राष्ट्र भक्त नहीं है, वह प्रभु भक्त नहीं हो सकता: हेमलता शास्त्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में रेड़मा स्थित राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन मथुरा से पधारीं अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता हेमलता शास्त्री जी ने सभी भक्त प्रेमियों को भगवान बालकृष्ण की कई लीलाओं को बताया। भागवत उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने माखन लीला की। इसे लेकर सभी को कंस के कर्ज से मुक्त किया। ब्रज की रक्षा हेतु भगवान ने गिरिराज जी को धारण किया और इंद्र के कोप से बचाया, इंद्र का मान मर्दन किया। उन्होंने कथा के मध्य में कहा कि जो राष्ट्र भक्त नहीं है वह प्रभु भक्त नहीं हो सकता। इसलिए हम सबको राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए। इस दौरान सुंदर झांकी के साथ भारत माता की झांकी निकाली गई। आयोजक समिति द्वारा भारत माता का पूजन व देवी जी को



पगड़ी और तलवार भेंट किया गया। इस दौरान मुझे चढ़ गया भगवा रंग मेरा रंग दे बसंती चोला, हो जाओ तैयार साथियों, उठो घर-घर नाथ बजा दो इन सभी भजनों के माध्यम से भक्तों तक राष्ट्र का संदेश पहुंचाया। इसके पूर्व श्री मद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस को मुख्य अतिथि के रुप में सनातन धर्म के रक्षक राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के मार्गदर्शक अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय), शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग चिकित्सक डा संजय पांडेय ,सपत्नीक व सत्येन्द्र तिवारी ने धर्मपत्नी सीमा तिवारी के साथ भागवत आरती में भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा, युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह भागवत कथा समिति के संगठन मंत्री संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी) युवा वाहिनी के प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, संरक्षक राकेश पांडेय, ब्रजेश तिवारी प्रमंडलीय अध्यक्ष लललू पांडेय, कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, दिलीप पांडेय, मृत्युंजय तिवारी छोटू, विष्णु तिवारी, सतीश तिवारी व विशाल दूबे, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेका त्रिपाठी ने दोपहर की आरती में भाग लिया।

## डालसा में विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में पांच दिसंबर से नव दिसंबर तक पांच दिवसीय विशेष मध्यस्था अभियान की शुरूआत की गई। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवाद से संबंधित मामले को विशेष मध्यस्था अभियान के माध्यम से निपटारा करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि मामले का निपटारा पक्षकारों के रजामंदी के आधार पर किया जायेगा। पूरे मामले को कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्त्तण्ड प्रताप मिश्रा व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव लगातार देख रहे कर रहे हैं। विशेष मध्यस्था अभियान में पांच कुशल मध्यस्थ लगाये गये है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक विवादों का निपटारा कर घर बसाना है। विदित हो कि पूर्व में भी स्पेशल ड्राइव चलाकर कई मामलों का निपटारा किया जा चुका है। तथा कई परिवार का घर बसाया जा चुका हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर व अभियान चलाकर लोगों को मदद पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

सम्पादक की कलम से...

## 'जोहार' के साथ करें अभिवादन

**झारखंड** प्रशासनिक सेवा संघ की वार्षिक आमसभा में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी पदाधिकारियों से 'जोहार' के साथ अभिवादन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसा कहने से आप सभी पदाधिकारियों को लोगों से जुड़ने में मदद मिलेगी। साथ की उन्होंने लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की भी बात कही। रांची कॉलेज परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित आमसभा में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि जब तक प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत नहीं होती, तब तक कोई राज्य आगे नहीं बढ़ सकता है। किसी भी राज्य को आगे बढ़ाने में तथा गांव-गांव, शहर-शहर में लोगों को योजनाओं से जोड़ने में राज्य सेवाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपना कार्य करें, आपकी मांगों पर सरकार काम कर रही है। जोहार शब्द से तात्पर्य है तमाम सजीव और निर्जीव प्रकृति के अंगों की जय है। जोहार का अर्थ सबका कल्याण करनेवाली प्रकृति की जय है। इस तरह जोहार का अर्थ हुआ - सबका कल्याण करनेवाली प्रकृति की जय अर्थात प्रकृति के प्रति संपूर्ण समर्पण का भाव ही जोहार है। इस प्रकार आदिवासी समुदाय (अनुसूचित जनजाति) जोहार का प्रयोग सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण करने के लिए करते हैं और इस बात से यह भी स्पष्ट हो जाता हैं कि आदिवासी समुदाय सबका कल्याण चाहते हैं। जोहार का मतलब सबका कल्याण करनेवाली प्रकृति की जय अर्थात प्रकृति के प्रति संपूर्ण समर्पण का भाव ही जोहार है। आदिवासी समुदाय प्रकृति को धर्मेश, सिंगबोंगा, मरांग, बुरु आदि कई नामों से पूजा करते हैं। पूजा विधि-विधान में उस प्रकृति की सृजनहार अनंत शक्ति को अपनी भावना, विश्वास, श्रद्धा, मान्यता के अनुसार धन्यवाद देने के लिए सत्कार करने के लिए जोहार शब्द का उद्बोधन करता है। आदिवासी परंपरा के अनुसार प्रकृति के आदर सत्कार के लिए भी जोहार का प्रयोग किया जाता है। इधर, मुख्यमंत्री ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि वे ग्रास रूट पर कार्य करते हैं। उन्हें व्यवस्था के हर स्तर पर कार्य करने का अनुभव होता है। ऐसे में वे राज्य की तमाम समस्याओं और हालात से से भलीभांति वाकिफ होते हैं। ऐसे में अधिकारियों पर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि उसका लाभ आम जनता को मिल सके। सीएम ने कहा कि प्रखंड से लेकर झारखंड मंत्रालय तक राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की बड़ी टीम कार्य करती है। ऐसे में अधिकारी व्यवस्था की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कहा कि यह बात सही है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की व्यवस्था तथा कार्यशैली थोड़ी अलग है, लेकिन अगर आप इन वरीय अधिकारियों के सहयोगी के रुप में खड़े नहीं हो, तो वे भी एक कदम आगे नहीं चल पायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की मजबूती के लिए प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत होना अत्यंत जरूरी है, अगर किन्हीं वजह से प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो जाये, तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हम लोगों को जोहार कह कर अभिवादन करें। ऐसा कहने से आप सभी पदाधिकारियों को लोगों से जुड़ने में काफी मदद मिलेगी।

### आज का इतिहास

- **1885 :** पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
- **1932 :** महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किये।
- **1948 :** नेशनल कैडेट कोर की स्थापना।
- **1949 :** आजाद भारत के संविधान पर संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किये।
- **1971 :** सोवियत रूस का ह्ममार्स ऑर्बिटरह्ल मंगल ग्रह पर उतारा गया।
- **1975 :** गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सह:संस्थापक रॉस मैक्विर्टर की गोली मारकर हत्या।
- **1984 :** भारत में ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त पर्सी नॉरिस की मुंबई में गोली मारकर हत्या।
- **1999 :** हेलेन क्लार्क न्यूजीलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- **2011 :** प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीतकार सुल्तान खान का निधन।
- **2014 :** ऑस्ट्रेलिया के 25 वर्षीय बल्लेबाज फिलिप हयूज एक घरेलू मैच में हैलमेट के नीचे बाउंसर गेंद लगने से चोटिल हो गए। सर्जरी के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।
- **1527 :** पोप क्लीमेंस सातवें ने सम्राट कैरल प्रथम के साथ समझौता किया।
- **1688 :** फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1703 :** तूफान में ब्रिटिश नौसेना के 1500 नौसैनिक मरे।
- **1754 :** प्रसिद्ध जर्मन लेखक जॉर्ज फॉस्टर का जन्म।
- **1960 :** देश में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरू।
- **2008 :** मुंबई में हुए आतंकी हमले में 164 लोग मरे।
- **2012 :** अरविंद केजरीवाल ने 'आम आदमी पार्टी' का गठन किया।
- **2014 :** प्रसिद्ध इतिहासकार तपन राय चौधरी का निधन।
- **1759 :** इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
- **1831 :** ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की।
- **1832 :** दक्षिण कैरोलिना ने अधिसूचना का अध्यादेश पारित किया।

# संकट से जूझता संचार तकनीक क्षेत्र

> आइआइटी, आइआइएम समेत तमाम बड़े विश्वविद्यालय (खासकर निजी) हाल तक दावे करते रहे हैं कि उनके यहां से आइटी-कंप्यूटर में डिग्री लेने वाले युवा तमाम नामचीन से लेकर स्टार्टअप कंपनियों में करोड़ों के वेतन पर नियुक्ति पा रहे हैं। आइटी से संबंधित नौकरियों की इस गुलाबी तस्वीर में इस साल के आरंभ में पटरी पर लौटती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर कोई नुक्स भी नजर नहीं आ रहा था, लेकिन सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के अधिग्रहण के साथ ही माहौल बदलता दिखने लगा। खासकर जब एलन मस्क ने ट्विटर का संचालन अपने हाथ में लिया।

जब से दुनिया में कंप्यूटर क्रांति हुई है, सबसे ज्यादा नए रोजगार इसी क्षेत्र में पैदा हुए हैं। असंख्य प्रतिभाशाली युवाओं को इस क्षेत्र में लाखों-करोड़ों के वेतन वाली नौकरियां भी मिली हैं। वैसे तो आइटी के क्षेत्र में कामकाज की कोई कमी नहीं दिखती, मगर हाल के दिनों में इसमें नौकरियों में कटौती या छंटनी का संकट नजर आने लगा है। हाल में ट्विटर के सीईओ समेत हजारों युवाओं की नौकरी चली गई। कई आइटी, शिक्षा (कोचिंग) और ईकामर्स कंपनियों में बड़े पैमाने पर छंटनी की खबरें हैं। कई कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया रोक दी है। सवाल है कि कामकाज बढ़ने के बावजूद सेवा क्षेत्र से जुड़ी बड़ी और नामी कंपनियों तक में ऐसा कौन-सा संकट आया है, जो भर्ती रोकने और छंटनी करने जैसे उपाय आजमाए जा रहे हैं। क्या ये किसी बड़ी अस्थिरता और अनिश्चय के संकेत हैं या फिर कंपनियों के बढ़ते संचालन खर्च और घटते मुनाफे की परिणिति है या इसकी कोई और वजह है। सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) के क्षेत्र में शुरू हुआ छंटनी का दौर उन युवाओं में भी बेचैनी पैदा कर रहा है, जो कंप्यूटर विज्ञान जैसे पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। आइआइटी, आइआइएम समेत तमाम बड़े विश्वविद्यालय (खासकर निजी) हाल तक दावे करते रहे हैं कि उनके यहां से आइटी-कंप्यूटर में डिग्री लेने वाले युवा तमाम नामचीन से लेकर स्टार्टअप कंपनियों में करोड़ों के वेतन पर नियुक्ति पा रहे हैं। आइटी से संबंधित नौकरियों की इस गुलाबी तस्वीर में इस साल के आरंभ में पटरी पर लौटती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर कोई नुक्स भी नजर नहीं आ रहा था, लेकिन सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के अधिग्रहण के साथ ही माहौल बदलता दिखने लगा। खासकर जब एलन मस्क ने ट्विटर का संचालन अपने हाथ में लिया, उन्होंने कई बड़ी तब्दीलियों का एलान कर दिया। ट्विटर की एक विशेष सेवा ब्लूटिक के लिए उन्होंने शुल्क लगाने की घोषणा की और भारतीय पराग अग्रवाल को सीईओ पद से हटा दिया। इतना ही नहीं, कई अन्य शीर्ष अधिकारियों को बाहर करने के साथ उन्होंने वैश्विक स्तर पर कंपनी के आधे कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी। भारत में तो ट्विटर के नब्बे फीसद कर्मचारियों की नौकरी एक झटके में चली गई। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी आइटी और कंप्यूटर इंजीनियरिंग से जुड़े थे। मगर ऐसा सिर्फ ट्विटर में नहीं हुआ। नौकरियों में कटौती का सिलसिला फेसबुक (मेटा) से लेकर गूगल जैसी शीर्ष आइटी कंपनी और तमाम स्टार्टअप कंपनियों तक पहुंचा, जहां सूचना प्रौद्योगिकी की एक अहम भूमिका है। सोशल मीडिया कंपनियों में शुरू हुई छंटनी की आंच ऑनलाइन पढ़ाई, कोचिंग, खरीदारी और घर बैठे खाना मंगाने की सहूलियत देने वाले ऐप तक पहुंच गई। आश्चर्य है कि इनमें ऐसी स्टार्टअप कंपनियों की संख्या ज्यादा है, जिन्हें कोरोना काल में ज्यादा काम मिल रहा था। कोविड के दौर में लोग इनके माध्यम से घर बैठे कई तरह के काम कर रहे थे, लेकिन जैसे ही कोविड का असर कम हुआ, इन कंपनियों के कामकाज और कमाई में मंदी का असर दिखने लगा। ऐसा तब हुआ, जब कोविड के बाद वाले दौर में कारोबार बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि इसी दौर में पर्यटन उद्योग को काफी राहत मिली, क्योंकि लोग दो साल तक कहीं बाहर नहीं निकल पाये थे। मगर ऐसा सभी जगह नहीं हुआ। तकनीक या कहें कि टेक कंपनियों में मंदी आ सकती है, इसका अहसास तब हुआ, जब ट्विटर ने एलन मस्क के सुझाव पर कमाई बढ़ाने के उपायों पर अमल शुरू किया। ट्विटर की देखादेखी माइक्रोसाफ्ट ने भी अक्तूबर 2022 में अपने यहां एक हजार कर्मचारियों की छंटनी कर दी। इनके अलावा राइडशेयर कंपनी लिफ्ट में तेरह फीसद और पेमेंट प्रोसेसिंग फर्म-स्ट्राइप में चौदह फीसद कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की खबरों ने दुनिया का ध्यान खींचा। यहां तक कि दिग्गज ई-कामर्स कंपनी अमेजन और गूगल की पितृ कंपनी अल्फाबेट में भी छंटनी के साथ-साथ नई भर्तियों पर रोक की खबरें आ चुकी हैं। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि नये किस्म के जिस कामकाज से जुड़ी कंपनियों को रोजगार सृजन के मामले में सबसे ज्यादा तरजीह दी जा रही है, सबसे ज्यादा मुश्किलें उन्हीं के साथ पैदा हुई हैं।

**■ अभिषेक कुमार सिंह**

# गिरगिट की किटकिट

अंग्रेजी में पढ़े लिखे लोग इसे केमेलियोंन भी कहते है। ये नाम ग्रीक शब्द केमेल (भूमि) और लायन (शेर) से मिलकर बना है। अर्थात केमेलियोंन का मतलब, धरती पे फिरने वाला शेर है। तो शेर अकेला चलता है, केमेलियोंन भी अकेला ही चलता है। इसे आसपास दूसरे गिरगिट पसंद नही होते। सरीसृपों में गिरगिट की चाल अनोखी है। वो अगले पांवों पर तनकर, सीना उठाकर मटकता सा चलता है। गिरगिट यूं तो काडेर्टा का मेम्बर है, याने रीढ़ की हड्डी होती तो है, लेकिन यूज नही होती। वो सीधा खड़ा नही होता, और यही उसकी ताकत है। सर झुकाकर, घात लगाकर, मौका पाते ही शिकार करता है। शिकार का हथियार अविश्वसनीय है, यूनिक है। प्राणी जगत में इस हथियार से हत्याङ्कगिरगिट और मनुष्य ही कर सकते हैं। वो हथियार है- जुबान। गिरगिट की जुबान उंसके बदन से दोगुनी लम्बी होती है। यूं समझिये की अगर गिरगिट इंसान होता तो उसकी जुबान 12 फीट या तीन मीटर होती। इतनी लंबी जुबान होने का अहसास बाहर से देखने वाले को हो नही पाता। जुबान मुंह के भीतर रोल होकर रखी होती है। सही शिकार, सही मौका देखकर तीर की तरह फेंकी जाती है। चिपचिपी, लसलसी, लम्बी जुबान में कीड़े मकोड़े चिपक कर गिरगिट के मुंह मे खिंचे चले जाते हैं, निवाला बनने के लिए। मोरल- कीड़े मकोड़े ही गिरगिट की जीभ में लपटते है। - गिरगिट छोटे या मध्यम आकार के होते हैं। कुछ मौका पाकर मुटा भी जाते है। वजन हल्का होता है जो मौका देखकर फुदक कर भागने के लिए उपयुक्त है। परिवेश में घुल जाना, गिरगिट की सुरक्षा है। इसे केमोफलेजिंग कहते है। असल मे गिरगिट जहां होता है, वैसा बन जाता है। पत्तो में हरा, तनों में भूरा, फूलों में रंगीन। यूं समझिये कि पूर्वांचल पहुचे तो छोरा, गंगा किनारे वाला दिखेगा मगर पठानों के बीच हो, तो पठान का बच्चा दिखेगा। गिरगिट का असल रंग, असल पहचान समझना मुश्किल ही नही नामुमकिन भी है। मगर ठहरिये। रंग बदलना उसकी स्मार्टनेस नही, भय है। असल में उसकी स्किन के नीचे पिगमेंट्स की सतह होती है, जिसके साथ होते है ग्वानीन के क्रिस्टल। उसकी स्किन फैलती सिकुड़ती है, इससे क्रिस्टलों की सघनता बढ़ती घटती है। इससे गिरगिट पर पढ़ने वाले प्रकाश के प्रकीर्णन की प्रकृति बदल जाती है और दिखाई देते हैं बदले हुए रंग। पर जैसा कहा मैंने यह उसका गुण कम, भय ज्यादा है। असल मे गिरगिट एग्जोथर्मिक होता है। याने उसकी खुद की आत्मिक गर्मी कम होती है, और वह अपना जीवन संरक्षित रखने के लिए माहौल की गर्मी पर निर्भर करता है। ऐसे में उसे माहौल के अनुसार रंग बदल कर शरीर से उसकी गर्मी के अंतर को शून्य करता है। सरलता से ऐसे समझिये की गिरगिट को जीना है तो उसे माहौल की गर्मी चाहिए। मानवीय गिरगिट अपने जीने के लिए माहौल को गर्म कर देते हैं, खूनी लाल उन्हें पसंद होता है। गिरगिटों की ज्ञात जंगली प्रजातियों में से आधी मेडागास्कर में पाई जाती है, शहरी प्रजातियों में ज्यादातर राजधानी के समीप। जंगली प्रजातियां इंसानों के लिए खतरनाक नही होती। मगर ट्राई न करें, विशेषकर शहरी प्रजाति से। उसकी बदलती रँगीन त्वचा से मेसम्राइज्ड जीव, अक्सर उसकी चिपचिपी लम्बी जीभ का वार झेल नही पाते। गिरगिट का निवाला बनने से बचें। खासतौर पर जब आपकी हैसियत कीड़े मकोड़ों की हो चुकी हो। शिकार करते वक्त गिरगिट, परम आध्यात्मिक ज्ञानी की तरह अधखुली आंख के साथ, परम तत्व को प्राप्त होने की अवस्था का अभिनय करता है। बेचारे कीड़े मकोड़े इससे भ्रमित हो कर आवरण को भूल कर उसके पास मंडराने लग जाते हैं और ग्रास बन जाते हैं।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

राजपुत्रीको आयी हुई सुनकर राजा रैभ्य प्रेमपूर्वक मन्त्रियोंके साथ उसके सम्मुख शीघ्रतासे पहुँच गये। मलिन वस्त्र धारण की हुई उस पुत्रीको राजाने बहुत दिनोंके बाद देखा, पुनः यशोवतीने रैभ्यको सारा वृत्तान्त विस्तारके साथ बताया। तत्पश्चात एकवीरसे मिलकर राजा रैभ्य उन्हें आदरपूर्वक घर ले आये। पुनः उन्होंने शुभ दिनमें विधिविधानसे दोनोंका विवाह सम्पन्न कराया। तदुपरान्त राजाने पर्याप्त वैवाहिक उपहार देकर एकवीरको भलीभाँति सम्मानित करके पुत्रीको यशोवतीसहित विदा कर दिया ॥ 61-64 ॥

इस प्रकार विवाह हो जानेपर लक्ष्मीपुत्र एकवीर हर्षित हो गये और घर पहुँचकर अपनी भार्या एकावलीके साथ नानाविध सुखोपभोग करने लगे। यथासमय उस एकावलीसे कृतवीर्य` नामक एक पुत्र उत्पन्न हुआ। उस कृतवीर्यके` पुत्र कार्तवीर्य हुए। इस प्रकार मैंने आपसे इस हैहयवंशका वर्णन कर दिया ।। 65-66 ॥

राजा बोले- हे भगवन्! आपके मुखार- विन्दसे निर्गत इस अमृततुल्य दिव्य कथारसका निरन्तर पान करते रहनेपर भी मैं तृप्त नहीं हो पा रहा हूँ ॥ 1 ॥

आपके द्वारा मुझसे यह विचित्र आख्यान विस्तारपूर्वक कहा गया हैहयवंशी राजाओंकी उत्पत्ति तो अत्यन्त आश्चर्यजनक है ॥ 2 ॥

मुझे इस विषय में महान् कौतूहल हो रहा है। कि देवाधिदेव जगत्पति लक्ष्मीकान्त भगवान् विष्णु स्वयं जगत्के उत्पत्तिकर्ता, पालनकर्ता तथा संहर्ता हैं; उन्हें भी अश्वरूप धारण करना पड़ गया ? सर्वथा स्वतन्त्र रहनेवाले वे अच्युत पुरुषोत्तम भगवान् हरि परतन्त्र कैसे हो गये ? हे ब्रह्मन् ! इस समय मेरे इस सन्देहका निवारण करनेमें आप पूर्ण समर्थ हैं। हे मुनिवर ! आप सर्वज्ञ हैं, अतएव इस अद्भुत वृत्तान्तका ` वर्णन कीजिये ॥ 3-5 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! सुनिये, इस सन्देहका निर्णय पूर्व समयमें मैंने मुनिश्रेष्ठ नारदजीसे जैसा सुना है, वैसा ही आपको बता रहा हूँ ॥ 6 ॥

नारदजी ब्रह्माजीके मानस पुत्र हैं। वे तपस्वी, सर्वज्ञानी, सर्वत्र गमन करनेवाले, शान्त, समस्त लोकोंके प्रिय एवं मनीषी हैं ॥ 7 ॥

एक बार वे मुनिवर नारद स्वर तथा तानसे युक्त अपनी महती नामक वीणा बजाते हुए तथा सामगानके बृहद्रथन्तर आदि अनेक भेदों और अमृतमय गायत्र-सामका गान करते हुए इस पृथ्वीपर विचरण करते हुए मेरे आश्रमपर पहुँचे। वह शम्याप्रास महातीर्थ सरस्वतीके पावन तटपर विराजमान है। कल्याण और ज्ञान प्रदान करनेवाला वह तीर्थ प्रधान ऋषियोंका निवासस्थान है ॥ 8-10 ॥

- **क्रमशः**

# क्या पार्षदों को मिलना चाहिये वेतन?

योजना आयोग की पहल पर गठित बलवंत राय मेहता समिति ने नवंबर 1957 में पंचायती राज व्यवस्था को लेकर अपनी रिपोर्ट दी थी, तो माना गया था कि संविधान सभा की गलती एक तरह से सुधारने की तैयारी शुरू हो गई है। बेशक इसके 36 साल बाद संसद ने पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक जामा पहनाने वाला कानून पारित किया, लेकिन पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत मेहता समिति की सिफारिशों के बाद ही हो गई थी। स्थानीय स्वशासन की इस व्यवस्था ने वैधानिक रूप से गहरे तक पैर फैला लिया है। **क्या सोचा, क्या हुआ :** मगर स्थानीय शासन की व्यवस्था कितनी मजबूत है, म्युनिसिपल एरिया की सड़कों, पेयजल व्यवस्था, स्कूली सिस्टम और हेल्थ सिस्टम सहित ऐसी कई चीजों को देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। अपवादों को छोड़ दें तो स्थानीय स्वशासन वाली व्यवस्था के तहत आने वाली सड़कें राज्य स्तरीय व्यवस्था से संचालित और व्यवस्थित होने वाली सड़कों की तुलना में कहीं ज्यादा बदहाल हैं। चाहे मुंबई हो या दिल्ली या कोई और महानगर, सबका यही हाल है। उत्तर प्रदेश और बिहार की नगरपालिकाओं को भी देख लीजिए। कूड़ा और गंदगी के ढ़ेर में नगर बैठे हुए हैं। इंदौर और मैसूर जैसे शहर इसके अपवाद हो सकते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि चाहे नगरपालिका, नगर निगमों के जिम्मे वाली सडकें, स्कूल, अस्पताल की स्थिति दयनीय है। पंचायती राज या स्थानीय स्वशासन आज लूट-खसोट और अवैध कमाई का प्रतीक बन गया है। ग्रामीण इलाके की पंचायती व्यवस्था हो या नगरीय इलाके का सिस्टम, सब जगह पंचायत प्रतिनिधियों की प्राथमिकता कमाई हो गई है। कमीशनखोरी और मोटी कमाई का स्कोप ही है कि महानगरपालिकाओं या नगर निगमों में मोटी रकम देकर पार्षद के टिकट हासिल किये जा रहे हैं। दिल्ली नगर निगम में इन दिनों चुनावी प्रक्रिया जारी है। यहां से पार्षद का टिकट हासिल करने के लिए कथित रूप से करोड़ों रुपये चढ़ावा देने की खबरें सामने आई हैं। कुछ विधायकों से कार्यकर्ताओं ने मारपीट भी की है। कार्यकर्ताओं का आरोप रहा है कि विधायक ने उनसे या उनके नेता से टिकट दिलाने के नाम पर मोटी रकम ली, लेकिन टिकट उससे भी ज्यादा रकम देने वाले को दे दिया गया। **कैसे लगे लगाम :** यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि सांसद और विधायक की तरह- नगर निगमों, नगर पालिकाओं के पार्षदों या मेयर आदि को कोई वेतन आदि नहीं मिलता। भत्ते भी नाम मात्र के मिलते हैं। नामी और स्थापित पार्टियों के टिकट पर निगम चुनाव लड़ने की अगर होड़ है तो इसका मतलब यह नहीं कि चुनाव लड़ने वाले गांधी, लोहिया, जयप्रकाश या दीनदयाल उपाध्याय की सोच के मुताबिक सेवा की राजनीति करने आए हैं। पार्षद का पद इसलिए चाहिए, ताकि अपने इलाके में बनने वाले भवन से अवैध वसूली की जा सके, निगम की जिम्मेदारी वाली सडकों, नालियों, फुटपाथों, पार्कों आदि के नवनिर्माण पर खर्च होने वाली रकम पर ठेकेदार और अधिकारी से मोटी कमाई की जा सके। यही वजह है कि अब नगर पालिकाओं, नगर निगमों और महानगर पालिकाओं के चुने हुए पार्षदों तक को वेतन देने की मांग होने लगी है। हाल में ही ऐसी मांग दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी मालेर्ना ने भी की है। **देश उलटबांसियों का :** अपना देश भी गजब-गजब की उलटबांसियों से भरा पड़ा है। एक तरफ लोक को अधिकार देने और स्थानीय स्वशासन का वह हिमायती है, लेकिन व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए उसका रुख ऊपर की ओर होता है। अपराध की रोकथाम के लिए केंद्रीय बल चाहिए तो जांच के लिए सीबीआई।

**■ उमेश चतुर्वेदी**

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## दुर्व्यवहार न करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। इस बारे में ना तो सामाजिक संस्था पहल करती है और ना ही सरकारी पहल होती है। अगर हमारी जुबान ही गंदी होगी तो हम अपने शहर व समाज को साफ कैसे रखेंगे? मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

**■ महेश कुमार , मेदिनीनगर।**

# ओली को कमान दिलाने के लिए जोड़-तोड़ करवा रहा चीन!

खबर है कि प्रधानमंत्री बनने के लिए नेपाली कांग्रेस में चल रही उठापटक के बीच खुद प्रचंड प्रधानमंत्री बनने के लिए अन्य विकल्प तलाश रहे हैं और मौका पड़ा तो वह नेपाली कांग्रेस और निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा का साथ छोड़ सकते हैं। नेपाल में संसदीय चुनाव तो हो गये लेकिन प्रधानमंत्री कौन बनेगा इसको लेकर अभी संशय बरकरार है। हम आपको बता दें कि संसदीय चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी नेपाली कांग्रेस ने अगली सरकार बनाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। लेकिन अन्य दल भी अपने लिये संभावनाएं तलाश रहे हैं। रिपोर्टें तो इस प्रकार की भी हैं कि नेपाल में सरकार गठन के लिए छोटे दलों को बड़े लालच दिये जाने का खेल इस समय जोरों पर चल रहा है। नेपाल के अब तक आये चुनाव परिणाम की बात करें तो नेपाली कांग्रेस पार्टी ने अब तक प्रतिनिधि सभा के सीधे चुनाव के तहत 55 सीट जीती हैं जबकि विपक्षी सीपीएन-यूएमएल (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) ने 44 सीटों पर जीत हासिल की है। संसदीय चुनाव में सीपीएन-माओवादी सेंटर को 17, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी को चार और राष्ट्रीय जनमोर्चा को एक सीट मिली है। इसके अलावा विपक्षी यूएमएल के दो सहयोगी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने सात-सात सीटें हासिल की हैं। उल्लेखनीय है कि संसद के 275 सदस्यों में से 165 प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जायेंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुने जायेंगे। नेपाल में बहुमत की सरकार बनाने के लिए एक पार्टी को कम से कम 138 सीटों की जरूरत होती है। इस बीच, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह का कहना है कि पार्टी ने अगली सरकार बनाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श तेज कर दिया है। उनका कहना है कि सभी सीटों के नतीजे आने के बाद और आनुपातिक मतदान प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाने वाली सीटों का निर्धारण होने के बाद उनकी पार्टी अपने संसदीय दल के नेता का चुनाव करेगी। उल्लेखनीय है कि नेपाली कांग्रेस में छह नेताओं ने प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा व्यक्त की है। खुद पूर्व उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह उन नेताओं में शामिल हैं जो अगले प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि नेपाली कांग्रेस की ओर से वर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा फिर से इस पद की दौड़ में हैं। इसके अलावा देउबा के गठबंधन सहयोगी सीपीएन माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा और रामचंद्र पौडयाल भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। इस बीच, खबर है कि प्रधानमंत्री बनने के लिए नेपाली कांग्रेस में चल रही उठापटक के बीच खुद प्रचंड प्रधानमंत्री बनने के लिए अन्य विकल्प तलाश रहे हैं और मौका पड़ा तो वह नेपाली कांग्रेस और निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा का साथ छोड़ सकते हैं। नेपाली कांग्रेस में चल रही उठापटक की बात करें तो आपको बता दें कि वहां पार्टी का एक धड़ा देउबा को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की वकालत करते हुए बयान जारी कर रहा है। इस धड़े का मानना है कि चूंकि देउबा के नेतृत्व में ही पार्टी को इतनी बड़ी जीत मिली है इसलिए देश की कमान उन्हीं को संभालनी चाहिए। लेकिन नेपाली कांग्रेस में नया नेतृत्व लाने की वकालत करने वाले स्वर भी मुखर हो रहे हैं। इस बीच, खबर यह भी है कि शेर बहादुर देउबा ने गठबंधन सरकार के गठन संबंधी मुद्दों पर बातचीत के लिए अपने एक सहयोगी को प्रचंड के पास बातचीत के लिए भेजा था लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को ज्यादा महत्व नहीं दिया। देखा जाये तो नेपाल में यह तय है कि गठबंधन सरकार ही बनेगी इसलिए यदि देउबा प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं तो उनके नाम पर गठबंधन के नेताओं की सहमति होना जरूरी है लेकिन प्रचंड जिस तरह के तेवर दिखा रहे हैं उससे देउबा की राह मुश्किल होती नजर आ रही है। इस तरह की भी खबरें हैं कि प्रचंड चाहते हैं कि देउबा और प्रचंड को आधे आधे कार्यकाल के लिए सरकार का नेतृत्व करने का मौका मिले।

**■ नीरज कुमार दुबे**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## मोतिहारी पुलिस के विशेष अभियान में 114 अपराधी गिरफ्तार

**मोतिहारी (एजेंसी)।** एसपी डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा चलाए गये अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्र से 114 अपराधी गिरफ्तार किये गये। इसकी जानकारी देते एसपी ने बताया कि अपराध नियंत्रण और निवारण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं कांडों के सम्यक अनुसंधान एवं निष्पादन के लिए निरंतर अधिकाधिक गुणवत्तापूर्ण गिरफ्तारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में कुल 114 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इनमें 02 हत्या, 28 मद्यनिषेध तथा 06 हत्या का प्रयास अपराध के आरोपी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मोतिहारी पुलिस द्वारा गत एक माह के दौरान लगभग 1800 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## सारण में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-वाराणसी रेलखंड के रिविलगंज-मांझी रेलखंड के मध्य भदपा गांव के समीप सोमवार को ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बलिया से सियालदाह जाने वाली ट्रेन संख्या 13106 से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के बलिया जिले के दुबहर थाना क्षेत्र के बुलापुर गांव निवासी सुमेर यादव के 22 वर्षीय पुत्र सोनू यादव के रूप में की गयी है। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है।

## सारण में महिला की गोली मारकर हत्या

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार के सारण जिले के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात मोटरसाइकिल पर सवार अपराधियों ने बिचला तेलपा मुहल्ला निवासी सनोज कुमार के घर धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने सनोज कुमार की 30 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद आज शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय उच्च पथ पर ऑटो से कुचलकर युवक की मौत

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बेगूसराय-खगड़िया एनएच-31 फोरलेन इन दिनों मौत का उच्च पथ बन गया है। सोमवार को भी राष्ट्रीय उच्च पथ पर लाखो सहायक थाना क्षेत्र के लाखो विश्वकर्मा चौक के समीप सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई मृतक स्थानीय निवासी नीरज कुमार है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने विश्वकर्मा चौक के समीप एनएच पर शव रखकर यातायात ठप कर दिया है। बताया जा रहा है कि पेंटिंग का काम करने वाला नीरज कुमार सोमवार को सड़क किनारे से चाय पीने जा रहा था इसी दौरान तेज गति से आ रहे हो नियंत्रित ऑटो ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# योगी सरकार ने पेश की 3378954.67 लाख का अनुपूरक बजट

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को योगी आदित्यनाथ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये 3378954.67 लाख करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया जिसमें करीब 14 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान नई योजनाओं में खर्च करने के लिये रखा गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में अनुपूरक अनुदानों की मांग सदन के पटल पर रखी वहीं विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। दोनो सदनों में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प सत्ताधारी दल के सदस्यों ने दोहराया। बजट में फरवरी में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए 296 करोड़ का प्रावधान है ता आगामी वर्ष में यूपी में आयोजित होने वाले जी-20 के कार्यक्रमों के खर्च के लिए भी व्यवस्था की गई है। वहीं स्टार्टअप व इन्क्यूबेटर के लिए 100 करोड़, प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए 200 करोड़ रुपये, स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए 899 करोड़ आवंटित किए जाएंगे। सबसे ज्यादा 8000 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निजी इंडस्ट्रियल पार्क व हब के तौर पर विकसित करने के लिए प्राविधानित है।



प्रयागराज कुंभ को भव्य-दिव्य बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए इस अनुपूरक बजट में 521 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जबकि 10 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट पर न्यायालय परिसरों के निर्माण के लिए 400 करोड़ का प्रावधान है। बजट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महात्वाकांक्षी योजना सीएम फेलोशिप का भी ध्यान रखा गया है तो स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी व प्रधानमंत्री आवास योजना को आगे बढ़ाने के लिए भी वित्तीय प्रस्ताव शामिल है। सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग दो हजार करोड़ मांगे गए हैं, तो युवाओं को निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए 300 करोड़ खर्च किए जाएंगे। आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना बाबत मुख्यमंत्री योगी की घोषणा को पूरा करते हुए इस बजट में पांच करोड़ रुपये रखे गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान भवन में नवीन कॉरिडोर के अलावा सत्ता पक्ष लॉबी और प्रति पक्ष लॉबी का उद्घाटन भी किया। दोनों ही लॉबी में बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है और इनकी दीवारों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के साथ पूर्व विधायकों के भी चित्र प्रदर्शित हैं।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों ने समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सहारनपुर में सड़क हादसे में दंपति समेत तीन की मौत

**सहारनपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के कुतुबशेर क्षेत्र में एसयूवी की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी है। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को बताया कि बीती रात यह हादसा नकुड़ रोड पर कुमारखेड़ा गांव के पास हुआ जब बाइक सवार राधेश कुमार (34),पत्नी सपना (30) और छोटी बहन संगीता के साथ नकुड़ क्षेत्र के गांव मच्छरहेड़ी में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे कि एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने बोलेरो चालक सुनील पंथी निवासी उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ के अस्पताल में चार मासूमों की मौत

## परिजनों का आरोप- 'बिजली गुल होने से गई जान'

**रायपुर (एजेंसी)।** सरगुजा जिला स्थित मुख्यालय अंबिकापुर के मेडिकल अस्पताल स्थित मातृ शिशु अस्पताल के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में भर्ती 4 बच्चों की रविवार देर रात मौत हो गई है। सोमवार की सुबह इस बात की जानकारी मिली है। रविवार रात को यहां बिजली गुल हुई थी।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने बयान में सोमवार को कहा कि 4 बच्चों की मौत की जानकारी मुझे मिली है इसलिए विभागीय प्रमुख अधिकारी, हेल्थ सेक्रेटरी को फोन कर तत्काल एक जांच टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मैंने सीएम को भी इस बात की जानकारी दे दी है। मैं खुद अस्पताल जाऊंगा और जायजा लूंगा। एसएनसीयू में जिन परिजनों के बच्चों की मौत हुई, उनमें बिश्रामपुर निवासी गौरव कुमार सिंह, उदयपुर के ग्राम जजगा निवासी अरविंद खलखो, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ निवासी प्रदीप तिग्गा तथा सूरजपुर जिले के रमकोला निवासी विकास देवांगन शामिल हैं।



जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले के राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मातृ-शिशु अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में कई नवजात बच्चे भर्ती थे। रविवार की रात करीब 11 बजे अस्पताल की बिजली अचानक गुल हो गई। करीब 4 घंटे बाद जब बिजली आई तो एक-एक कर 4 नवजातों की मौत हो चुकी थी। अस्पताल में लाइट गुल होने के बाद अफरा-तफरी मच गई थी। वार्मर ने काम करना बंद कर दिया था। जब लाइट आई तो बच्चों को वार्मर पर रखा गया। इसके बाद बच्चों की मौत होनी शुरू हो गई। परिजन कहने लगे कि बिजली बंद हुई थी। इस वजह से बच्चों की जान गई है। अस्पताल ने भी लापरवाही की है। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बिजली जरूर कुछ देर के लिए बंद हुई थी। मगर वैंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट चालू था। बच्चों की हालत पहले से क्रिटिकल थी।

इस बात की खबर लगते ही मौके पर अस्पताल के डीन रमणेश मूर्ति, कलेक्टर कुंदन कुमार और सीएमएचओ पीएस सिसोदिया समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए हैं। फिलहाल मामले में जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पहले भी मेडिकल कॉलेज सह-जिला अस्पताल में भर्ती 4 नवजात बच्चों की 3 घंटे के भीतर मौत हो गई थी। सभी नवजात एसएनसीयू में भर्ती थे।

# खनन माफिया प्रतिदिन डाल रहा हैं डाका, विभाग रोकने में असफल

**किशनगंज (एजेंसी)।** जिले में ठाकुरगंज प्रखंड के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में उत्खनन के कारण क्षेत्र खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। ईंट भट्टा निर्माण में इजाफा के साथ ही क्षेत्र में मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र खंडहर में धीरे-धीरे तब्दील हो रहा है। पौआखाली थाना क्षेत्र, सुखानी थाना क्षेत्र, जियापोखर थाना क्षेत्र में यह खंडहर का नजारा ज्यादा देखने को मिल रहा है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार कुछ ऐसे भी जगह है जहां से मिट्टी के अलावे मोटे किस्म के बालू भी उत्खनन किया जा रहा है। नाम ना बताने की शर्त पर स्थानीय कई लोगों ने बताया कि रात के अंधेरे में बालू का उत्खनन कर ढेर लगा दिया जाता है और दिन में मौका मिलते ही ट्रैक्टर द्वारा बालू को बेचा जाता है



और यह काम खुलेआम हो रहा है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि उत्खनन इतनी गहराई से किया जाता है कि जमीन के अंदर से पानी तक निकल आता है। आखिर खुद का जेब गर्म करने के चक्कर में बालू माफिया सरकार के राजस्व में डाका डाल रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरिभिट्ठा, जियापोखर, बांसबारी, बारहपोठिया सहित कई स्थान से रोजाना भारी मात्रा में उत्खनन किया जाता है। प्रतिदिन सरकार के राजस्व में लाखों रुपये की क्षति हो रही है लेकिन विभाग

# जनता के बीच खत्म हो चुकी है नीतीश कुमार की साख : प्रशांत किशोर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जन सुराज यात्रा पर निकले चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लगातार गलतबयानी और झूठ बोलने के कारण नीतीश कुमार की साख जनता के बीच खत्म हो गई है। पीके ने कहा कि नीतीश के झूठ का घड़ा भर गया है। हर गांव में लोग उनसे आक्रोशित हैं। वे जिस किसी जनसभा में जायेंगे, वहां हंगामा होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को मैं फिर चुनौती देता हूं, अगर उनमें हिम्मत है तो बगैर सरकारी सुरक्षा के बिहार के किसी पंचायत में लोगों के साथ एक जनसभा करके दिखा दें। प्रशांत ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान नीतीश कुमार घूम-घूम कर कह रहे थे कि 10 लाख नौकरी देने की बात कहने वाला लोगों को ठग रहा है। वह कहां से पैसा लायेगा? लेकिन जब तेजस्वी यादव के साथ सरकार बनायी तो गांधी मैदान से कह दिया कि 10 लाख नौकरियां देंगे। 15 अगस्त को





एलान करने के बाद उन्होंने नौकरी देने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि ये तो सिर्फ एक उदाहरण है। नीतीश कुमार ने लगातार गलतबयानी की है। ऐसे में जनता के बीच उनकी साख पूरी तरह खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि कुढनी में चुनाव प्रचार करने गये नीतीश-तेजस्वी की सभा में हंगामा इस बात का उदाहरण है कि लोगों में किस कदर गुस्सा भर गया है। अभी उन्होंने नौकरी मांगने वालों को अपने पार्टी के लोगों से पिटवा दिया, कहीं पुलिस से पिटवायेंगे। लेकिन लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। नीतीश जिस सभा में जायेंगे वहां कभी टीईटी पास अभ्यर्थी प्रदर्शन करेंगे, कहीं शिक्षकों का आक्रोश फूटेगा, कहीं सांख्यिकी सहायक भड़केंगे तो कहीं ग्रामीण नारेबाजी करेंगे। नीतीश कुमार के झूठ से परेशान लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को तेजस्वी यादव से सवाल पूछना चाहिये। 2020 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव घूम-घूम कर कह रहे थे कि सरकार बनते ही वे पहली कैबिनेट की बैठक में दस लाख नौकरी देने की फाइल पर साइन करेंगे। लोगों को उनसे पूछना चाहिये। सरकार में आए हुए तेजस्वी यादव को चार महीने होने वाले हैं। क्या उनकी कलम टूट गयी है या स्याही सूख गया है या फिर कैबिनेट की बैठक ही नहीं हुई है? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव यह दावा कर रहे थे कि बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद रिक्त हैं। फिर अब बिहार के शिक्षा मंत्री तेजस्वी यादव की पार्टी के हैं, ऐसे में तेजस्वी यादव क्यों नहीं नियुक्ति करा पा रहे हैं? टीईटी पास अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग में लगातार धरना पर बैठे हैं।

# मैनपुरी लोकसभा और रामपुर-खतौली विस सीट पर मतदान खत्म, 8 को फैसला



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर व खतौली विधानसभा सीट पर मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ और शाम 6 बजे खत्म हो गया। सभी सीटो पर सीधे तौर पर मुकाबला बीजेपी और सपा के बीच में है। मैनपुरी की बात करें तो मुकाबला भाजपा श्र सपा में है। रामपुर में भी बीजेपी और सपा में मुकाबला है। वहीं खतौली में भाजपा की सपा की सहयोगी पार्टी रालोद से सीधी टक्कर है। मैनपुरी सीट पर मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य के बीच मुकाबला है। वहीं रामपुर सीट पर सपा ने आजम खान के करीबी आसिम राजा और बीजेपी के आकाश सक्सेना में मुकाबला है। खतौली विधानसभा उपचुनाव की बात करें तो भाजपा और सपा-



**वरिष्ठ** भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने अपनी पत्नी सीमा नकवी के साथ लाइन में लगकर 37 रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में बूथ नंबर 374 , दनियापुर स्थित बूथ पर मतदान किया।

रालोद गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है। बीजेपी के विक्रम सिंह सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी और रालोद के मदन भैया में कड़ा मुकबला है। हालांकि मतदाताओं कौन लुभा पाया है, इस बात का पता तो 8 दिसंबर को चलेगा जब चुनाव परिणाम सामने आएंगे।

# कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतदान खत्म, 8 दिसंबर को होगी मतगणना

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा की कुढ़नी सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान खत्म हो गया है। यहां पर 5 बजे तक 53 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुढ़नी सीट मुजफ्फरपुर जिले के अंतर्गत आती है। इस उपचुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सीधा मुकाबला है। वहीं चुनाव परिणाम 8 दिसंबर को घोषित होंगे।

कुढ़नी सीट के इस उपचुनाव में कुल मिलाकर 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें 5 निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जिनके भाग्य का फैसला 311003 मतदाता सोमवार को अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर करेंगे। राजद के स्थानीय विधायक अनिल सहनी की अयोग्यता के बाद इस सीट पर उपचुनाव करवाया जा रहा है। सहनी को धोखाधड़ी के एक मामले में सीबीआई की जांच में दोषी ठहराया गया था, और तीन साल के जेल की सजा सुनाई गई थी। इस उपचुनाव में मुख्य रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू और विपक्षी दल भाजपा





करीब चार महीने पहले एक-दूसरे से अलग होने के बाद पहली बार आमने-सामने हैं।

बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल सबसे बड़ी पार्टी राजद ने यह सीट अपनी सहयोगी जदयू के लिए छोड़ दी थी । राजद के राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी सहयोगी पार्टी के पक्ष में चार रैलियां की और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच साझा किया। इस सीट पर मुख्य रूप से मुकाबला जदयू के मनोज सिंह कुशवाहा और भाजपा के केदार गुप्ता के बीच है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के गुप्ता को राजद के अनिल कुमार सहनी से 700 से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट से दो छोटे दलों विकास इंसान पार्टी (वीआईपी) और ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी भाजपा और जदयू के खिलाफ अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे हैं। वीआईपी ने जहां नीलाभ कुमार को मैदान में उतारा है, वहीं एआईएमआईएम ने ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के पूर्व सदस्य मोहम्मद गुलाम मुर्तजा पर भरोसा जताया है। मछुवारा समाज के अपने पक्ष में होने का दावा करने वाली वीआईपी ने कुढनी में हालांकि एक उच्च जाति भूमिहार समुदाय से आने वाले नीलाभ कुमार को चुनावी मैदान में उतारकर एक स्पष्ट संकेत देने की कोशिश की है कि वह भाजपा को परेशान करना चाहती है।

# बिहार में जोर पकड़ने लगी है अलग मिथिला राज्य की मांग

**पटना (एजेंसी)।** बिहार से अलग झारखंड राज्य के गठन के 22 साल बाद अब पृथक मिथिला राज्य की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी अलग मिथिला राज्य की मांग को लेकर मिथिलवासियों ने रविवार को राजधानी पटना में शक्ति प्रदर्शन करते हुए प्रोटेस्ट मार्च निकाला। मिथिला के छात्र और क्षेत्र के विकास के लिये संकल्पित मिथिला स्टूडेंट्स यूनियन (एमएसयू) के बैनर तले आयोजित मार्च में बड़ी संख्या में मिथिलवासियों ने हिस्सा लिया। मार्च गांधी मैदान से शुरू होकर जेपी गोलंबर से होते हुए राजभवन के लिए निकला। इस बीच डाक बंगला के पास तैनात मजिस्ट्रेट और सुरक्षाकर्मियों ने मार्च को रोक दिया। इसके बाद मार्च में शामिल लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। डाकबंगला पर ही प्रदर्शनकरियों और अधिकारियों के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद पांच लोगों के प्रतिनिधिमंडल को राजभवन में वार्ता के लिये ले जाने का आश्वासन मिलने पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। प्रदर्शकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बाद में राजभवन जा कर राज्यपाल के नाम मिथिला राज्य के गठन की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एमएसयू ने कहा है कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 में यह प्रावधान है कि राज्यों की सीमाओं का निर्धारण वहां बोली जाने वाली भाषा और संस्कृति के आधार पर होना चाहिये। इस अधिनियम के अनुरूप 14 राज्य और छह केन्द्र शासित प्रदेश बनाये गये थे। वर्तमान में 28 राज्य और 7 केन्द्र शासित प्रदेश हैं। एमएसयू के अनुसार मिथिला भू-भाग में 22 जिले बिहार और 7 जिले झारखंड में बसे हैं। उन सबकी एक भाषा, एक संस्कृति और मिलता-जुलता एक संस्कार है। इनकी कुल जनसंख्या तकरीबन 8 करोड़ है। यह भू-भाग राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत अलग राज्य का दर्जा पाने की पात्रता रखता है। लेकिन अभी तक यह उससे वंचित है। मिथिला स्टूडेंट यूनियन के अनुसार भौगोलिक, आर्थिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिथिला अलग राज्य का दर्जा पाने की योग्यता रखता है। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि शासक वर्ग मिथिला की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं रहता है।

# जातीय जनगणना से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाएं मुख्यमंत्री : डॉ. संजय जायसवाल

**पटना (एजेंसी)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने सरकार से जातीय जनगणना शुरू होने के पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है, जिससे सभी दल यह जान सकें कि गणना कैसे की जा रही है। डॉ जायसवाल ने रविवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में महागठबंधन पर चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को लागू नहीं करने को लेकर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जो उनके घोषणा पत्र में है, उसकी जवाबदेही उन्हें लेनी होगी। श्री जायसवाल ने कहा कि समाचार पत्रों से जानकारी मिली कि सात जनवरी से जातीय जनगणना शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके पहले सर्वदलीय बैठक बुलायी जानी चाहिए। पूर्व में यही निर्णय हुआ था कि सभी दलों की स्वीकृति के बाद जातीय गणना का काम शुरू होगा। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और मीडिया



विभाग के प्रमुख राजीव रंजन के अलावा कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी दलों को यह जानने का हक है कि गणना कैसे होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के दो प्रश्न हैं कि गणना में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को कैसे अलग रखा जायेगा और अगड़ी जातियों को जो पिछड़ी जाति में रखा गया उसका क्या होगा, यह जानने का हक राज्य की जनता को भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि महागठबंधन की सरकार है तो यह भी जरूरी है कि महागठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में पहली कैबिनेट की बैठक में 10 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन 10 बैठकें हो चुकी हैं और यह वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इसी तरह परीक्षा आवेदन पर फीस माफ करने और परीक्षा केंद्र तक जाने पर किराया देने का वादा किया गया था। इसके आलावा समान काम के लिए समान वेतन देने का भी भरोसा जनता को दिया गया था, लेकिन अब तक कोई वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस सरकार में जो भी नियुक्ति पत्र बांटे गए वह एनडीए काल के थे। उन्होंने कहा कि सीटीईटी और बीटीईटी के अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए अभी भी भटक रहे, जबकि इनकी नियुक्ति का फैसला एनडीए काल में ही हो गया था। डॉ जायसवाल ने महागठबंधन में शामिल दलों के घोषणा पत्र पर भी सवाल उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में मुफ्त कोरोना टीका देने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा को शामिल करने, 3.50 लाख शिक्षकों को नियुक्ति देने का वादा किया गया था, जो पूरा किया गया। इससे पहले, भाजपा कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सामाजिक संस्था फ्रेंड्स ऑफ मिथिला के सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को भाजपा की सदस्यता दिलायी और उनका स्वागत किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राहुल झा, मनोहर आनंद झा, कमलदेव यादव, सुजीत ठाकुर सहित 380 लोगों के नाम शामिल हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सीटीईटी और बीटीईटी अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति की जाए, नहीं तो भाजपा सड़कों पर उतरेगी।

### शराब बिहार में भगवान की तरह

# जो दिखती कहीं नहीं पर मिलती हर जगह है : रामबली सिंह चंद्रवंशी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में शराबबंदी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू हुये छह साल पूरे होने वाले हैं। इसे लेकर आए दिन बिहार की सियासत गरमाई हुई रहती है। सत्ता से बेदखल होकर विपक्ष में गयी भाजपा जहां शराबबंदी के मुद्दे पर नीतीश सरकार पर हमलावर है, वहीं विपक्ष से सत्ता में आई राजद इसको लेकर ऊहापोह की स्थिति में है। इसी कड़ी में सत्तारुढ़ महागठबंधन के प्रमुख घटक राजद के विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी ने शराबबंदी की पोल खोलकर रख दी है। उन्होंने कहा है कि शराब बिहार में भगवान की तरह है, जो दिखता कहीं नहीं है, लेकिन मिलती हर जगह है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में शराबबंदी सिर्फ नीतीश कुमार के चाहने से नहीं लागू हुई, बल्कि यह एक सर्वदलीय फैसला था। जब सभी दलों की सहमति से कानून लागू किया गया था तो अब इस कानून को अकेले कोई दल वापस नहीं ले सकता है।



सभी दल मिलकर कहें कि शराब चालू हो, तो शराब चालू हो जायेगी। विधान पार्षद ने कहा कि शराब के अलावा अन्य कारणों से भी लोग मरते हैं। लेकिन शराब से मौत चुनाव का मुद्दा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव का मुद्दा शराबबंदी खत्म करना नहीं हो सकता है। कुढ़नी का चुनाव बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है, जिसमें महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है। वायरल वीडियो पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत से चुनाव जीत रहे है, जिससे भाजपा में बौखलाहट है। राजनीति में यह आम बात है, इसको तवज्जो देने की जरूरत नहीं है।

## न्यूज गैलरी

### एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप ट्रॉफी 11 को पहुंचेगी रांची



**रांची।** हॉकी इंडिया ने 13 जनवरी 2023 से भुवनेश्वर और राउरकेला में आयोजित एफआईएच उड़ीसा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के ट्रॉफी को आम जनता के दर्शन के लिए पूरे देश में घुमाने की शुरूआत की। सोमवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ओडिशा के खेल मंत्री, ओडिशा सरकार के खेल सचिव विनिल, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक आरके श्रीवास्तव की उपस्थिति में हॉकी विश्व कप ट्रॉफी को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री दिलीप तिर्की के हाथों में सौपते हुए पूरे देश के सभी राज्यों में घुमाने की जिम्मेवारी दी। यह ट्रॉफी उड़ीसा से चलकर विभिन्न राज्यों से होते हुए 10 दिसम्बर को जमशेदपुर, टाटा एवं 11 दिसम्बर को रांची पहुंचेगी। जहां हॉकी झारखंड के द्वारा 11 दिसम्बर को खेल प्रेमियों के दर्शन के लिए ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जायेगा। भुवनेश्वर में विभिन्न राज्यों के लिए ट्रॉफी को घुमाने की शुरुआत करने के समय भारी संख्या में हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### मेस्सी के बेटे ने भरे स्टेडियम में च्विंगम चबाकर फेंकी

**दोहा (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया और क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया। इस मैच के दौरान स्टेडियम में मेस्सी की पत्नी एंटोनेला रोकुजो और बेटा मैटेओ भी मौजूद थे। मैच के दौरान मेस्सी के बेटे की एक शर्मनाक हरकत कैमरे में कैद हो गई। मैटेओ को भरे हुए स्टेडियम में च्विंगम खाकर फेंकते हुए देखा गया, जिसके बाद एंटोनेला ने उसकी क्लास भी लगा डाली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसके बाद मेस्सी की भी जमकर आलोचना हो रही है। मैटेओ ने च्विंगम अर्जेंटीनी सपोर्टर्स की ओर फेंकी।

### इंग्लैंड के खिलाड़ी को वर्ल्ड कप छोड़कर लौटना पड़ा देश



**कतर (एजेंसी)।** इंग्लैंड की टीम ने सेनेगल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ी रहीम स्टर्लिंग को वापस स्वदेश लौटना पड़ गया। यह इंग्लैंड की टीम के लिए बड़े झटके जैसा है। स्टार प्लेयर स्टर्लिंग को परिवार में हुई लूट के बाद घर लौटना पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार स्टर्लिंग के घर में हथियारबंद लुटेरों ने चोरी की है जिसके बाद उन्हें परिवार के पास वापस लौटना पड़ा है।
हथियारबंद चोरों ने किया हमला : मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जिस वक्त वे कतर में फीफा वर्ल्ड कप खेल रहे थे, उसी वक्त हथियार बंद चोरों ने उनके घर पर धावा बोल दिया और परिवार की मौजूदगी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने बताया कि हमारी पूरी टीम स्टर्लिंग के साथ है। ऐसे मुश्किल वक्त में उन्हें अपने परिवार के साथ होना जरूरी है, इसलिए वे वापस लौट चुके हैं। आने वाले कुछ दिनों में सबकुछ ठीक रहा तो वे फिर से टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

# अंडर-19 विश्व कप 2023 : भारतीय टीम का ऐलान

## सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा करेंगी कप्तानी, श्वेता सेहरावत को बनाया गया है टीम का उप कप्तान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 महिला टीम के खिलाफ आगामी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज और उसके बाद होने

■ सीनियर टीम के लिए भी खेलती हैं शेफाली वर्मा और ऋचा घोष

वाले आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए भारत की अंडर-19 महिला टीम का चयन किया है। द्विपक्षीय और इसके बाद जनवरी में होने वाले अंडर-19 महिला वनडे वर्ल्ड कप की कप्तानी भारत की महिला सीनियर टीम की ओपनर शेफाली वर्मा करेंगी। आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण हैं,



जिसमें 16 टीमें शामिल होंगी। यह टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी, 2023 तक खेला जायेगा। भारत को दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स राउंड में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमों को छह के दो समूहों में रखा जायेगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें फिर सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 27 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम में जेबी मार्क्स ओवल में खेला जायेगा। फाइनल मुकाबला 29 जनवरी को इसी मैदान पर होगा।

### द. अफ्रीका और अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए महिला भारतीय टीम : -

**शेफाली** वर्मा (कप्तान), श्वेता सेहरावत (उप कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी तृषा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेहदिया, हर्ले गाला, ऋषिता बासु (विकेटकीपर), सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पार्श्वी चोपड़ा, तीस्ता सधु, फलक नाज, शबनम।

# नौ नंबर तक बल्लेबाजी करनेवाले खिलाड़ियों के साथ उतरी इंडिया



**मीरपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे मैच में जिस प्लेइंग-क के साथ उतरी, उस पर इंग्लैंड की व्हाइट बॉल फिलॉसफी की छाप देखी जा सकती है। भारत ने मल्टीपल स्किलसेट वाले खिलाड़ियों को इस मैच में ज्यादा मौका देने की कोशिश की। इंग्लैंड ने इसी फॉर्मूले को अपनाते हुए पिछले कुछ सालों में वनडे और टी-20 क्रिकेट में जमकर कामयाबी हासिल की है और दोनों फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बन गयी है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को वैसे तो मेडिकल रीजन बताते हुए वनडे सीरीज से अचानक बाहर कर दिया गया, लेकिन जब आप भारत की ताजा प्लेइंग-11 और इसके पीछे की संभावित सोच को जानेंगे तो पंत से जुड़े सवाल का जवाब भी मिलने लगेगा। भारत की ओर से इस मैच में उतरी टीम की बैटिंग लाइनअप काफी डीप थी। रोहित शर्मा और शिखर धवन ने ओपनिंग की तो विराट कोहली नंबर-3 पर आए। इसके बाद श्रेयस अय्यर, केएल राहुल आए। नंबर-6 से लेकर नंबर-9 पर वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शार्दूल ठाकुर और दीपक चाहर उतरे। इन चारों की प्राथमिक भूमिका वैसे तो गेंदबाजी है, लेकिन ये बल्लेबाजी भी अच्छी कर लेते हैं। टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट पर अगर नजर डालें तो सुंदर, शाहबाज, शार्दूल और दीपक के साथ कुलदीप सेन और मोहम्मद सिराज मौजूद थे। यानी भारत ने ऐसी प्लेइंग-11 चुनी, जिसमें बल्लेबाजी के लिए 9 और गेंदबाजी के लिए 6 ऑप्शन मौजूद थे।

### इसी फॉर्मूले के साथ खेलता है इंग्लैंड

**वनडे** और टी-20 में इंग्लैंड की टीम भी इसी फॉर्मूले के साथ उतरती है। इंग्लिश टीम की प्लेइंग-11 में अक्सर 9 से 10 खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो बल्लेबाजी कर सकते हों। साथ ही 6 से 7 खिलाड़ी गेंदबाजी करने में सक्षम होते हैं। इसको बेहतर तरीके से समझने के लिए हाल ही में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में उतरी इंग्लैंड टीम में जोस बटलर और एलेक्स हेल्स ने ओपनिंग की। फिल साल्ट, बेन स्टोक्स और हैरी ब्रूक नंबर-3 से नंबर-5 तक आए। इसके बाद मोइन अली और लियाम लिविंगस्टन आए। इंग्लिश प्लेइंग-11 के आखिरी चार खिलाड़ियों सैम करन, क्रिस वोक्स, क्रिस जॉर्डन और आदिल राशिद में करन और वोक्स अच्छी बल्लेबाजी कर लेते हैं। इस प्लेइंग-11 में सात खिलाड़ी ऐसे थे जो गेंदबाजी कर सकते थे।

# पाकिस्तान से पहला टेस्ट जीता इंग्लैंड

## कुंबले से आगे निकले एंडरसन, इंटरनेशनल क्रिकेट में 959 विकेट चटकाये

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 74 रनों से जीत लिया है। साथ ही 17 साल बाद पाकिस्तान दौरे पर गयी इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त भी हासिल कर ली है। इस जीत में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने अहम भूमिक निभाई। जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन ने 4-4 विकेट लिए। जेम्स एंडरसन सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ईंग्लिश गेंदबाज भी बने। उनके नाम 959 इंटरनेशनल विकेट हो गए हैं। 40 साल के इस गेंदबाज ने भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा। कुंबले ने अपने करियर में 956 विकेट चटकाए हैं। अब दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (1347) और शेन वार्न (1001) ही एंडरसन से आगे हैं।



**मैच में कभी इंग्लैंड तो कभी पाक हावी :** इस मुकाबले को भले ही अंग्रेजों ने जीता हो, लेकिन पाकिस्तान ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। सोमवार को 5वें दिन की शुरूआत में अंग्रेज ड्राइविंग सीट पर थे। दोपहर होते-होते मेजबानों ने बाजी मारी। हालांकि, शाम ढलते-ढलते इंग्लिश गेंदबाजों ने पलटवार किया। पाकिस्तान ने 80/2 के स्कोर से दिन की शुरूआत की। उसे जीत के लिए 263 रन और बनाने थे और 8 विकेट सुरक्षित थे। दोपहर में लंच ब्रेक के दौरान तक पाकिस्तान अच्छी स्थिति में आ गया था। उसने 3 विकेट खोकर 169 रन बना लिए थे। अब उसे 174 रन चाहिए थे। एक समय लग रहा था कि पाकिस्तान लक्ष्य हासिल कर लेगा, लेकिन टी-ब्रेक के बाद इंग्लिश गेंदबाजों ने बाजी पलट दी और पाकिस्तानी बल्लेबाज 96.3 ओवर में 268 रन बनाकर ऑलआउट हो गए।

### शकील ने सबसे ज्यादा रन बनाये

**आखिरी** पारी में पाकिस्तान की ओर से सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा इमाम अल हक ने 48, मोहम्मद रिजवान ने 46 और अजहर अली ने 40 रन का योगदान दिया। हालांकि, ये टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले इंग्लैंड ने दूसरी पारी 264 रन पर घोषित की थी। तब टीम ने 7 ही विकेट गंवाए थे। इस तरह पाकिस्तान को जीत के लिए 343 रन का टारगेट मिला था। इससे पहले पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 579 रन बनाए थे। जबकि अंग्रेजों ने 657 रनों का विशाल स्कोर बनाया था।

# वर्ल्ड कप से कतर के पर्यटन में इजाफा

**दुबई (एजेंसी)।** 20 नवंबर से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप आधा पड़ाव पार कर चुका है। अंतिम 16 टीमें चुन ली गई हैं। कतर को उम्मीद थी कि 18 दिसंबर को फाइनल तक 15 लाख विदेशी पर्यटक आएंगे। हालांकि उम्मीद से अधिक रिस्पॉन्स मिलने से कतर समेत आसपास के खाड़ी देशों की बांछें खिल उठी हैं। फर्स्ट राउंड के मैच तक ही 8 लाख से अधिक पर्यटक कतर पहुंच चुके हैं। 28.9 लाख टिकट बिक चुके हैं। ऐसे में रिकॉर्ड संख्या में फैंस पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। कतर भले ही वर्ल्ड कप की दौड़ से बाहर हो गया, लेकिन उसने दुनियाभर के फैंस का दिल जीत लिया है। दरअसल, पर्यटकों को लुभाने के लिए कतर ने ऐसी पहल की, जो पहले किसी देश ने नहीं की थी। कतर ने विदेशी पर्यटकों के लिए वीसा की जरूरत ही खत्म कर दी। वर्ल्ड कप से पहले कतर की शराब नीति और समलैंगिक राइट्स पर सवाल उठाए गए, लेकिन उसने साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति हो तो सब कुछ संभव है।

# विकेटकीपिंग के लिए मुझे तैयार रहने को कहा गया है : केएल राहुल

**मीरपुर (एजेंसी)।** कुछ साल पहले की बात है, केएल राहुल सोशल मीडिया के सबसे लाडले भारतीय प्लेयर थे। बैटिंग ऑर्डर के किसी भी पोजिशन में खिलाओ, वह परफॉर्म कर रहे थे। ओपनिंग, नंबर-4, नंबर-5 यहां तक की पारी भी फिनिश कर रहे थे। धोनी के संन्यास के बाद ऋषभ पंत के लगातार खराब प्रदर्शन के चलते विकेटकीपिंग का जिम्मा भी राहुल ने संभाला। इस बीच टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बूते ऋषभ पंत वाइट बॉल फॉर्मेट टीम में भी जगह बनाने में कामयाब रहे और राहुल को परमानेंट ओपनर बना दिया गया। अब बांग्लादेश के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद राहुल ने बड़ा बयान दिया है। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ चार दिसम्बर को खेले गए पहले वनडे से ठीक पहले ऋषभ पंत रहस्यमयी तरीके से बाहर हो गए। उनकी जगह केएल राहुल ने विकेटकीपिंग का जिम्मा संभाला। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए 73 रन की पारी खेली। ऋषभ पंत को मेडिकल टीम की सलाह पर एकदिवसीय श्रृंखला से आराम देने के बाद लोकेश राहुल से विकेटकीपिंग करने का फैसला किया गया। भारतीय उप-कप्तान लोकेश राहुल ने खुलासा किया कि भारतीय टीम प्रबंधन ने एकदिवसीय प्रारूप में उन्हें विकेटकीपिंग और मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है।



### पहले भी ये रोल निभा चुके हैं केएल

**लोकेश** राहुल ने 2021 में कुछ मैचों में विकेट के पीछे की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने हालांकि मेहदी हसन मिराज का कैच टपका दिया, जिससे भारतीय टीम को एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा। लोकेश राहुल से जब पंत की गैरमौजूदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने थोड़ी निराशा वाले भाव में कहा कि हमने पिछले आठ-नौ महीनों में ज्यादा एकदिवसीय मैच नहीं खेले हैं, लेकिन अगर आप 2020-21 को देखें, तो मैंने विकेटकीपिंग की है और मैंने चौथे तथा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की है। टीम ने मुझे यह भूमिका निभाने के लिए कहा है। मैं सफेद गेंद के क्रिकेट में इस भूमिका के लिए तैयार हूं।

## फीफा वर्ल्ड कप : फ्रांस के लिए कीलियन एम्बाप्पे ने दागे दो गोल

# पोलैंड को एकतरफा मुकाबले में हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा फ्रांस

**दोहा (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फ्रांस ने पोलैंड को 3-1 से हराया। इसी के साथ फ्रांस क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई हो गया। पोलैंड का वर्ल्ड कप में सफर यहीं पर खत्म हुआ। फ्रांस की ओर से ओलिवियर जिरूड ने 44वें मिनट में गोल किया। वहीं, कीलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दागे। उन्होंने 74वें और 90+1वें मिनट में गोल स्कोर किया। पोलैंड के रॉबर्ट लेवानडॉस्की ने 90+7 वें मिनट में पेनाल्टी के जरिए पोलैंड का एकमात्र गोल किया। फ्रांस के ओलिवियर जिरूड ने वर्ल्ड कप में फ्रांस के लिए चमत्कार किया। उन्होंने 44वें मिनट में गोल दागा। एम्बाप्पे ने आगे आते हुए जीरूड को पास दिया। इसके बाद जिरूड ने फिनिश देते हुए बॉल को नेट के अंदर पहुंचा दिया। इसी गोल के साथ जिरूड फ्रांस नेशनल टीम के टॉप स्कोरर बन गए। उन्होंने फ्रांस के थिएरी हेनरी को पीछे किया। दूसरे हाफ के 74वें मिनट में फ्रांस ने अपना दूसरा गोल दागा। यह गोल टीम के स्टार प्लेयर कीलियन एम्बाप्पे ने किया।

एम्बाप्पे बॉल को लेकर आए और उसे गोलपोस्ट के लेफ्ट कॉर्नर में दाग दिया। 90 मिनट के गेम के बाद इंजरी टाइम में एम्बाप्पे ने एक और गोल स्कोर किया। फ्रांस के थूराम के पास पर एम्बाप्पे बॉल को आगे लेकर गए और बॉल को टॉप राइट कॉर्नर में तक पहुंचाया। इसी के साथ वर्ल्ड कप में उनके कुल 9 गोल हो गए हैं।



### रॉबर्ट लेवानडॉस्की का गोल व्यर्थ

**पोलैंड** के रोबर्ट लेवाडोवस्की का गोल टीम के काम नहीं आया। इंजरी टाइम के 7वें मिनट यानी 90+7 वें मिनट में उन्होंने गोल किया। यह गोल पेनाल्टी के जरिए हुआ। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उनके गोल के तुरंत बाद फुल टाइम हो गया और मैच खत्म हुआ। पहले हाफ में फ्रांस ने जरूर पोलैंड को डोमिनेट किया। लेकिन मुकाबला बराबरी का था। फ्रांस ने गोल की तरफ 9 शॉट मारे और पोलैंड ने 8 शॉट। लेकिन, फ्रांस ने एक शॉट को गोल में तब्दील किया जो पोलैंड नहीं कर पाया। दूसरी ओर फ्रांस ने 57 फीसदी समय बॉल अपने पास रखी और पोलैंड ने 43 फीसदी समय बॉल रखी।

# 10वीं बार फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड

**दोहा (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप के टॉप-8 में पहुंची है। इंग्लैंड का मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस से होगा। उसने ओवरऑल 10वीं बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले इंग्लैंड 1954, 1962, 1966, 1970, 1986, 1990, 2002, 2006, 2018, 2022 के सीजन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था।

हालांकि, उसे 1966 में ही ट्रॉफी उठाने का मौका मिला। शेष मौकों पर टीम नॉकआउट राउंड में हार गई। अल बैत स्टेडियम में हेरी केन की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम ने रविवार-सोमवार की रात को सेनेगल को 3-0 से हरा दिया। सेनेगल ने 20 साल बाद वर्ल्ड कप के किसी मुकाबले में 3 गोल खाए हैं। इससे पहले 2002 में उरुग्वे के खिलाफ 2002 में ऐसा हुआ था। वह 3-3 की बराबरी पर छूटा था। 1966 की चैंपियन इंग्लैंड ने इस मुकाबले में अपनी पकड़ शुरू से ही बना ली। उसने गोल करने के 4 प्रयास किए। इनमें से 3 में उसे सफलता मिली। वहीं, सेनेगल ने सिर्फ एक मौका मिला। लेकिन, वह गोल नहीं कर सका। इंग्लैंड के लिए पहला गोल 38वें मिनट में जॉर्डन ने जूड के असिस्ट पर किया।



**अब तक चार टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं :** अभी तक चार टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। नॉकराउंड के पहले दिन नीदरलैंड ने अमेरिका को 3-1 से हराया। दूसरे मुकाबले में अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराते हुए टॉप-8 में जगह बनाई। वहीं, रविवार को पहले फ्रांस ने पोलैंड को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और दूसरे मैच में इंग्लैंड ने सेनेगल को हराया।

### क्वार्टर फाइनल में फ्रांस से होगा इंग्लैंड का मुकाबला

इंग्लैंड का मुकाबला मजबूत फ्रांस की टीम के साथ होने वाला है। वह मैच जीतने के बाद ही टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। इंग्लैंड की टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेनेगल की टीम को 3-0 से मात दी है। इस जीत में कप्तान हैरी केन, जॉर्डन हेंडरसन और बुकायो साका का कमाल दिखा जिन्होंने टीम के लिए 1-1 गोल दागे। इंग्लैंड की टीम 10वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। इधर, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंग्लैंड के खिलाड़ी रहीम स्टर्लिंग के घर से करीब 3 लाख पाउंड से अधिक कीमत की घड़ियां चोरी हुई हैं। हालांकि, पुलिस की तरफ से अभी तक डिटेल्स नहीं दी गई हैं लेकिन उनका परिवार सुरक्षित बताया गया है। फीफा वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।



## न्यूज गैलरी

### खाद्य तेलों में टिकाव, दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में आई भारी गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही अनाज और मीठे के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे वहीं दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 159 रिंगिट उतरकर सप्ताहांत पर 3901 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 7.57 सेंट की बड़ी गिरावट लेकर 64.62 सेंट प्रति पाउंड पर आ गया। बीते सप्ताह सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले स्तर पर टिके रहे।सप्ताहांत पर सरसों तेल 17582 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20146 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18681 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 11355 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13773 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.54 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 547.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 487.3 अरब डॉलर हो गयी। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 39.9 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर कम होकर 5.03 अरब डॉलर पर आ गई।

### एयर इंडिया ने 12 और विमान पट्टे पर लिए, 2023 की पहली छमाही में शामिल होने की उम्मीद



मुंबई। टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने 12 विमान पट्टे (लीज) पर लिए हैं। इनमें ए 320 नियो और बोइंग 777 दोनों विमान शामिल हैं। इन विमानों को एयरलाइन के बेड़े में 2023 की पहली छमाही में शामिल किए जाने की उम्मीद है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, नए विमानों को एयरलाइन के छोटे, मध्यम और लंबे मार्गों के लिए तैनात किया जाएगा। एयर इंडिया ने कहा कि इस साल जनवरी में अपने निजीकरण के बाद उसने 42 विमान पट्टे पर लिए हैं। बयान में कहा गया है कि पट्टे पर लिए गए 12 नए विमानों में से छह बोइंग 777-300ईआर है जबकि शेष छह एयरबस ए320 नियो हैं। एयरलाइन ने इस साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह 15 महीने में अपने बेड़े में पट्टे पर लिए गए 30 विमान जोड़ेगी। इनमें - 21 ए320, चार ए321 और पांच बी777-200एलआर विमान शामिल हैं। एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने कहा, हमारे नेटवर्क का विस्तार एयर इंडिया के विहान.एआई परिवर्तन यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है। हम घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क और उड़ानों के फेरे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### वित्त मंत्री ने डीआरआई के 65वें स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ

# डेटा की सुरक्षा करना सीमाओं की हिफाजत करने जैसा महत्वपूर्ण : सीतारमण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 65वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि डेटा की सुरक्षा करना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि सीमाओं की सुरक्षा करना। वित्त मंत्री ने सोमवार को राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राजस्व खुफिया निदेशालय के दो दिवसीय 65वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। सीतारमण ने विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए भारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22 का अनावरण भी किया, जो संगठित तस्करी के रुझान, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और अंतरराष्ट्रीय प्रवर्तन संचालन और सहयोग का विश्लेषण करती है। सीतारमण ने राजस्व खुफिया अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डेटा की




सुरक्षा करना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि सीमाओं की सुरक्षा करना। वित्त मंत्री ने वर्ष 2022 के लिए डीआरआई वीरता का पुरस्कार सुश्री मिशाल क्वीनी डी कोस्टा, उप निदेशक, डीआरआई और बिपुल बिस्वास, एसआईओ, डीआरआई को दो अलग-अलग नशीले पदार्थों के मामलों में संदिग्धों को पकड़ने में उनकी बहादुरी के अनुकरणीय कार्य के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सीतारमण के साथ वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष विवेक जौहरी भी मौजूद रहे। इस दो दिवसीय

> वित्त मंत्री ने वर्ष 2022 के लिए डीआरआई वीरता का पुरस्कार सुश्री मिशाल क्वीनी डी कोस्टा, उप निदेशक, डीआरआई और बिपुल बिस्वास, एसआईओ संदिग्धों को पकड़ने में उनकी बहादुरी के अनुकरणीय कार्य के लिए प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम में इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र के 22 सीमा शुल्क प्रशासकों को भी आमंत्रित किया गया है। डीआरआई के स्थापना दिवस कार्यक्रम के इस में आठवें क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रवर्तन की बैठक भी होगी। डीआरआई, तस्करी विरोधी मामलों पर देश की सर्वोच्च खुफिया और प्रवर्तन एजेंसी है, जो 4 दिसंबर, 1957 को अस्तित्व में आई। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और देश में निदेशालय की 12 क्षेत्रीय इकाइयां, 35 क्षेत्रीय इकाइयां और 15 उप-क्षेत्रीय इकाइयां हैं।

## कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ बुक प्राइज अपने पांचवें संस्करण के विजेता की घोषणा की

**बेंगलूरु (एजेंसी)।** द न्यू इंडिया फाउंडेशन कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ बुक प्राइज 2022 के विजेता की घोषणा करते हैं। अपने पांचवें संस्करण में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इतिहासकार, कार्यकर्ता और लेखक शेखर पाठक द्वारा लिखित पुस्तक द चिपको मूवमेंटः ए पीपल्स मूवमेंट को दिया गया है, जिसका हिंदी से अनुवाद मनीषा चौधरी द्वारा किया गया है। (पमानेंट ब्लैक व अशोक यूनिवर्सिटी)। 1.विजेता का चयन आधुनिक भारतीय इतिहास के व्यापक क्षेत्र और विविध विषयों व दृष्टिकोणों से संबंधित गहन शोध पर आधारित और आकर्षक ढंग से लिखित पांच पुस्तकों की एक विविध लघुसूची से किया गया। इनमें श्वेता एस. बालाकृष्णन द्वारा लिखित एक्सिडेंटल फेमिनिज्मः जैंडर पैरिटी एंड सेलेक्टिव मोबिलिटी एमंग इंडियाज प्रोफेशनल ईलीट (प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस); शेखर पाठक द्वारा लिखित द चिपको मूवमेंटः ए पीपुल्स हिस्ट्री रुक्मिणी एस. द्वारा लिखित होल नंबर्स एंड हाफ ट्रुथ्सः व्हाट डेटा कैन एंड कैननॉट टैल अस अबाउट मॉडर्न इंडिया सुचित्रा विजयन द्वारा लिखित मिडनाइट्स बॉर्डर्सः ए पीपुल्स हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया गजाला वहाब द्वारा लिखित बॉर्न ए मुस्लिमः सम ट्रुथ्स अबाउट इस्लाम इन इंडिया (एलेफ) शामिल हैं। कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ बुक प्राइज सभी राष्ट्रीयताओं के लेखकों द्वारा आधुनिक/समकालीन भारत पर कथेतर लेखन में उत्कृष्टता को मान्यता देता है और उसका जश्न मनाता है। विजेता को 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। विजेता का चयन छह-सदस्यीय जूरी पैनल द्वारा किया गया।

# लाल निशान पर खुला शेयर बाजार सेंसेक्स 319 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार के दोनों सूचकांक गिरावट के साथ खुले। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 62865 के स्तर पर खुला जबकि नेशनल स्टॉक एक्सेंज (एनएसई) के निफ्टी ने 18719 के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। फिलहाल शुरूआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 318.90 अंक यानी 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ 62,549.60 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी




71.60 अंक यानी 0.38 फीसदी लुढ़क कर 18,624.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, पावर ग्रिड, टाइटन, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में गिरावट है। हालांकि टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, विप्रो और बजाज फाइनेंस में तेजी का रुख है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते के अंतिम कारोबारी विगत शुक्रवार को सेंसेक्स 415.69 अंक यानी 0.66 फीसदी गिरकर 62,868.50 के स्तर पर और निफ्टी 116.40 अंक यानी 0.62 फीसदी की गिरावट के साथ 18,696.10 के स्तर पर बंद हुआ था।

### एलएंडटी को बुलेट ट्रेन परियोजना में मिला एक और ऑर्डर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को मुंबई एवं अहमदाबाद के बीच प्रस्तावित बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉरपोरेशन (एनएचएसआरसीएल) से एक और ऑर्डर मिला है। एलएंडटी ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि उसे अहमदाबाद के साबरमती में 82 हेक्टेयर क्षेत्र में एक डिपो तैयार करने का ठेका मिला है। हालांकि, कंपनी ने इस ठेके के मूल्य का खुलासा नहीं किया है लेकिन इसका आकार 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। कंपनी ने कहा कि एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के भवन एवं कारखाना कारोबार को एनएचएसआरसीएल से गुजरात में साबरमती डिपो के निर्माण का ठेका मिला है। वह इस काम को सोजिज कॉरपोरेशन के साथ गठजोड़ में पूरा करेगी। एलएंडटी पहले से ही बुलेट ट्रेन परियोजना के कई कार्यों से जुड़ी हुई है।

# आरबीआई की तीन दिवसीय एमपीसी बैठक शुरू, नतीजे का ऐलान 7 दिसंबर को

> ◆आरबीआई ने पिछली बैठक (30 सितंबर) में खुदरा महंगाई दर को नियंत्रित करने के लिए रेपो दर में 0.50 फीसदी का इजाफा किया था।



**नई दिल्ली/मंबई (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक की सोमवार को शुरू हो गई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित एमपीसी की बैठक के नतीजे का ऐलान 7 दिसंबर को होगा। जानकारों का मानना है कि आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक में रेपो रेट में बढ़ोतरी का ऐलान हो सकता है। खुदरा महंगाई दर में नरमी के संकेत और ग्रोथ बढ़ाने की जरूरत के बीच आरबीआई की तीन दिवसीय एमपीसी की समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.35 फीसदी तक इजाफा कर सकता है। फिलहाल रेपो रेट 5.90 फीसदी है। बैंकिंग क्षेत्र के एक्सपर्ट्स ने कहा कि रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में लगातार तीन बार 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी के अब रेपो रेट में 0.25 से 0.35 फीसदी का इजाफा कर सकता है। आरबीआई ने पिछली बैठक (30 सितंबर) में खुदरा महंगाई दर को नियंत्रित करने के लिए रेपो दर में 0.50 फीसदी का इजाफा किया था। इस तरह रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 में रेपो रेट में अब तक 1.90 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

# 10 हजार नहीं 20,000 लोगों की छंटनी करेगा अमेजन, बड़े अधिकारियों की भी जायेगी नौकरी




> ◆एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन सीईओ एंडी जेसी ने हाल ही में इस बात की पुष्टि की थी कि कंपनी आने वाले महीनों में कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है।

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिजनेस डेस्कः ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि कंपनी करीब 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाएंगे लेकिन अब आ रही खबरों के मुताबिक निकाले जाने वाले कर्मचारियों की संख्या 20 हजार तक हो सकती है। कंपनी अपने कई विभागों में कर्मचारियों की संख्या कम करेगी और बड़े अधिकारियों को भी अमेजन बाहर का रास्ता दिखाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन सीईओ एंडी जेसी ने हाल ही में इस बात की पुष्टि की थी कि कंपनी आने वाले महीनों में कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया था कि कंपनी कितने कर्मचारियों को निकालेगी। नवंबर में खबर थी कि कंपनी 10,000 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है। गौरतलब है कि फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा ने पिछले दिनों कर्मचारियों की छंटनी की थी। इसके अलावा और भी कई कंपनियां कर्मचारियों को निकाल चुकी हैं। एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी 10 हजार नहीं बल्कि 20 हजार कर्मचारियों की छंटनी करेगी। अमेजन सभी स्तरों पर लोगों को निकालने की योजना बना रही है, जिसमें सबसे वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग भी शामिल हैं। कंपनी मैनेजरों को कर्मचारियों के काम का आंकलन करने के लिए कहा गया है ताकि अमेजन लगभग 20 हजार लोगों की छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर सके। कंपनी अपने कॉर्पोरेट स्टाफ में 6 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करेगी। अमेजन में करीब 15 लाख कर्मचारी काम करते हैं। डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर, टेक्नोलॉजी स्टाफ और कॉरपोरेट एग्जीक्यूटिव डिपार्टमेंट से कर्मचारी निकालेगी।

### वितरण कंपनियों का तकनीकी-वाणिज्यिक नुकसान 2021-22 में घटकर 17 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** सरकार के वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की स्थिति में सुधार के लिये उठाये गये कदमों का असर दिखने लगा है। डिस्कॉम का कुल तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान 2021-22 में घटकर 17 प्रतिशत पर आ गया जो इससे बीते वित्त वर्ष में 22 प्रतिशत था। बिजली मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। कुल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटी एंड सी) नुकसान में कमी से वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार होता है। इससे वे वितरण प्रणाली का रखरखाव बेहतर तरीके से कर सकती हैं और जरूरत के अनुसार तथा उपभोक्ताओं के लाभ में बिजली खरीद कर सकती हैं। बयान के अनुसार, एटीएंडसी नुकसान में कमी से आपूर्ति की औसत लागत (एसीएस) और हासिल होने लायक औसत राजस्व (एआरआर) के बीच अंतर कम हुआ है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उछाल जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंड क्रूड एक फीसदी से ज्यादा की उछाल के साथ 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति



बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर बनी हुई है। इसी तरह, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 86.34 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 80.71 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, घरेलू बाजार में पिछले 243 दिनों से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता बनी हुई है।

### पीयूष गोयल बाजरा-स्मार्ट पोषक भोजन कॉन्क्लेव में होंगे मुख्य अतिथि

# बाजरा कॉन्क्लेव पोषक-अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने में करेगा मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित बाजरा-स्मार्ट पोषक भोजन 'कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान कहा कि इस कॉन्क्लेव का आयोजन अपने शीर्ष कृषि निर्यात संवर्धन निकाय, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से कर रहा है, जिसका उद्देश्य बाजरा के निर्यात को बढ़ावा देना है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 (आईवाईओएमम-2023) के पूर्व-लांच कार्यक्रम में होने



वाला यह पहला कॉन्क्लेव है। मंत्रालय के मुताबिक बाजरा-स्मार्ट पोषक भोजन 'कॉन्क्लेव में किसान उत्पादक संगठनों, स्टार्टअप्स, निर्यातकों, बाजरा आधारित मूल्य वर्द्धित उत्पादों के उत्पादक जैसी आपूर्ति श्रंखला के हितधारक इस कार्यक्रम में प्रमुख सहभागी हैं, जबकि वाणिज्य एवं उद्योग राज्य

> ◆अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 के पूर्व-लॉन्च कार्यक्रम का पहला कॉन्क्लेव

मंत्री अनुप्रिया पटेल कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि होंगी। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों में वाणिज्य सचिव सुनील अर्थवाल, कृषि सचिव मनोज आहुजा, एपीडा के अध्यक्ष डॉ. एम अंगमुथु तथा वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. एम बालाजी शामिल हैं। इस कॉन्क्लेव में भारतीय बाजरा तथा बाजरा आधारित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी तथा बी2बी बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा।

### आईईएक्स में बिजली कारोबार नवंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 739.2 करोड़ यूनिट पर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) में कुल बिजली कारोबार इस साल नवंबर माह में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 739.2 करोड़ यूनिट रहा। आईईएक्स की रिपोर्ट से सोमवार को यह जानकारी मिली। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने ऊर्जा की कुल खपत सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 113 अरब यूनिट रहा। आईईएक्स ने रिपोर्ट में कहा, नवंबर में बिजली कारोबार की कुल मात्रा सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 739.2 करोड़ यूनिट रही। हालांकि, इस दौरान हरित ऊर्जा व्यापार और आरईसी के कारोबार को जोड़ने के बाद कुल बिजली कारोबार सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 776.4 करोड़ यूनिट रहा। कोयला भंडार में सुधार और सर्दियों के आगमन के साथ एक्सचेंज में कीमतों में और करेक्शन होने की संभावना है। नेशनल लोड डिस्पैच सेंटर (एनएलडीसी) के अनुसार, नवंबर के दौरान ऊर्जा की खपत 113 अरब यूनिट रही, जो 2021 के इसी महीने से 13 प्रतिशत अधिक है।

# मेटा दूरसंचार अवसंरचना में एयरटेल के साथ संयुक्त रूप से निवेश करेगी

> ◆इस समझौते के तहत एयरटेल, मेटा और एसटीसी (सऊदी टेलीकॉम कंपनी) के साथ साझेदारी करेगी। इसके तहत दुनिया की सबसे लंबी समुद्र के अंदर की केबल प्रणाली-2अफ्रीका पर्ल्स का भारत तक विस्तार किया जाएगा।




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स और भारती एयरटेल ने सोमवार को दूरसंचार अवसंरचना में संयुक्त रूप से निवेश करने की घोषणा की। इस गठजोड़ का मकसद देश में उच्च गति वाली डेटा और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करना है। इससे पहले दूरसंचार परिचालकों ने नेटवर्क बनाने के लिए सेवाप्रदाताओं से राजस्व साझा करने की मांग की थी। इस बीच, यह ताजा घोषणा हुई। बयान में कहा गया है, एयरटेल और मेटा संयुक्त रूप से भारत में ग्राहकों और उद्यमों की उभरती जरूरतों को समर्थन देने के लिए वैश्विक संपर्क अवसंरचना और सीपीएएएस (एक सेवा के रूप में संचार मंच) आधारित नए युग के डिजिटल समाधानों में निवेश करेंगी। इस समझौते के तहत एयरटेल, मेटा और एसटीसी (सऊदी टेलीकॉम कंपनी) के साथ साझेदारी करेगी। इसके तहत दुनिया की सबसे लंबी समुद्र के अंदर की केबल प्रणाली-2अफ्रीका पर्ल्स का भारत तक विस्तार किया जाएगा। मेटा ने सितंबर, 2021 में 2 अफ्रीका पर्ल्स का विस्तार भारत तक करने की घोषणा की थी। समझौते के तहत एयरटेल और मेटा मुंबई में एयरटेल के लैंडिंग स्टेशन तक केबल का विस्तार करेंगी और अपने समुद्री नेटवर्क पोर्टफोलियो को और मजबूत करने के लिए क्षमता हासिल करेंगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### गुजरात चुनाव : पीएम मोदी ने अहमदाबाद में लाइन में लग डाला वोट



**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 93 सीटों पर सोमवार को वोटिंग हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में रानिप में पहुंचकर वोट डाला। पीएम मोदी भी आम लोगों के साथ कतार में लगे और अपनी बारी आने पर वोट डाला। वोट डालने के बाद पीएम मोदी पैदल ही कुछ दूरी तक चले, जहां पर लोग उनको देखने और मिलने के लिए खड़े थे। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने उंगली पर लगी वोटिंग इंक दिखाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कई लोगों ने अपने घरों की छतों पर खड़े होकर पीएम मोदी का स्वागत किया और भाजपा का झंडा लहराया। इसके बाद वह मतदान केंद्र के पास स्थित अपने बड़े भाई सोमा मोदी के घर के लिए रवाना हुए। इससे पहले सुबह प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर लोगों से मतदान करने की अपील की।

### ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को कुचला, छह की मौत

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े कुछ लोगों को कुचल दिया, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए, जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रतलाम जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर जावरा-लेबड़ फोरलेन पर सातरुंडा चौराहे पर हुआ। रतलाम के जिलाधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि इस हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि इनके अलावा हादसे में कम से कम 10 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें रतलाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में से आठ की हालत गंभीर है। घटनास्थल पर पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक हादसे के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। उन्होंने बताया कि कुछ क्षत-विक्षत शव सड़क पर बिखरे पड़े थे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## दिल्ली और केंद्र सरकार में शक्ति विवाद

# मामले को बड़ी पीठ को भेजने के लिए केंद्र ने दायर की याचिका

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित संवैधानिक मुद्दे से जुड़े मामले को एक बड़ी पीठ को संदर्भित करने के लिए एक नई याचिका दायर की है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ के समक्ष दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी द्वारा केंद्र की याचिका का विरोध करते हुए कहा गया, इससे केवल देरी होगी और इस तरह की रणनीति की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुरूआत में कहा, ऐसे कोई तथ्य नहीं हैं जिनका खंडन किया जा सके। लेकिन, मैंने एक आईए (अंतरिम आवेदन) दायर किया है जिसमें कहा गया है कि इस मामले (दिल्ली-केंद्र का मामला) को बड़ी पीठ को संदर्भित किया जा सकता है। सिंघवी ने प्रतिवेदन का विरोध करते हुए कहा कि यह शीर्ष अदालत के आदेश की समीक्षा की मांग करने जैसा है, जिसमें कहा गया था कि इस मामले को एक बड़ी पीठ के संदर्भ की आवश्यकता नहीं है और पक्षों के बीच एकमात्र मुद्दा दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित विवाद था। सीजेआई ने कहा, आईए पर क्या कार्रवाई की जानी है, इसका फैसला तब किया जा सकता है, जब संविधान पीठ इस पर सुनवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इसे सुनवाई के समय उठाया जा सकता है।



### छह दिसम्बर को प्रस्तावित सुनवाई हो सकती है स्थगित

**सीजेआई** ने वकीलों को यह भी सूचित किया कि पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के न्यायाधीशों में से एक, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी अस्वस्थ थे, उन्होंने संकेत दिया कि छह दिसंबर को प्रस्तावित सुनवाई स्थगित हो सकती है। न्यायालय ने 11 नवंबर को कहा कि वह दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच राजनीतिक टकराव के वास्तविक क्षेत्र से हटेगा और केवल राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े संवैधानिक मुद्दे पर विचार करेगा।

# पीएम मोदी ने दुनिया के नेताओं को दिया धन्यवाद



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित विश्व के नेताओं को भारत की जी-20 अध्यक्षता का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। बाइडेन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा - धन्यवाद आपका बहुमूल्य समर्थन भारत के शक्ति का स्रोत होगा। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी एक बेहतर ग्रह बनाने के लिए मिलकर काम करें।

मैक्रॉन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए, मोदी ने लिखा - धन्यवाद, मेरे प्रिय मित्र, मैं भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान आपसे बारीकी से परामर्श करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम मानवता को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर दुनिया का ध्यान केंद्रित करने के लिए काम करते हैं। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के एक बधाई ट्वीट के जवाब में मोदी ने कहा, आपकी एकजुटता महत्वपूर्ण है। जापान ने वैश्विक कल्याण में बहुत योगदान दिया है और मुझे विश्वास है कि दुनिया विभिन्न मोर्चों पर जापान की सफलताओं से सीखती रहेगी। अपने स्पेनिश समकक्ष प्रेडो सांचेज के पोस्ट का जवाब देते हुए, प्रधान मंत्री मोदी ने उनका आभार जताया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के बधाई संदेश का जवाब देते हुए, मोदी ने ट्वीट किया- धन्यवाद मिस्टर। आपकी सक्रिय भागीदारी के लिए तत्पर हैं क्योंकि हम सामूहिक रूप से वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं। भारत ने 1 दिसंबर को इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। इसका कार्यकाल अगले साल 20 नवम्बर तक जारी रहेगा।

## जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटने के बाद से बौखलाए हैं आतंकी

# पत्रकारों के बाद 56 सरकारी कर्मचारी कश्मीरी पंडितों की हिट लिस्ट बनायी



### सरकारी कर्मचारियों को बना रहे निशाना

**सरकारी** कर्मचारियों को धमकी भरे पत्र नियमित रूप से आ रहे हैं। जिन कर्मचारियों को प्रधानमंत्री के पुनर्वास पैकेज के तहत नौकरी मिली है, वे हिंदू हिट लिस्ट में हैं। बार-बार ऐसी चेतावनी जारी करने के बाद आतंकवादियों ने हमला किया है। फिर भी सरकार नींद में है और हमारे अनुरोध पर विचार करने से इंकार कर रही है।

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटने के बाद से आतंकवादी संगठन बौखलाए हुए हैं। वहीं, सुरक्षाबलों द्वारा लगातार एनकाउंटर से भी आतंकियों के पैर उखड़न लगे हैं। नतीजा, अब वे लोगों को धमका रहे हैं। कुछ स्थानीय पत्रकारों को आतंकवादी संगठनों से ऑनलाइन धमकी मिलने के बाद अब कश्मीरी पंडितों को लेकर यह मामला सामने आया है। सरकारी सेवा में कार्यरत 56 कश्मीरी पंडितों की एक हिट लिस्ट आतंकवादियों द्वारा जारी किये जाने के बाद कश्मीर घाटी में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। यह सूची द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) द्वारा जारी की गयी थी, जो लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन है। कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों और गैर-कश्मीरी प्रवासी श्रमिकों की टार्गेट किलिंग के पीछे इसी का हाथ रहा है। विरोध कर रहे कश्मीरी पंडितों ने कहा कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने जम्मू ट्रांसफर करने की मांग की है।

### लिस्ट आतंकवादियों तक कैसे पहुंची?

**इस** बीच इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि घाटी में सरकारी सेवा में कार्यरत कश्मीरी पंडितों की लिस्ट आतंकवादी संगठनों तक कैसे पहुंची? रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादियों को लीक की गयी लिस्ट मूल रूप से स्कूल एजुकेशन डायरेक्ट्रेट द्वारा कर्मचारियों को जारी किया गया ट्रांसफर ऑर्डर था। गौरतलब है कि करीब छह हजार कश्मीरी पंडित कश्मीर में प्रशासन के लिए काम करते हैं। पहले से ही प्रवासी कश्मीरी पंडित ऑल माइग्रेंट्स एम्प्लॉइज एसोसिएशन, कश्मीर के बैनर तले जम्मू में विरोध प्रदर्शन करते आ रहे हैं। वे सुरक्षा कारणों से कश्मीर से जम्मू में अपने स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं।

### कश्मीर में तापमान में आयी गिरावट

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्र शासित प्रदेश में जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को तापमान -3.4 डिग्री सेल्सियस कम होने के कारण घाटी में कड़ाके ठंड जारी है। यहां तापमान में गिरावट आने से मौसम की सबसे ठंडी रात का अहसास किया गया और पहलगाम घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्र नौ दिसंबर से ताजा पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित होने के आसार हैं।

# फ्रीडम ऐट मिडनाइट व सिटी ऑफ जॉय के लेखक डोमिनिक लैपियर का पेरिस में निधन

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** भारत की आजादी पर विश्व प्रसिद्ध पुस्तक फ्रीडम ऐट मिडनाइट के मशहूर फ्रेंच लेखक डोमिनिक लैपियर का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 91 वर्षीय डोमिनिक लैपियर की पत्नी डोमिनिक कोचोन-लापिएर ने फ्रांसीसी अखबार को बताया लैपिएरे ने पेरिस में अंतिम सांस ली। डोमिनिक लैपियर भारत में भी उतने ही लोकप्रिय थे जितने फ्रांस और दुनिया के दूसरे देशों में। डोमिनिक का भारत से विशेष लगाव था और उस लगाव के चलते भारत की आजादी पर उन्होंने फ्रीडम ऐट मिडनाइट जैसी कालजयी कृति की रचना की। कोलकाता की रिक्शा चालक के जीवन पर आधारित उनके नॉवेल सिटी ऑफ जॉय भी बहुत चर्चित उपन्यास है। उनकी इसी लोकप्रियता को देखते हुए भारत सरकार ने 2008 में डोमिनिक लैपियर को 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया था। 30 जुलाई, 1931 को जन्मे डोमिनिक लैपियर की कई रचनाएं बेहद चर्चित रही हैं। अमेरिकी लेखक लैरी कॉलिन्स के साथ मिलकर लिखी छह पुस्तकों की लगभग 50 मिलियन प्रतियां बिकी हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध पुस्तक थी 'इज पेरिस बर्निंग'। हिंदुस्तान की स्वतंत्रता पर उनकी पुस्तक फ्रीडम ऑफ मिडनाइट भी विश्वभर में बहुत पढ़ी गयी।

# खुद को 'पैगंबर' बताता था हैवान, बेटी से की थी 'शादी'



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के एरिजोना प्रांत में खुद को पैगंबर बताने वाले शख्स के 20 महिलाओं से शादी का खुलासा हुआ है। इन पत्नियों में से एक की उम्र तो नौ साल है। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने खुलासा किया है कि इन 20 पत्नियों में एक उसकी बेटी भी शामिल है। इस आरोपी का नाम सैमुअल रप्पीली बेटेमैन है। सैमुअल बहुविवाह करने वाले मोरमोन्स समूह का नेता है। यह फंडामेंटलिस्ट चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लेटर डे सेंट के नाम से भी जाने जाते हैं। एफबीआई के मुताबिक साल 2019 में 50 लोगों के इस छोटे से ग्रुप का नियंत्रण अपने हाथ लेने के बाद सैमुअल ने खुद को पैगंबर बताना शुरू कर दिया और खुद अपनी किशोरी बेटी से शादी की इच्छा जताई। एजेंसी ने बताया कि सैमुअल ने कम से कम 20 महिलाओं से शादी की है जिसमें से कई तो नाबालिग हैं। ज्यादातर लड़कियों की उम्र 15 साल से कम है। इन लड़कियों को चाइल्ड सेक्स ट्रैफिकिंग के लिए बाध्य किया गया। एफबीआई के दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि सैमुअल ने अपने तीन पुरुष चेलों से अपने सामने बेटियों से सेक्स के लिए कहा। इस जघन्य घटना को सैमुअल देखते रहा। इन बेटियों में से एक की उम्र मात्र 12 साल है।

# चंडीगढ़ : कला महोत्सव में भारतीय संस्कृति के होंगे दर्शन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विद्या भवन चंडीगढ़ और इन्फोसिस फाउंडेशन बेंगलुरु ने बीड़ा उठाया है। दोनों एक साथ

■ स्थानीय कलाकार मचायेंगे धूम, नौ दिसम्बर से होगी महोत्सव की शुरुआत

मिलकर पहला कंटेम्परेरी आर्ट फेस्टिवल करवाने जा रहा है। ये फेस्टिवल 9 से 15 दिसम्बर तक भारतीय विद्या भवन सेक्टर-27 के ऑडिटोरियम में होगा। इस दौरान लोगों के लिए निशुल्क प्रवेश होगा। सात दिन के इस कला महोत्सव का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल व यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित करेंगे। इस मौके पर इन्फोसिस मोहाली के प्रमुख समीर गोयल, इन्फोसिस चंडीगढ़ के प्रमुख अभिषेक गोयल, भारतीय विद्या भवन बेंगलुरु के अध्यक्ष केजी राघवन भी उपस्थित होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय विद्या भवन चंडीगढ़ के अध्यक्ष आरके साबू करेंगे। इस कार्यक्रम की खास बात ये रहेगी कि इसका भारतीय विद्या भवन चंडीगढ़ और बेंगलुरू के यू ट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण भी होगा। देश-विदेश में बैठे लोग व भवन विद्यालय के पुराने छात्र इस कार्यक्रम को दुनिया में कहीं भी बैठकर देख सकेंगे। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों को संगीत, कला, नाटक व अध्यात्म से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

### कला महोत्सव में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम



- 9 दिसम्बर शाम पांच बजे आध्यात्मिक साधक गीत राव शिव अराधना की प्रस्तुति देंगी। इसके उपरांत प्राचीन कला केंद्र के कलाकार भारत अमृत मंथन की प्रस्तुति पेश करेंगे।
- 10 व 11 दिसम्बर शाम पांच बजे कर्मठता से पूर्णता की ओर आर्ट एग्जीबिशन लगेगी जिसमें 25 कलाकार अपनी कला दिखाएंगे। 10 दिसम्बर की शाम को ही इबादत ग्रुप की ओर से कव्वाली की प्रस्तुति रहेगी।
- 11 दिसम्बर शाम पांच बजे अमृतसर से गुरु रोहित अश्व बाली और राजविंदर कौर की ओर से संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।
- 12 दिसम्बर को सुखमणि कोहली की ओर से निर्देशित नाटक रोमियो जूलियट और सात मस्करे का मंचन होगा। इसी दिन रोपड़, पंजाब से आये गायक हरदीप कैंथ की प्रस्तुति होगी।

